सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 13.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-212 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 23 जनवरी 2025
22 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com







## मुख्यमंत्री योगी ने मंत्रियों संग संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ मंत्रियों के साथ संगम पहुंचे और डुबकी लगाई। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के साथ ही मंत्रियों ने भी स्नान किया। सीएम योगी ने स्नान के बाद आरती-पूजन किया। सीएम योगी को देखने के लिए संगम पर भारी भीड़ उमड़ी है और जय गंगा मइया का उद्घोष हो रहा है। सीएम और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य बहुत ही प्रसन्न हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस फोर्स तैनात है। सीएम योगी ने स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा कि तत्राभिषेकं यः कुर्यात् संगमे शंसितव्रतः। तुल्यं फलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः॥ एकता, समता और समरसता के महासमागम, भारतीयता और मानवता के महोत्सव, महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में आज अपने मंत्रिमंडल के मा. सदस्यों के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# महाराष्ट्र में बड़ा ट्रेन हादसा : 12 की मौत

- पुष्पक एक्सप्रेस से उतरे यात्रियों को कर्नाटक एक्सप्रेस ने रौंदा
- आग की अफवाह फैली, लोग कूदकर ट्रैक पर खड़े थे
- यात्रियों ने चेन खींचकर रुकवाई ट्रेन
- मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 5-5 लाख रुपये

**मुंबई।** लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन (12533) एक कोच में चिंगारी निकलने पर आग लगने की अफवाह के बाद यात्रियों द्वारा चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई गई। कोच के कुछ यात्री नीचे उतरकर बगल के ट्रैक पर खड़े थे। तभी उस ट्रैक पर तेज गति से आई कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12649) ट्रेन कई यात्रियों को कुचलते हुए निकल गई।

पटरी पर कटे हुए शव के टुकड़े पड़े हुए थे और चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में अब तक 12 लोगों के मारे जाने और 40 यात्रियो के घायल होने की पुष्टि हुई है। रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार, लखनऊ से मुंबई जानेवाली पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन के बुधवार को जलगांव से आगे एक छोटे रेलवे स्टेशन परधाड़े के निकट पहुंचते ही एक जनरल कोच में चिंगारी एवं धुआं उठता दिखाई दिया। इससे घबराकर किसी यात्री ने चेन खींच दी, जिससे ट्रेन वहीं रुक गई। आग लगने की अफवाह से घबराए यात्री जल्दबाजी में ट्रेन से कूदकर बगल के ट्रैक पर जा खड़े हुए। तभी दूसरी ओर से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन आ गई, जिसे गंभीर मोड़ होने के कारण ट्रैक पर खड़े यात्री देख नहीं सके और कर्नाटक एक्सप्रेस कई यात्रियों को कुचलते हुए आगे निकल गई।

**ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पुष्पक ट्रेन हादसे में मारे गए यात्रियों के परिजनों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा सभी घायलों का इलाज मुफ्त करवाया जाएगा। इन दिनों दावोस यात्रा पर गए मुख्यमंत्री फडणवीस ने बुधवार को जलगांव के निकट हुई दुर्घटना के बाद एक वीडियो के जरिए बताया कि राज्य सरकार के मंत्री गिरीश महाजन दुर्घटनास्थल पर स्वयं पहुंचकर घायलों की मदद की व्यवस्था देख रहे हैं। जलगांव के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, इस दुर्घटना में अब तक 12 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है एवं 40 लोग घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय प्रशासन की मदद से निकट के ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल निला के अनुसार, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन भी दुर्घटनास्थल पर भेजी गई है। बता दें कि दुर्घटनास्थल मुंबई से करीब 400 किमी. दूर है। लखनऊ जंक्शन पर हेल्पडेस्क बनाई गई तथा हेल्पलाइन नंबर जारी की गई। हेल्पलाइन नंबर 8957409292 पर लगातार कॉल आती रहीं। रेलकर्मी ने बताया कि ऐसे कॉल भी आए, जहां पूछने वालों के पास पैसेंजर का नाम, टिकट डिटेल वगैरह नहीं थी।



> गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक्स एकाउंट पर बताया कि उन्होंने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से फोन पर बात कर दुर्घटना की पूरी जानकारी ली है। उन्होंने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

**सीएम योगी ने जताया दुख**

> उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार के आदेश दिए हैं, साथ ही यात्रियों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया है। हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्ति की है।

## न्यूज डायरी

### अनंत सिंह पर जानलेवा हमला

**बाढ़।** मोकामा प्रखंड के नौरंगा-जलालपुर गांव में बुधवार को मोकामा के पूर्व विधायक अनंत कुमार सिंह और बदमाश सोनू-मोनू गैंग के बीच जमकर फायरिंग हुई है। इस फायरिंग में मोकामा के पूर्व विधायक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद नौरंगा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे डीएसपी मौके पर कैंप कर रहे हैं। सोनू-मोनू गैंग ने गांव के एक परिवार के साथ मारपीट करते हुए घर से बाहर कर ताला जड़ दिया था। इस मामले की सूचना मिलने पर अनंत सिंह गैंगस्टर के घर आ धमके।



### इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** पटना से लखनऊ जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। बताया गया है कि उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही फ्लाइट में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। जानकारी के मुताबिक जैसे ही पायलट को खराबी की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत सभी यात्रियों को स्थिति से अवगत कराया और सुरक्षा उपाय अपनाते हुए विमान को पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। इस फ्लाइट में कुल 100 यात्री और क्रू मेंबर सवार थे।



### भारत ने जीता पहला टी-20



**कोलकाता।** भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया है। टीम इंडिया के लिए अभिषेक शर्मा ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने 79 रनों की पारी खेली। भारत ने इस जीत के साथ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टीम इंडिया के लिए वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह ने घातक गेंदबाजी की. अक्षर पटेल ने भी कमाल दिखाया। इंग्लैंड के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ओपनिंग करने आए। इस दौरान सैमसन 26 रन बनाकर आउट हुए।

## महाकुंभ में योगी की कैबिनेट मीटिंग: दस प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# यूपी बनेगा एयरोस्पेस का महारथी

**योगी ने दी महासौगात**

- देश की सुरक्षा के लिए यूपी को अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा केंद्र बनाने का मुख्यमंत्री ने उठाया बीड़ा
- तीन जिलों को बड़ी सौगात
- दो करोड़ छात्रों को सरकार देगी स्मार्टफोन

अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सामाजिक समागम महाकुम्भ 2025 में जहां एक तरफ दुनियाभर के आस्थावानों का जुटान हो रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस महाकुम्भ के जरिए सूबे को महा सौगात दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को तीर्थराज प्रयागराज में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें उत्तर प्रदेश को एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में %महारथी% बनाने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत 50 हजार करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य है। इस नीति के लागू होने के बाद प्रदेश के 1 लाख युवाओं को सीधे-सीधे रोजगार मिलने की प्रबल संभावना है।

महाकुम्भ नगर से प्रदेश को महासौगात देने के क्रम में अन्य अहम प्रस्तावों में विदेशी कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए एफडीआई नीति में योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसके अंतर्गत योगी सरकार भूमि पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी। इसके अलावा यूपी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति में भी बड़े सुधारों की तरफ योगी सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2024 को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी एयरोस्पेस तथा रक्षा केंद्र बनाने पर है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी क्षमताओं, नवाचार और वैश्विक सहयोगी को गति मिल सकेगी। इस नीति का उद्देश्य यूपी में एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) क्षेत्र को सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में एक मजबूत, विश्व स्तरीय, उच्च प्रौद्योगिकी और कुशल ए एंड डी मैन्यूफैक्चरिंग वातावरण बनाना है। इसके अलावा ए एंड डी क्षेत्र में आधुनिकतम केंद्र विकसित करने के लिए स्टार्टअप और निवेश को भी आकर्षित किया जाएगा। यही नहीं यूपी रक्षा औद्योगिक गलियारा में स्टार्टअप और एमएसएमई के कौशन और क्षमता विकास के लिए ए एंड डी आधारित सामान्य सुविधा केंद्र बनाने पर भी योगी सरकार ने कदम आगे बढ़ा दिया है। राज्य में प्रमुख ए एंड डी विनिर्माण परियोजनाओं और डीपीएसयू को आकर्षित करना, अनुसंधान को बढ़ावा देना भी इस नीति का प्रमुख हिस्सा है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना के लिए 166 बेड के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित करने तथा जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सेटेलाइट सेन्टर को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने को भी मंजूरी मिली।

आम जनमानस को विशिष्ट चिकित्सा सुविधा और युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बलरामपुर को स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बलरामपुर में केजीएमयू के सेटेलाइट सेन्टर को मेडिकल कालेज में परिवर्तित कर उसके संचालन के लिए एमसीआई/एनएमसी मानकों के दृष्टिगत 1394 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जा चुका है।



### योगी कैबिनेट के अन्य बड़े फैसले

- प्रयागराज म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन प्रयाग के एक सुपर स्पेशेलिएटी हॉस्पिटल के एक बॉन्ड जारी करेगा। आगरा के लिए भी बॉन्ड जारी होगा। वाराणसी से भी बॉन्ड जारी होगा।
- प्रयागराज के पूरे क्षेत्र का समावेशी विकास किया जाएगा। पीएम मोदी के विजन के आधार पर प्रयागराज का विकास होगा।
- प्रयागराज और चित्रकूट को मिलाकर एक डिवेलपमेंट रीजन तैयार किया जाए।
- लखनऊ और उसके आसपास के जनपदों को मिलाकर स्टेट कैपिटल रीजन के जरिए विकास का प्लान बनाया गया है, उसी तर्ज पर प्रयागराज का विकास होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे का एक्सटेंशन किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे प्रयाराज से मिर्जापुर, मिर्जापुर से भदोही होते हुए संत रविदास नगर होते हुए यह काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साथ जुड़ेगा।
- वाराणसी और चंदौली से यही एक्सप्रेस वे सोनभद्र को जोड़ते हुए नैशनल हाइवे के साथ जुड़ेगा। प्रयागराज की तर्ज पर वाराणसी-बिंद डिवेलपमेंट रीजन बनाया जाएगा। नीति आयोग के साथ बातचीत जारी है।
- युवाओं को स्मार्ट फ़ोन और टेबलेट मुहैया कराने पर भी बात हुई। बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी में अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में बदलने का प्रस्ताव पास हुआ। बागपत, कासगंज समेत 3 शहरों में मेडिकल कॉलेज बनाने पर सहमति बनी।
- प्रयागराज में यातायात एक चुनौती है। केंद्र सरकार की मदद से लखनऊ से रायबरेली के रास्ते को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। प्रयागराज के नया फ़ोर लेन ब्रिज राज्य सरकार बनायेगी। कैबिनेट ने आज इसको मंजूरी दी है।
- प्रयागराज, आगरा और वाराणसी नगर निगम के लिए बांड जारी किए जाएंगे। चित्रकूट से प्रयागराज के हिस्से को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने पर भी काम होगा।

# दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को झटका

- अंतरिम जमानत पर एकमत नहीं पीठ



**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। वहीं दूसरे जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। ताहिर हुसैन आगामी दिल्ली चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार है और उसने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब मामला मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सामने रखा जाएगा और वे मामले पर सुनवाई के लिए नई पीठ का गठन करेंगे। जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने आदेश में कहा कि ताहिर हुसैन की दंगे में अहम भूमिका थी। उसने दंगे के दौरान कमांड सेंटर की तरह काम किया। उसके घर से हथियार बरामद किए गए। वहीं जस्टिस अमानुल्लाह ने अपने आदेश में कहा कि ताहिर हुसैन बीते पांच साल से जेल में बंद है और समाज और मतदाताओं से कटा हुआ है।

# केंद्र ने कच्चे जूट पर 6 फीसदी एमएसपी बढ़ाई



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाकर 5,650 रुपये प्रति क्विंटल करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपये प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत 'रिटर्न' को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट पर एमएसपी को 2014-15 के 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। गौरलतब है कि 40 लाख कृषक परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है। जूट मिलों और जूट के व्यापार से करीब चार लाख श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। गत वर्ष 1.7 लाख किसानों से जूट की खरीद की गई थी।

## प्रधानमंत्री ने 'आप' पर किए तीखे हमले, शीशमहल का मुद्दा उठाया

# दिल्ली की जनता को नहीं मिलता पानी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत संवाद किया। यह कार्यक्रम दिल्ली वधानसभा चुनाव के मध्य भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने और बूथ स्तर पर संगठन की ताकत को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड विजय संगठन और बूथ कार्यकर्ताओं की ताकत से संभव होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए उसे 'आप-दा' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार ने दिल्ली के लोगों से विश्वासघात किया है। दिल्ली की जनता को पानी नहीं मिलता, लेकिन शराब आसानी से मिल जाती है। शीशमहल जैसे घोटाले, झूठे वादे और भ्रष्टाचार आप सरकार की असलियत हैं। उन्होंने दावा किया कि आप और कांग्रेस दोनों ने दिल्लीवासियों को धोखा दिया है, लेकिन भाजपा सरकार बनने पर हर घर को साफ पानी पहुंचाने का अभियान शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दो मुख्य टास्क दिए। पहला, बूथ पर मत प्रतिशत बढ़ाकर पुराने रिकॉर्ड तोड़ने और दूसरा, प्रत्येक बूथ पर 50 प्रतिशत से अधिक मतों से जीत सुनिश्चित करना। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को 15-20 लोगों की टोली बनाकर 10-10 परिवारों से लगातार संपर्क करना चाहिए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को पीएम ने दी सलाह

यह टोली भाजपा की नीतियों और घोषणाओं को लोगों के साथ साझा करेगी। मोदी ने पूर्वांचली मतदाताओं को जोड़ने पर भी जोर दिया और कहा कि आप सरकार ने आपदा के समय पूर्वांचल, बिहार और उत्तराखंड के लोगों को गुमराह कर दिल्ली से भगाने की कोशिश की थी। प्रधानमंत्री ने आप के झूठे वादों और भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आप सरकार ने जनता के विश्वास को तोड़ा और गंदगी, टूटे नाले और पानी की समस्या जैसे मुद्दों पर कोई काम नहीं किया। कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे ऐसी समस्याओं की तस्वीरें और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करें ताकि जनता आप की सच्चाई से अवगत हो सके।



## अमेरिका में हो सकती है पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जल्द मुलाकात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय और अमेरिकी राजनयिक फरवरी में वॉशिंगटन में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक बैठक आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। अगर यह बैठक होती है तो पीएम मोदी और ट्रंप व्यापार और श्रमिक वीजा पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने से नई दिल्ली में अधिकारियों के बीच भारत पर टैरिफ लगाए जाने को लेकर चिंता बढ़ गई है। ट्रंप ने भारत को उन देशों में से एक बताया है, जो अमेरिकी उत्पादों पर उच्च टैरिफ लगाते हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि वह भी टैरिफ लगाने के पक्ष में हैं। सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी निवेश आकर्षित करने के लिए अमेरिका को कुछ रियायतें देने के लिए भी तैयार है।

# सुबियांतो की भारत यात्रा में हो सकते हैं कई समझौते

**ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की डील भी शामिल**



**नई दिल्ली।** इस बार 26 जनवरी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत आएंगे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की शनिवार से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में नई गति आने की उम्मीद है। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौते करने के लिए तैयार हैं। इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक करूज मिसाइलें खरीदने का इच्छुक है। ऐसे में सुबियांतो की यात्रा के दौरान इस आशय की घोषणा हो सकती है। वे शनिवार को पीएम मोदी के साथ वार्ता भी करेंगे। उनकी यात्रा के बारे में जानकारी रखने वाले कुछ लोगों ने बताया कि वार्ता में रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, पर्यटन और द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में भारत-इंडोनेशिया संबंधों में तेजी आई है। पीएम मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया की यात्रा की, जिसके दौरान भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया। प्रबोवो सुबियांतो इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बातचीत कर चुके हैं। इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद सुबियांतो ने पीएम मोदी को फोन किया था। इस दौरान दोनों के बीच भारत-इंडोनेशिया के सभ्यतागत रिश्तों को आगे बढ़ाने से लेकर कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर बात हुई थी। इसके अलावा दोनों नेताओं ने 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरो में जी20 सम्मेलन के दौरान भी मुलाकात की थी।

## जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर सपा के नेताओं ने उन्हें उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा अंजलि अर्पित की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया



भवन पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री व छोटे लोहिया के नाम से जाने वाले जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उन्हें उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा अंजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि छोटे लोहिया ने समाजवादी आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपनी पहचान बनाई पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने अपना पूरा योगदान दिया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व एम.एल.सी. शशांक यादव ने कहा कि छोटे लोहिया भी समाजवादी आंदोलन का स्तंभ थे उन्होंने उनके विचारों, संघर्षों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।इस अवसर पर गोष्ठी को समशेर बहादुर, मोहन बाजपेई, इशरार अहमद, प्रख्याति खरे, अभय प्रताप सिंह बंटी, रघुवीर सिंह यादव, तृप्ति अवस्थी, रियाजल्ला खान ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर यश मोहन पटेल, खुर्शीद अहमद, अमित वर्मा, मो अफजाल, प्रवीन यादव, उमेश गिरि, शेखू मिर्जा, एहतिशाम खा, शबाना चौधरी, विक्रम वर्मा, दीपू तिवारी, आरती जनवार, भरत लाल, ऋषि राज गौतम, सुधीर यादव, यज्ञ प्रकाश मिश्रा, नेत्र प्रकाश मिश्रा, हासिम अंसारी, उत्तम वर्मा, रवि शंकर वर्मा, विनय मिश्रा, शहनवाज खान, त्रिभुवन सिंह सेंगर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से निजी बिजली कर्मी की मौत

**लखीमपुर खीरी।** फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के गांव सकरन में बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से निजी बिजली कर्मी की मौत हो गई। परिजनों ने जेई और लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगा शव रखकर हंगामा किया। मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर परिजन माने। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।देहात क्षेत्र के बनवारीपुर उपकेंद्र के जेई अमित कुमार मंगलवार को सकरन गांव में राजस्व बकाया वसूली के लिए टीम के साथ पहुंचे थे। बिल न अदा करने पर कुछ बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए थे। टीम के जाने के बाद ककरपिट्टा निवासी निजी बिजली कर्मी प्रेमकुमार 35 वर्ष किसी के बुलावे पर केबल जोड़ने गया था केबल जोड़ते समय प्रेमकुमार को करंट लग गया। इससे वह खंभे से नीचे गिर गया। परिजन उसे फूलबेहड़ सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेने की कोशिश की। मृतक के घरवालों ने जेई और उनकी टीम की पर लापरवाही का आरोप लगाया। हंगामा कर कार्रवाई की मांग की।मृतक के पिता बालकराम ने जेई और लाइनमैन के खिलाफ नामजद तहरीर दी। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने रात दस बजे शव का पोस्टमार्टम कराया। बुधवार को बिजली अधिकारी भी मृतक परिवार को ढांढस बंधाने और हर संभव मदद का आश्वासन देने पहुंचे। फूलबेहड़ प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान ने बताया कि जेई और लाइनमैन सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुमशुदा/अपहर्ता को किया बरामद

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 234/2022 धारा 506/504/363/366 भा0द0वि0 की गुमशुदा/अपहर्ता, पूजा देवी उम्र करीब 21 वर्ष पुत्री जमुना प्रसाद नि0ग्रा0सरावल थाना ईसानगर को बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 25 जनवरी को मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25जनवरी को मनाया जाएगा। वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरुर डालेंगे हम---थीम पर मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। डीएम ने स्कूलों में निबंध,वाद विवाद, ड्राइंग ,क्विज और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं।

ब्लाक संसाधन केंद्रों पर मतदाताओं को शपथ भी दिलाई जाएगी।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती,यू पी दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डी एम निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक में डी एम और सी डी ओ सूरज पटेल ने अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों को गरिमामय तरीके से भव्यता के साथ मनाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाए जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में रैली, मानव श्रृंखला, भाषण, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने को कहा। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरुकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, बीएसए संजय तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, डीआईओएस राजेश द्विवेदी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज से शुरू होगी काश्तकारों को मुआवजे की धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** राष्ट्रीय राजमार्ग -128 व931के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से प्रभावित काश्तकारों को मुआवजे की धनराशि के भुगतान की प्रक्रिया 22जनवरी से शुरू होगी। सभी प्रभावित किसानों को आधार कार्ड,पैन कार्ड, खतौनी एवं अन्य जरूरी अभिलेखों के साथ लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के कार्यालय में बुलाया गया है।

प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 के अधिशासी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में राजस्व मिश्रौली, सराय भागमानी, मेदन मवई एवं टिकरिया होते हुए निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग-128 रायबरेली-सुल्तानपुर मार्ग से साइंस कालेज, पूरे गंगाधर पाठक होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग-931 गौरीगंज-प्रतापगढ़ मार्ग तक बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु मार्ग के चौड़ीकरण में आने वाले काश्तकारों की प्रभावित भूमि को मार्ग निर्माण हेतु क्रय करने के लिए क्रय की दर एवं कुल भूमि मूल्य का अनुमोदन सक्षम स्तर से प्राप्त हो गया है।

उन्होंने बताया कि प्रभावित भूमि के समस्त काश्तकारों के प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही 22 जनवरी 2025 से प्रारम्भ की जायेगी, सम्बन्धित काश्तकार प्रतिकर प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग अमेठी में गठित समिति के समक्ष काश्तकार अपना आधारकार्ड, पैनकार्ड, नवीनतम खतौनी की प्रमाणित खतौनी की प्रति, पासबुक एवं राजस्व विभाग द्वारा काश्तकार के अंशों के निर्धारण की प्रति व 4 पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि के साथ उपस्थित होकर अभिलेखों का सत्यापन कराकर विभाग के पक्ष में रजिस्ट्री कराकर अपना प्रतिकर प्राप्त कर सकते है।

## सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

लखीमपुर खीरी ।थाना खीरी क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शंकरपुर निवासी 40 वर्षीय रमाकान्त उर्फ गुड्डू रविवार की शाम मठियापुरवा बाजार सब्जी खरीदने गया था। वापस आते समय वह ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शहर के एक निजी अस्पताल में रमाकान्त का इलाज करवाया। जहां उसने रात करीब 8 बजे दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह पर टिप्पणी करने पर सफाईयों ने ए एसपी को दिया ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी/गौरीगंज।** अयोध्या के महंत राजू दास की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के खिलाफ समाजवादी पार्टी में आक्रोश है। बुधवार को सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने एसपी ऑफिस पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने महंत राजू दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

हाल ही में अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के खिलाफ विवादित टिप्पणी की थी। जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और आम जनता में गहरा आक्रोश फैल गया।

सपा जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि ÷महंत राजू दास ने जिस प्रकार से देश के पूर्व रक्षा मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, वह बेहद निंदनीय है।

राम उदित यादव ने कहा कि इस टिप्पणी से समाजवादी पार्टी के साथ-साथ आम जनता में भी भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

इस दौरान डीडीसी सूबेदार यादव, महिला जिला अध्यक्ष गुंजन सिंह, केडी सरोज आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नहीं रहे बसपा नेता नन्हे घोसी, अमेठी में शोक



**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी से टाउन एरिया का चुनाव लड चुके वरिष्ठ कार्यकर्ता नन्हे घोसी के निधन पर बसपा नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

नन्हे घोसी, निवासी गंगा गंज लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। बीती रात लगभग दो बजे उनका इंतकाल हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को हुआ। बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार, वरिष्ठ बसपा नेता के के आर्य,विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, मकबूल, जुबेर अहमद, बलराम यादव , जिला प्रभारी विजय कुमार गौतम, दिनेश गौतम,राम फल फौजी बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, राजेश अकेला, नरेंद्र कुमार, ललित कुमार, प्रमोद कुमार एडवोकेट , आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी, भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शास्त्री, विनोद कुमार,मो रऊफ आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## कृषि यंत्रों की बुकिंग के विभागीय पोर्टल पर चार फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं किसान

**अमेठी।** कृषि विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं में आवेदन वर्ष 2024-25 में कृषि यंत्रों की आनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। किसान विभागीय वेबसाइट पर चार फरवरी 2025 की आधी रात तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान पचास फीसदी और कस्टम हायरिंग सेंटर वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम अनुदान 80फीसदी है।

सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकनाइजेशन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम अनुदान पचास फीसदी है। लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर लाभार्थियों का चयन ई-, लाटरी प्रक्रिया से किया जाएगा। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू (सी0आर0एम0) योजनान्तर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना, एन0एफ0एस0एम0 योजना एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत कृषि यन्त्रों के आवेदन वर्ष 2024-25 हेतु बुकिंग 21 जनवरी 2025 को अपरान्ह 3 बजे से प्रारम्भ है जो 04 फरवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों की बुकिंग के लिए इच्छुक किसान द्वारा विभागीय पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर ''यंन्त्र पर अनुदान हेतु टोकन निकाले'' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## आरसेटी के तहत बीसी सखियों को दी जा रही रिफ्रेशर ट्रेनिंग

**अमेठी/गौरीगंज।** बुधवार को बड़ौदा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र गौरीगंज द्वारा जिले के ग्राम सभा में कार्यरत बीसी सखियों को रिफ्रेशर ट्रेनिंग (पुनर्श्चर्या प्रशिक्षण) दिया जा रहा है। यह ट्रेनिंग जिले के आईटीआई कालेज गौरीगंज में दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में आरसेटी के प्रभारी अनिल कुमार व प्रकाश जायसवाल और सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही बीसी सखी के साथ सी.एस.सी ई गवर्नेंस के सहायक प्रबंधक बैंकिंग पवन शर्मा द्वारा और सर्वेश कुमार, व अभिषेक कुमार द्वारा ट्रांजैक्शन को बढ़ाने के साथ अन्य योजनाओं को विस्तार से हर खाताधारकों तक पहुंचाने के गुण बताए गए। समस्त बीसी सखी अपने क्षेत्र के समस्त व्यक्तियों को बैंक से जोड़े और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा , प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा, अटल पेंशन योजना के लाभ से जोड़े।

## संगठन मजबूती को बसपा ने बनाई सेक्टर वार कैडर कैम्पों की कार्ययोजना

### बसपा सर्वसमाज की हितैषी, बहन मायावती ने 26 योजनाएं चलाई, उत्तर प्रदेश में 26 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दीः छोटे लाल मौर्य

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** बुधवार को कान्हा मैरिज लान गौरीगंज में बहुजन



समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व समाज के बीच पार्टी संगठन की मजबूती को सभी विधानसभाओं में सेक्टर वार कैडर कैम्प आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की गई। बसपा की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद हुआ। अयोध्या मंडल के मंडल प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर ने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बसपा की नीति है। बहुजन समाज पार्टी देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है। उन्होंने बसपा के सेक्टर वार कैडर कैम्पों की विषय वस्तु के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी।

मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल एक मात्र राजनीतिक दल है, जिसने अपने चालीस साल के सफर में धन्नासेठों और पूंजीपतियों से कभी एक पैसे का चंदा नहीं लिया और देश में कार्यकर्ताओं और मिशनरी सहयोगियों के बल पर अपना संगठन खड़ा किया। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती जी ने अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में सर्वसमाज के हित में काम किए।26लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दीं और 26योजनाएं चलाकर सर्व समाज का कल्याण किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को तन,मन,धन से मिशन और मूवमेंट के हित में काम करने को प्रेरित किया और कहा कि दुनिया में अच्छा शासन, अच्छा काम बसपा की पहचान है।

बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। जिला प्रभारी दिनेश गौतम,राम अभिलाष बौद्ध, विजय कुमार गौतम, विजय प्रजापति ने बैठक को प्रमुख रूप से सम्बोधित किया।

बैठक में जिला महामंत्री रमेश कुमार मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, लक्ष्मण प्रसाद, मोहन लाल गौतम, सुरेन्द्र बौद्ध , विद्या? प्रसाद गौतम, बलराम यादव, मोती लाल,राम पाल,राम सजीवन कोरी, शिव नायक पासी आदि मौजूद रहे।

## एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बहादुरपुर ब्लाक इकाई का पुनर्गठन

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी/जायस।** बुधवार को एस सी एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में संगठन की बहादुरपुर इकाई का पुनर्गठन किया गया ?। डा संजय को अध्यक्ष एवं हरिकेश कुमार को मंत्री ,कृष्णा कुमारी उपाध्यक्ष, प्रेम कुमार सचिव,कमल कुमार सोनकर कोषाध्यक्ष एवं धर्मराज आनन्द संरक्षक मनोनीत किया गया है।

जिला उपाध्यक्ष शोभा शरण ने कहा कि अपने हक -अधिकार के लिए तथा अपनी संरक्षा एवं सुरक्षा के लिए एक होना होगा।

जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र अम्बेडकर जी ने कहा संगठन पदोन्नति में आरक्षण,वैकलाक भर्ती समर्थन, निजी करण का विरोध, पुरानी पेंशन मांग तथा एस सी एस टी शिक्षक शिक्षिकाओं के उत्पीड़न का विरोध तथा विद्यालयों के मर्जर का विरोध प्रमुखता से किया है।

जिला सचिव महावीर प्रसाद जी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि अपने व्यक्तित्व के निखार के लिए भी अपना एक घर आवश्यक है।

जिला महामंत्री आर चक्रवर्ती एवं जिला संगठन मंत्री राजू बौद्ध जी

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 9 फरवरी को जिला पर होने वाले कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रण कार्ड एवं कैलेंडर देकर आंमत्रित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक धर्मराज आनन्द एवं संचालन सुरेन्द्र अम्बेडकर ने किया।

इस अवसर पर गिरीश कुमार सरोज, सुरेश चंद, शुशील कुमार सोनकर,अवधेश कुमार, वरिष्ठ शिक्षक शैलेन्द्र कुमार आनंद, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मूर्तियां और रूपए चुराने वाला अभियुक्त थाना मंटोला पुलिस द्वारा गिरफ्तार



आगरा। मिठाई की दुकान में नकबजनी कर दुकान में रखी मूर्तीयां, दान पेटीका व गल्ले में रखे रूपये चोरी करने वाले अभियुक्त को थाना मंटोला पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। सोमवार को थाना मंटोला पर सूचना दी गयी कि की मिठाई की दुकान सदर भट्टी चौराहे पर है। रविवार की रात्रि को अज्ञात चोरें द्वारा पीड़ित की दुकान का ताला तोड़कर दुकान से चांदी की मूर्तिया, गाय की दान पेटी, गल्ले से करीब 9000 रुपये व कुछ कागजात चोरी कर ले गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंटोला पर सोमवार को मुक़दमा पंजीकृत किया गया। वही आज यानी बुधवार को थाना मंटोला पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत गश्त/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दुकान से रूपये और मूर्ती चोरी करने वाले अभियुक्त कार्तिक उर्फ छोटू को महावीर नाला वाली गली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 4 मूर्तियां व 4,979 रूपए बरामद हुए। उपरोक्त बरामदगी के आधार थाना मंटोला पर पंजीकृत अभियोग 02/25 में धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। उधर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त कार्तिक उर्फ छोटू से बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि दिनांक 19/20.01.2025 की रात में सदर भट्टी चौराहे के पास एक मिठाई कि दुकान में उसने नकबजनी कर चोरी की थी, जिसमें दुकान से मूर्तिया और रुपये चुराये थे और वह मूर्तियों को मैं बाजार में बेचने के लिये जा रहा था बरामद मूर्तियां और रूपये उसी चोरी से सम्बन्धित है।

## उटंगन नदी पर रेहावली में बांध बनाने की योजना शीघ्र आगे बढेगीः डॉ मंजू भदौरिया

आगरा। जिला पंचायत अध्यक्ष उटंगन नदी पर फतेहाबाद तहसील के रेहावली गांव में बांध बनवाने की योजना के क्रियान्वयन के लिये गंभीर प्रयास करेंगी। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के प्रतिनिधियों से शमशाबाद रोड स्थित अपने कैंप आफिस पर चर्चा करते हुए कहा कि योजना न केवल उपयोगी है,अपितु भूगर्भ जल के स्तर में आ रही गिरावट थामने को बेहद उपयोगी है।



सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सदस्यों ने कहा कि जलाशयों के जलग्रहण क्षेत्रों के जल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाये जा रहे हैं, इनमें प्रस्तावित रेहावली बांध बहु उपयोगी एवं अन्य योजनाओं के लिये आदर्श है।जनपद की गैर मानसून काल में जल शून्य रहने वाली उटंगन नदी तक में मानसून काल में पहुंचने वाली कई अरब घन मीटर जलराशि का संचय करने के लिये योजना बनाने तक पर काम शुरू नहीं हो सका है।

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा की ओर से अनुरोध किया गया कि उटंगन नदी में पहुंचने वाले यमुना नदी के उफान को समेटे रखने के लिये कार्य योजना बनवा कर शासन को तो विचारार्थ भिजवाये जिससे कि उसकी फंडिंग और क्रियान्वयन पर कार्य शुरू हो सके। सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के द्वारा अधिशासी अभियन्ता, अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड, अलीगढ़ के द्वारा अपेक्षित किये गये उटंगन और यमुना नदी के मानसून कालीन जलस्तर की जानकारी में से उटंगन नदी के संबंध में संभव जानकारी तो उपलब्ध करवादी है,अगर आवश्यक हुआ तो यमुना नदी के जलस्तर की पचास साला जानकारी भी उपलब्ध करवा दी जायेगी।सोसायटी के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से कहा कि उटंगन नदी केन्द्रीय जल आयोग के नियंत्रण या प्रबंधन में नहीं आती ।

रेहावली गांव नदी की टेल पर है और बांध जहां बनाया जाना प्रस्तावित है,वह स्थान यमुना नदी से 2 कि मी दूर है।

सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सेक्रेटरी अनिल शर्मा ने कहा कि नदी में अरनौटा रेलवे पुल के डाउन से रेहावली गांव तक मानसून काल में यमुना नदी के बैक मारने से जो जलराशि पहुंचती है ,अगर यह जानकारी अपेक्षित होगी सिविल सोसायटी वह भी उपलब्ध करवादेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में सचिव अनिल शर्मा के अलावा राजीव सक्सेना और असलम सलीमी भी शामिल थे।

## फर्जी लेखा परीक्षा कराने वाले तत्कालीन सचिव पर एक और एफआईआर, किसान नेता की जंग जारी

**आगरा।** सहकारिता विभाग ने सुरक्षा ग्रामीण आवासीय समिति के तत्कालीन सचिव केपी यादव के खिलाफ सदर थाना में एक और एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि बीते वर्षों में फर्जी लेखा परीक्षा (ऑडिट) कराई गईं। जिसकी लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। आगरा के किसान नेता की ओर से मांग की जा रही थी। इसको लेकर किसान विकास भवन में धरना कर रहे हैं। इससे पहले भी दो अन्य एफआईआर दर्ज कराई गईं हैं। बता दें, किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने शिकायत की थी कि सुरक्षा ग्रामीण आवासीय समिति आगरा के तत्कालीन सचिव केपी यादव ने 1993 से लेकर 2022 तक लेखा परीक्षा में फर्जीवाड़ा किया था। शिकायत की जांच में फर्जीवाड़ा खुला था। इसके बाद किसान नेता ने तत्कालीन सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। किसान नेता श्याम सिंह चाहर और अन्य किसानों ने ऑडिट में फर्जीवाड़ा समेत अन्य मामलों में कार्रवाई के लिए विकास भवन में धरना और अनशन कर रहे हैं।

तत्कालीन सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रविंद्र कुमार की तहरीर पर सोमवार देर शाम सदर थाना पुलिस ने तत्कालीन सचिव केपी यादव के विरुद्ध धोखाधड़ी की धारा में एफआईआर दर्ज की है। इससे पूर्व भी दो एफआईआर केपी यादव के खिलाफ दर्ज की जा चुकी हैं। इसमें पहली एफआईआर अभिलेख उपलब्ध न कराने और दूसरी समिति की जमीन का विक्रय करने को लेकर दर्ज हुई थी। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रविंद्र कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के परसा उर्फ अगलहवा गांव में बीते मंगलवार की शाम को दो पक्षों हुई मारपीट में एक पक्ष से घायल कुर्बान अली (59) की एक नीजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त बिबरण के अनुसार बीते 14 जनवरी को बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे तथा दो को गंभीर चोटें आई थी। मामले में एक पक्ष के अरमान अली की तरफ से आठ नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 191(2), 191(3), 190, 126(2), 109, 115(2), 110, 352, 351(3) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट, 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें से चार नामजद आरोपितों को पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तलवार, लोहे के राड व डंडा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीते मंगलवार की शाम गांव के कुर्बान अली और निसार के घरों के बच्चे आग ताप रहे थे कि आपसी कहासुनी में एक बच्चे ने दूसरे के ऊपर आग फेक दिया। जिससे दूसरे बच्चे के आख के आस-पास जल गया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में हल्की मारपीट हो गई। रात में दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया लेकिन बुधवार को सुबह पुन~ दोनों पक्ष भिड़ गए। जिसमें एक पक्ष के कुर्बान अली, तारे हुसैन, आरिफ हुसैन, सद्दाम हुसैन, अब्दुल रज्जाक, फरमान व दूसरे पक्ष के शेखावत व इंतियाज भी घायल हो गए। जिसमें इंतियाज और कुर्बान को गंभीर चोटें लगीं। उनका इलाज चल रहा है। इसमें एक पक्ष से अरमान अली की तहरीर पर पुलिस ने पट्टू उर्फ नौशाद अली, शेखावत हुसैन, सहादत हुसैन, हसन रजा, इंतियाज अली, निसार अहमद, मैनत हुसैन व सलीम सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसमें पुलिस ने पट्टू उर्फ नौशाद अली, शेखावत हुसैन, सहादत हुसैन, हसन रजा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा अभी पुलिस चार नामजद व अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है। इस मामले में थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा आरोपियों के विरुद्ध हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।

## बैठक 28 को

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 जनवरी 2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से कबीर ऑडिटोरियम, मगहर संतकबीर नगर में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने बताया कि सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के साथ-साथ विगत बैठक की अनुपालन आख्या एवं जनपदों में निवेश बढ़ाने हेतु की गयी कार्यवाही, क्रेडिट-डिपोजिट रेशियो (सीडी रेशियों) थार प्लांट, 100 दिवसीय टी.बी. उन्मूलन अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पावर्टी तथा पी.एम. सूर्यघर पर समीक्षा की जायेंगी।

## सूचना

श्रीमान सिविल जज सीडी सहारनपुर प्रकीर्ण वाद कंप्यूटर संख्या 508 सन 2024 मोनू आयु 21 वर्ष पुत्र राजेन्द्र निश्ग्राम तिरपडी तह. नकुड ज़िला सहारनपुर आधार संख्या 568 90081077 बमाम 1.मोनिका देवी पुत्री स्व0 राजेन्द्र पत्नि अनुज निवासी ग्राम नाया गाँव परगना व तह. नकुड जिला सहारनपुर 2.अंजली पुत्री राजेन्द्र निवासी ग्राम तिरपडी तहसील नकुड जिला सहारनपुर 3- आम जनता हरगाह आवेदक की ओर से अधिनियम 39 राम 1925 की धारा 372 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण मृतक राजेन्द्र कुमार की पॉलिसी संख्या 270741830 भारतीय जीवन बीमा निगम में बक़ैद रु. 53,125 के हुसूल हेतु उत्तरा अधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अदालत में पेश किया गया है। अतः आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में दि. 24.1.2025 को हाज़िर होकर उज्र अपना पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा एवं हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा। आज दि. 3.1.2025 को मेरे द्वारा न्यायालय की मुद्रा सहित जारी हुआ।

आज्ञा से मुंसरिम

## सूचना

नोटिस प्रकाशन बाबत प्रकीर्ण वाद अंश धारा 14 दिव्यागजन का अधिकार अधिनियम 2016 न्यायलय अपर जिला जज कक्ष स. 3 सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 252 सन् 2023 विजयपाल पुत्र स्व0 तेज सिंह निवासी मकान नं04/1497 नवाबगंज निकट कम्पनी बाग, सहारनपुर (वादी) बनाम..1- श्रीमति रानी पुत्री स्व. तेज सिंह पत्नि स्व. नरेश सिंह निवासी बजरंग मंदिर के पास बनिया बाजार कैन्ट, कानपुर नगर उप्र 2- आम जनता (विपक्षीगण) चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थना पत्र आवेदक ने अं. धारा 14 दिव्यांगजन का अधिकार अधिनियम 2016 नैतिक व उसकी जायदाद की देख-रेख करने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के माह जनवरी के 31 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसँजाता हो और ऐसा करने में अफसल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जाकर अवधारित किया जायेगा। नियत दि. 31.1.2025 आज दि. 21.01.25 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से प्रबंधक / प्रस्तुतकर्ता

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राजन था जिसको बदलकर अब हम अपना नाम राजन कन्नौजिया रख लिया है। अब मुझे राजन कन्नौजिया के नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

राजन कन्नौजिया पुत्र रामकेश
ग्राम वा पोस्ट देवारा इस्माइलपुर
थाना रौनापार
जनपद - आजमगढ़

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन पर बैठक संपन्न हुई




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में राष्ट्रीय टी0बी0 उन्मूलन यहकार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टी0बी0 अभियान व आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित मरीजों का सी0वी0 नेट परीक्षण कराया जाये, सभी रिपोर्टिंग प्रॉपर फार्मेट पर ही करे, मरीजो को सरकार द्वारा दिये जाने बाले अनुदान का शत प्रतिशत भुगतान किया जाये, शासनादेश में दिये गये शेड्यूल के अनुसार समय पर सभी कार्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय जननी सुरक्षा योजना के सभी लाभार्थियों के खाते में अनुदान की राशि समय से पहुचे, सभी एम0ओ0आई0सी0 इस कार्य मे विशेष रुचि ले, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह प्रतिदिन इन योजनाओं की समीक्षा करें। बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को सभी पोलिंग बूथों पर 70 + लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एस0 डी0एम0 सदर,अपर जिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## यूनानी मेडिसिन के छात्रों को हैंड्स-ऑन पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) प्रशिक्षण प्रदान किया गया

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अजमल खां तिब्बिया कालिज में अब रोगियों को पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जहां रोगियों के फेफड़ों की भी जांच हो सकेगी। मुआलीजात विभाग के प्रोफेसर बदरुद्दुजा खान और डॉ. जमाल अजमत की निगरानी में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। अजमल खां तिब्बिया कॉलेज के सीपीआर लैब में आयोजित इस सत्र में ल्यूपिन रेस्पिरा के पंकज शर्मा ने पीएफटी मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। प्रोफेसर बदरुद्दुजा खान ने आधुनिक यूनानी चिकित्सा शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीपीएफ फेफड़ों की बीमारियों का पता लगाने और उनका इलाज करने में मदद करेगा। डा. जमाल ने कहा कि इस टेस्ट की मदद से अस्थमा, सीओपीडी तथा ब्रोकाइटिस जैसे फेफड़ों के विकारों का पता चल सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने मरीजों पर परीक्षण करके व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया, जिससे श्वसन देखभाल में उनके उपचार कौशल में वृद्धि हुई। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ. एस जावेद अली के साथ-साथ अहमर मेराज और आरिफ ने भी भाग लिया।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक 28 को

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक 28 जनवरी 2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से कबीर ऑडिटोरियम, मगहर संतकबीर नगर में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने बताया कि सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के साथ-साथ विगत बैठक की अनुपालन आख्या एवं जनपदों में निवेश बढ़ाने हेतु की गयी कार्यवाही, क्रेडिट-डिपोजिट रेशियो (सीडी रेशियों) थार प्लांट, 100 दिवसीय टी.बी. उन्मूलन अभियान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पावर्टी तथा पी.एम. सूर्यघर पर समीक्षा की जायेंगी।

## कांग्रेस ने आयोजित किया जय बापू-जय भीम-जय संविधान कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 19 से लेकर 25 जनवरी तक चलाए जा रहे जय बापू-जय भीम-जय संविधान कार्यक्रम के तहत सरोजिनी नायडू पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानसिंह राजपूत चंदुर्रा की अध्यक्षता और निवर्तमान जिलाध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला, निवर्तमान नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में धीरेंद्र ने कहा, सभी कार्यकर्ताओं को संविधान बचाने और महात्मा गांधी एवं बाबा साहब को सम्मान दिलाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा। केंद्र की भाजपा सरकार दोनों महापुरुषों के बनाए रास्तों पर न चलकर संविधान और लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के साथ मिलकर संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान कमल दोहरे, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा, रामकिशोर पुरोहित, दिनेश वाल्मीकि, जितेंद्र मिश्र, जाहिद, अजय बरार, राजेश प्रजापति, नील द्विवेदी, हाजी रज्जाक, सरताजउद्दीन, शकील अहमद, असगर कुरैशी, बाबू कुरैशी, लालाराम बरार, रवींद्र, शहाबुद्दीन, राजू वैद, गुड्डू अवस्थी, श्रीनारायण दीक्षित, अरुण उपाध्याय, कासिम मंसूरी, लकी द्विवेदी, पप्पू कुरैशी, मोहम्मद शफी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 23.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.,देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धूरी जं., बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

### दिनांक 24.01.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन। |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टुण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डीदीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं, खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर (ट), बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं. एवं बड़हरवा जं. स्टेशन |
| 07701 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, बनारस एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 05285 | जयनगर | 23:50 | झूँसी | 15:45 | मधुबनी, सकरी जं., दरभंगा जं., समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन। |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 20:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

### दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावाँ एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04528 | अम्ब अन्दौरा | 22:05 | फाफामऊ जं. | 18:00 | ऊना हिमाचल, नंगल डैम, आनन्दपुर साहिब, रूपनगर, मोरिंडा जं., चंडीगढ़ जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रुड़की, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन |
| 04664 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा जं., बठिण्डा जं., धूरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04602 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 08251 | रायगढ़ | 14:00 | वाराणसी जं., | 10:00 | चाँपा, बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आज़मगढ़ स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |
| 06002 | गोमती नगर | 03:45 | एमजीआर चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चीराला, ओंगोल, नेल्लूर एवं गूडूर जं. स्टेशन |
| 05286 | झूँसी | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., ढ़ोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन |
| 05295 | दरभंगा जं. | 21:00 | झूँसी | 10:00 | समस्तीपुर जं., ढ़ोली, मुज़फ़्फ़रपुर जं., हाजीपुर जं., सोनपुर जं., दिघवारा, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., वाराणसी जं. एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05185 | गोरखपुर | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05104 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 05:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, मऊ, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05103 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

अवधनामा
लखनऊ, गुरुवार, 23 जनवरी 2025



# श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, जयकारों से गूंजी अयोध्या

## अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को रामलला विराजमान की प्रथम वर्षगांठ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा व बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। हर तरफ जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्रीराम चन्द्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का रेला नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। अब जब बारी आई 22 जनवरी की तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता व सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा।

**विभिन्न मठ मंदिरों में धूम, 41 दिन का अनुष्ठान शुरू**

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर, मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षा स्त्रोत का जाप होगा।

**बीते पलों को जीने के लिए उमड़े श्रद्धालु**

बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे।श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था इसलिए व्यवस्थाएं भी तदनुरूप की गई थी। राम मन्दिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं। सुबह से ही भीड़ दिखी।

**सुरक्षा के लिहाज से जोन व सेक्टर में बंटी अयोध्या**

एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों सेक्टर में सीओ लेवल के अधिकारी को तैनाती दी गई है।

# भगतिन अइया की सातवीं पुण्यतिथि पर 118 लोगों की हुई हेल्थ जाँच

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्ता की दादी यमुना देवी (भगतिन अइया )की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मणि पर्वत स्थित वृद्ध आश्रम में लगाया गया। इस शिविर में 118 लोगों की हेल्थ चेकप कर उन्हें अन्य स्वास्थ्य से जुडी जानकारिया व परामर्श दी गयी।

मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोग के साथ साथ बुजुर्गों व मरीजों की बीपी, सुगर, बीएमडी, पल्स, ईसीजी व अन्य जांचे निःशुल्क की गयी। शिविर का शुभारम्भ वृद्ध सेवक अमरेश चंद मिश्र ने रिबन काटकर किया और उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता हैं लिहाजा स्वास्थ्य के प्रति हमें



जागरूक रहना हैं और समय समय पर हमें अपने हेल्थ की जाँच कराते रहना चाहिए। राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि समाजसेवा की प्रेरणा उन्हें स्व दादी भगतिन अईया से मिली हुई हैं और उन्ही की प्रेरणा से संस्था द्वारा निरंतर जनहित कार्य किये जा रहे हैं, जिसमें रक्तदान, भोजन व कंबल वितरण, स्वास्थ्य शिविर व अन्य कार्य हैं और समाज के सामर्थ्यवान लोगों को ऐसे जनहित कार्यों के लिए आगे आना चाहिए।चिकित्सक डॉ मनीष राय ने कहा कि हेल्थ के प्रति हमें सचेत रहने की जरुरत हैं और शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति ही समाज के विकास में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकता हैं। इस मौके आरोही एक उड़ान की अध्यक्ष पल्लवी वर्मा, अमिता सिंह, पुष्पा गुप्ता, फौजी संदीप यादव, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शिविर समापन पर कार्यालय अधीक्षक रीमा मिश्रा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अयोध्या जिले का गुड़ उत्पादन अन्य जिले से कही अधिकः प्रो0 सुधीर शर्मा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ललित कला विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''एक जिला एक उत्पाद के द्वारा आय एवं रोजगार के सृजन'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा, प्राचार्य गन्ना कृषक पी0जी0 कालेज, पीलीभीत एवं उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड आर्थिक संघ के कार्य परिषद सदस्य द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उन्होंने 'एक जिला एक उत्पाद' में अयोध्या जिले के गुड उत्पादन पर चर्चा करते हुए बताया कि पीलीभीत जनपद में भी गन्ने का उत्पादन पर्याप्त स्द के कृषक गुणवत्ता आधारित जैविक गन्ना उत्पादन के साथ गुड के उत्कृष्ट विभिन्न उत्पादों को बना रहे है।

### अवध विवि की शिवांगी ने नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनीवर्सिटी वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता कास्यं पदक

**अयोध्या।** पंजाब के लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालन्धर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में डॉ. राममनोहर अवध विश्वविद्यालय की शिवांगी सिंह ने 87-प्लस किलोग्राम भार वर्ग में कुल 190 किलोग्राम भार उठाकर प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। इसी के साथ ही शिवांगी ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। महिला खिलाड़ी के कास्यं पदक जीतने पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट जोन इन्टर यूनिवर्सिटी वेट लिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। यह उनकी खेल प्रति मेहनत व समर्पण का परिणाम है। अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बनेगी। वहीं विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में निरन्तर अभ्यास जरूरी है। शिवांगी ने पदक जीतकर सिद्ध किया। विश्वविद्यालय क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पदक जीत रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वेट लिफ्टिंग खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर वित्त अधिकारी पूर्णेदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो. एस.एस. मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष जनमेजय तिवारी, महामंत्री प्रो. अमूल्य, कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ. राना रोहित सिंह, क्रीड़ा उप सचिव डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. विनय सिंह, डॉ. मनीष सिंह, प्रो.प्रवीन सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. पूनम जोशी, डॉ. सीमा पाण्डेय, डॉ. दुष्यंत सिंह, डॉ.अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. सतीश श्रीवास्तव, शिव कुमार सिंह सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## वर्तमान में खेल ने भर दिया है युवाओं में जोशः कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के खेलो भारत द्वारा नगर खेल कुम्भ के अंतर्गत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ अरुणिमा सिन्हा भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो सुरेंद्र कुमार मिश्र विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा परिषद के उपसचिव डॉ अनुराग पांडेय ,विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी अवध विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । कार्यक्रम सयोंजक श्रेया शुक्ला ने बताया दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बैडमिंटन, चेस टेबिल टेनिस,कैरम में 15 टीम प्रतिभाग करेगी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो सुरेंद्र मिश्र ने पुरुष बैडमिंटन के पहले मैच की शुरआत टॉस कराकर की जिसमें सत्य प्रकाश और रामेश्वर प्रताप सिंह के बीच पहला मैच हुआ जिसमें पहले मैच में सत्य प्रकाश ने जीत दर्ज की ।

पुरुष चेस के फाइनल में शशांक और आदित्य के बीच हुआ जिसमें शशांक ने 3 मिनट 30 सेकेंड में बाजी मारी ।चेस महिला फाइनल शिवांशी और अल्पना के बीच हुआ। जिसमें शिवांशी में 5 मिनट 30 सेकेंड में जीत दर्ज की। चेस के मैच रेफरी गौरव सिंह ने मैच विनर घोषित किया । महिला बैडमिंटन के फाइनल में अलका सोनकर और अंशिका सिंह के बीच मैच हुआ जिसमें आंशिका ने जीत दर्ज की ।

पुरुष बैडमिंटन में फाइनल आशुतोष और शिवम के बीच हुआ जिसमें आशुतोष ने बाजी मार कर जीत दर्ज । पुरुष कैरम के फाइनल में यशराज सिंह और शिवांग सिंह की भिड़ंत हुई जिसमें यशराज ने बाजी मारी महिला कैरम के फाइनल में आयुषी सिंह और ज्योतिका के बीच मैच हुआ जिसमें आयुषी ने फाइनल जीता ।द्वितीय दिवस के समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने कार्य्रकम में पहुँचकर सभी प्रतिभागी का उत्साहवर्धन किया महानगर सहमंत्री तान्या सिंह ने पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिन्ह देकर उनका स्वागत किया। कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल द्वारा सभी प्रतिभागियों को विजेता और उपविजेता टीमो को प्रशस्ति पत्र मेडल और सील्ड प्रदान की गई ।

कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने बताया अभविप अपने कार्य विस्तार की दृष्टि से विभिन्न आयाम कार्य गतिविधियों के माध्यम से समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रही है खेलो भारत के माध्यम से विद्यार्थी परिषद एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है निश्चित तौर पर यह सभी खिलाड़ियों और संपूर्ण विद्यार्थी समूह के लिए एक बड़ा अवसर है। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से प्रांत संयोजक शिवम मिश्र आशुतोष राणा विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी महानगर सहमंत्री तान्या सिंह,अवध विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी इकाई मंत्री दिवाकर चौरसिया नेहा वर्मा आंशिका तिवारी विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय सहित एक सैकड़ा से ज्यादा छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर हिन्दू महासभा ने प्रशासनिक प्रतिबंधों से श्रद्धालुओं की समस्याओं पर आक्रोश जताया

**अयोध्या।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने देशवासियों के नाम अपने शुभकामना संदेश में 22 जनवरी को ÷ हिन्दू स्वाभिमान दिवस ÷ घोषित किया। राष्ट्रीय मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र अयोध्या से जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि शुभकामना संदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू महासभा ने 70 वर्ष तक फैजाबाद जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक मंदिर निर्माण का न्यायिक वाद लड़ा और सर्वोच्च न्यायालय से हिंदुओं के पक्ष में न्यायिक निर्णय प्राप्त करने में सफलता हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2024 को नवनिर्मित मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की, जिसे आज एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। पांच शताब्दियों की लंबी प्रतीक्षा और लाखों श्रीराम भक्तों के बलिदान के बाद देश के बहुसंख्यक समाज का सपना पूरा हुआ। देश के बहुसंख्यक समाज ने आत्म गौरव और आत्म स्वाभिमान का अनुभव किया। इसी आधार पर हिन्दू महासभा 22 जनवरी को हिन्दू स्वाभिमान दिवस घोषित कर रही है। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब हिन्दू महासभा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर को भी विधर्मी प्रतीकों से मुक्त करवाकर भव्य मंदिर निर्माण का अभियान चला रही है। उन्होंने दावा किया है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही मथुरा और काशी विश्वनाथ मंदिर में न्यायिक आदेश से भव्य मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ हो जाएगा।श्री मिश्र ने अयोध्या के छावनी क्षेत्र में विभिन्न प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या छावनी में गुप्तार घाट, पंचमुखी महादेव, पंचमुखी हनुमान जैसे अनेक पौराणिक धार्मिक स्थल है, किंतु छावनी क्षेत्र में अनेक प्रशासनिक प्रतिबंधों के चलते श्रद्धालु वहां तक नहीं पहुंच पाते । यह चिंता का विषय है।अधिवक्ता मिश्र ने कहा कि हिन्दू महासभा अनेक प्रशासनिक प्रतिबंधों का विरोध करती है और मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर प्रतिबंधों को कम करने की मांग करेगी। जरूरत पड़ी तो हिन्दू महासभा आंदोलन भी करेगी।

### गौसेवा रोटी बैंक से नगरवासी बन रहे पुण्य के भागीदारः डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल

**गोसाईगंज अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज द्वारा संचालित धारूपुर गौशाला की दशा व दिशा में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा हैं। रोजाना चल रहे गौसेवा रोटी बैंक से नगर में साफ सफाई भी दुरस्त रहने लगी है। गीला कूड़ा में जहां एम आर एफ प्लांट पर जैविक खाद्य बनाने की प्रक्रिया चल रही वही, रोटी बैंक से नगरवासी गौमाता को प्रथम रोटी दान करते हैं। साथ ही फल सब्जी की छिलके, गेहूं आदि खाद्य पदार्थ भी दान रूप में मिलता रहता है। रोटी बैंक के चालक गुड्डू सोनी रोजाना प्रातः 6 बजे से नगर के सभी वार्डों में भ्रमण कर गायत्री मंत्री स्तुति के साथ सेवा दान एकत्रित करते है, लगभग 1 बजे गौशाला पहुंचा कर गौमाता को वितरित कर दिया जाता है। उस समय इंतजार कर रही गौमाता को देख मन तृप्त हो जाता है। चेयरमैन डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया धार्मिक रूप से गौसेवा आदि कल से बहुत अहम माना गया है, सरकारी व्यवस्था के साथ यह गौसेवा का पुनीत कार्य कर नगरवासी पुण्य के भागीदार बन रहे। शासन को यह सेवा सभी नगर निकायों में लागू करनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलते ही नगर से गौवंश को केटल कैचर से गौशाला पहुंचा दिया जाता है। जहां डॉक्टरी उपचार सहित उनके रहने की सभी व्यवस्था कराई जाती है। ज्ञात हो विगत 11 जुलाई को नगर पंचायत गोसाईगंज के 71वीं स्थापना दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्षा द्वारा पूर्व अध्यक्ष स्व0 तारा देवी जायसवाल की स्मृति में गौसेवा रोटी बैंक का शुभारंभ किया था।

# सीएम की जनसभा में हर बूथ की सहभागिता में जुटी भाजपा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 24 जनवरी को होने वाली जनसभा की तैयारियां तेज कर दी गई है। जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारी बूथ स्तर पर घर-घर सम्पर्क कर रहें हैं। शक्ति केन्द्रों तथा मंडलों में बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया रहा है। बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, एमएलसी अवनीश पटेल ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनसभा में लग रहे टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, मंच साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, वाहन पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए पदाधिकारी बूथों पर जनसम्पर्क कर रहें है। जनसभा में हर गांव तथा हर बूथ से सहभागिता हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश सह प्रभारी



संजीव चौरसिया ने कहा विपक्ष की नकारात्मक तथा गुमराह करने की राजनीति को जनता जा चुकी है। वह उनके बहकावे में नही आने वाली है। 24 जनवरी को यहां सीएम की जनसभा ऐतिहासिक होगी। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि जनसभा की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शेष समयवद्ध पूर्ण कर ली जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक में प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, जनसभा के संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, गन्ना समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यूको बैंक का तीसरी वित्तीय तिमाही में शानदार प्रदर्शन, परिचालन लाभ बढ़कर 1586 करोड़ रुपया

**अयोध्या।** यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, अश्वनी कुमार ने बैंक के तिमाही प्रदर्शन की प्रगति रिर्पोट बताई। उन्होंने बताया कि परिचालन दक्षता में सुधार और ग्राहक केंद्रित पहलों के साथ बैंक ने सतत विकास को सुनिश्चित किया है। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सी.ई.ओ. अश्वनी कुमार ने तृतीय तिमाही में बैंक के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम की। जिसका प्रसारण यूको बैंक के प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या भी अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे एवं समस्त स्टाफ सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़े।अश्वनी कुमार ने बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 12.28 प्रतिशत बढ़कर 488911 करोड़ हो गया । सकल ऋण वर्ष-दर-वर्ष 16.44 प्रतिशत बढ़कर 208655 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 9.36 प्रतिशत बढ़कर 280256 करोड़ हो गया।उन्होंने बताया कि तिमाही में बैंक का वर्ष-दर-वर्ष शुद्ध लाभ 27.04 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ दिसंबर 2023 के 503 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 में 639 करोड़ रुपये हो गया।

# ठाकुर रोशन सिंह की जयंती पर अमर शहीद को भावपूर्ण नमन

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** जिला प्रशासन के सौजन्य से 19 जनवरी से 22 जनवरी तक चार दिवस ठाकुर रोशन सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में बिभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की व्यवस्था में शिखा सिंह की भूमिका बेहद सराहनीय रही।मुख्य विकास अधिकारी ने भावपूर्ण उपस्थिति दी। कार्यक्रम में 21 जनवरी को मातृशक्ति महाकुम्भ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका शिखा सिंह ने ही कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम का केंद्रबिन्दु पूंड्यश्लोक देवी अहिल्या वाई होल्कर रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ अपराजिता सिनसिनवार मुख्य वक्ता प्रोफेसर वंदना शर्मा बरेली कॉलेज बरेली कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णाराज



क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव, आरती सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष ममता यादव थी। मातृशक्ति महाकुम्भ में मातृशक्ति की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य शिविर स्वयं सहायता समूह के स्टाल शिक्षा विभाग के विभिन्न स्टाल आंगनवाड़ी आशा आदि के विभिन्न इस्टाल कार्यक्रम में रहे। विभिन्न खेल प्रतियोगिताये एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ रेनू पाण्डेय, डॉ सुधा यादव, डॉ मोना यादव, अंजू सिंह, रेनू सिंह, सविता वर्मा, मीना शर्मा, गायत्री प्रभा आदि उपस्थित रही।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जनपद में महिला योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखा

### महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने किया जनपद का भ्रमण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष चारु चौधरी बुधवार को जनपद भ्रमण कर महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही जिला कारागार, महिला अस्पताल और वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

उपाध्यक्ष श्रीमती चौधरी द्वारा जिला कारागार में महिला बन्दीगृह को देख गया। उन्होंने महिला बंदियों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने महिला बंदियों की समस्याओं के निस्तारण के हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश



दिया। इसके उपरांत उन्होंने महिला चिकित्सालय में प्रसव कक्ष, ओटी, ओपीडी और नार्मल डिलीवरी व सिजेरियन डिलीवरी वाली महिला प्रसूताओं से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और कई चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को भी देखा। शौचालय आदि में पर्याप्त व्यवस्था न होने पर असंतोष करते हुए पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। साफ-सफाई, रसोई और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। वन स्टॉप सेंटर में कुल 05 पीड़िताएं आवासित थीं। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी शांत प्रकाश, एसडीएम सदर रमेश कुमार, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

### नशीली दवा की खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार



**निचलौल (महराजगंज)।** प्रयागराज महाकुंभ मेले को लेकर सुरक्षा एजेंसियां बेहद सतर्क है। सीमा के सभी पगडंडी रास्तों पर पुलिस और एसएसबी के जवान एलर्ट है। बावजूद नशीली दवा के कारोबारी कोहरे का फायदा उठाकर दवा को नेपाल पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वुद्धवार की सुबह मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नशीली दवा की बड़ी खेप के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान निरंजन उर्फ विवेक पुत्र संजय निवासी ठूठीबारी व निकेश पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम पिपरा थाना बरगदवा बताया गया। कोतवाली पुलिस ने दोनो के विरुद्ध 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर चालान कर दिया है। प्रभारी कोतवाल प्रणव ओझा ने बताया कि कुंभ को लेकर टीम के एसआई दिव्य प्रकाश मौर्य, महिला सब इंस्पे. खुशबू, हेड का. माणिकचंद, का. सतीश यादव, नंदलाल यादव, भीम कुमार, कवि कुमार व बलवंत यादव के साथ मर्चहवा रोड पर निकले थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक नशीली दवा के साथ नेपाल जाने के फिराक में है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मर्चहवा रोड के समीप स्थित नवरंगा बगीचे के पास पहुंचे कि उसी दौरान दो युवक पैदल हाथ में प्लास्टिक के कैरेट हाथ में लेकर जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की तो दोनों भागने लगे। जिनको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। दोनो के पास से 480 पीस डायजीपाम व 490 पीस व्यूप्रेनारफिन इंजेक्शन बरामद हुआ। पूछताछ में दोनो ने स्वीकार किया कि नशीली दवाओं को नेपाल ले जाकर बेचते है, जहां से बड़ा मुनाफा कमा लिया जाता है।

# रेलवे लाइन के लिए लंबित एनओसी को जल्द करवाने का निर्देश

### जिलाधिकारी ने एनएच और रेलवे लाइन से जुड़े मामलों को लेकर की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा एनएच-24 गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग, एनएच-730 महराजगंज-ठूठीबारी राजमार्ग और घुघली-आनंदनगर वाया घुघली रेलवे लाइन के संदर्भ में समीक्षा बैठक की गई।



जिलाधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिकर भुगतान वितरण, संरचनाओं को हटाने, छूटे हुए मकानों का मूल्यांकन, वृक्षों के कटान आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गई। उन्होंने प्रतिकर भुगतान के लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया। कहा कि जिन मामलों में प्रतिकर भुगतान किया जा चुका है, उनमें ध्वस्तीकरण को संबंधित एसडीएम अगली बैठक से पूर्व सुनिश्चित कराएं। चेहरी तटबंध पर रेलवे द्वारा भारी मशीनरी के परिवहन से तटबंध को संभावित नुकसान की आशंका को लेकर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के निर्देशानुसार तटबंध के अनुरक्षण हेतु एक्सईएन रेलवे को निर्देशित किया। उन्होंने एक्सईएन सिंचाई प्रथम को रेलवे लाइन हेतु मुख्य अभियंता स्तर पर लंबित एनओसी को जल्द से जल्द जारी करवाने हेतु निर्देशित किया।

### शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माणः बलबीर सिंह

**महराजगंज (मिठौरा)।** शिक्षा से ही व्यक्ति का नैतिक और चारित्रिक विकास होता है। हमें जीवन में यदि सफल होना है तो चरित्र निर्माण की भूमिका अहम् है। उक्त बातें दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कालेज चौक बाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सोनाड़ी खास मंदिर प्रांगण में आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन बौद्धिक सत्र में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के शिक्षक बलबीर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा के माध्यम से कर्तव्य बोध को याद दिलाता है ।यदि व्यक्ति के अंदर कर्तव्य बोध की भावना जागृत हो जाए तो वह कठिन से कठिन कार्य को आसानी से कर सकता है। कार्यक्रम अधिकारी रामसुखी यादव द्वारा बताया गया कि प्रार्थना सभा के पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम जागरूकता अभियान चलाया गया। बौद्धिक सत्र में स्वयंसेविका श्रेया मिश्रा व मुन्नी विश्कर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# बिस्कोहर ने दुफेड़िया को फाइनल में किया पराजित



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** दुफेड़िया प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का फाइनल मुकाबला दुफेड़िया बनाम बिस्कोहर के बीच में खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी फजलुर्रहमान ने फीता काट कर किया। पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी फजलुर्रहमान खान ने कहा समाज में खेल की अहम भूमिका है इस आपसी नफरत खत्म होती है कोई छोटा बड़ा नहीं होता है सब बराबर होते हैं ये सोशल मीडिया का दौर है कोई प्रतिभा नहीं दबा सकता है कोई एक खिलाड़ी बढ़िया प्रदर्शन के दम पर .जनपद का नाम रोशन कर देगा। बिस्कोहर ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया, जिसमें बिस्कोहर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 93 रन पर सिमट गई। सलमान खान 35 रन असलम से 30 रन की शानदार पारी खेली और वहीं अज्जू ने कम गेंद पे 15 रन का योगदान दिए और वहीं कम रन 93 का पीछा करने उतरी दुफेड़िया वॉरियर्स टीम ने 12 ओवर में मात्र 78 रन ही बना पाई, जिसमें परवेज की खतरनाक गेंदबाजी से 10 रन देकर 4 विकेट लेकर अपनी टीम को 15 रन से जीत दिलाकर दुफेड़िया प्रीमियर लीग 2025 पे कब्ज़ा किया, मैच के मैंन ऑफ द मैच परवेज व 119 रन और 7 विकेट लेकर मैन ऑफ द सीरीज नौशाद रहे। विजेता टीम बिस्कोहर के कप्तान अज्जू को टूर्नामेंट के अध्यक्ष नफीस अहमद उपाध्यक्ष नदीम खान और पूर्व जिला पंचायत सदस्य फजलुर्रहमान खान ने दो हजार नगद और कप दिया। उपविजेता टीम को दस हजार नगद व इनाम दिया।

# एक दिवसीय माटीकला जागरूकता एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास भवन परिसर स्थित डा भीमराव अम्बेडकर सभागार में बुधवार को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय माटीकला जागरूकता एवं निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं मुख्य प्रबन्धक मार्गदर्शी बैंक, भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक संख्या में माटीकला से जुडे कारीगर व कुम्हार/प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

जागरूकता शिविर में गंगाधर दुबे, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने सभी अतिथियों का बुके व अंगवस्त्रम् देकर स्वागत किया। दीपक मिश्रा, प्रबन्धक खादी तथा ग्रामोद्योग द्वारा कार्यक्रम के आयोजन व विभाग द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में चयनित 30 लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक का वितरण किया गया, एवं मण्डल स्तर पर विगत वर्षों में पुरस्कृत माटीकला के शिल्पकारों को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मण्डल स्तर पर माटीकला पुरस्कार योजना में प्रथम स्थान पर पुरस्कृत श्रीमती नीलम प्रजापति जिनके द्वारा माटीकला के कलात्मक वस्तुओं का निर्माण किया जाता है, के द्वारा भी जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य प्रबन्धक मार्गदर्शी बैंक आर0 के0 सिन्हा द्वारा बैंक से ऋण प्राप्त करने की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से 10.00 लाख का ऋण लेकर कार्य कर रहे चन्द्र भूषण प्रजापति द्वारा भी उद्योग स्थापना की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी अग्रवाल द्वारा सभी को ग्रामीण अंचल में पूर्व से चल रहे माटीकला के कार्यों के महत्व के बारे में बताते हुए हुनर को और अधिक बढावा देने तथा माटीकला के उत्पाद को विकसित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की गयी तथा स्वरोजगार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु उत्साहित किया गया। जयेन्द्र कुमार, आई.ए.एस. मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में प्रजापति/कुम्हार वर्ग के लोगों द्वारा इस परम्परागत मिट्टी कला उद्योग को विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की गयी तथा अधिक से अधिक लोगों को योजना से जुड़ कर लाभान्वित होने हेतु प्रेरित किया गया तथा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया गया। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी तन्मय ने भी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक द्वारा किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए माटीकला से जुड़े उद्यमियों से अपने परंपरागत कार्य को और अच्छे तरीके से करने के साथ-साथ अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु आह्वाहन किया गया।

# उप्र उद्योग व्यापार संगठन के शिवदत्त नगर अध्यक्ष व नीरज महामंत्री मनोनीत



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** व्यापारियों के मुद्दों को व्यापारी की आवाज बनकर शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने के लिए मंगलवार की देर शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में नगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें शिवदत्त अग्रहरि अध्यक्ष, नीरज श्रीवास्तव महामंत्री एवं तनवीर अहमद को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन की संस्तुति पर इस बैठक में जिला महामंत्री भीमचन्द्र व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा वर्मा आदि की उपस्थिति में नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शिवदत्त अग्रहरि को अध्यक्ष, नीरज श्रीवास्तव को महामंत्री, तनवीर अहमद को कोषाध्यक्ष, दुर्गेश गुप्ता एवं राधवेन्द्र यादव को उपाध्यक्ष तथा अब्दुल रहीम को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।

# अधिकारियों ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अध्यक्ष विजिटर बोर्ड/जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जनपद के शीर्ष अधिकारियों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव, कृषि अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रोजगार अधिकारी, उप सह विद्यालय निरीक्षक के द्वारा बुधवार को जिला कारागार सिद्धार्थनगर का विजिट एवं निरीक्षण किया गया। कारागार निरीक्षण के दौरान पाकशाला, अस्पताल एवं बैरकों की साफ सफाई, भोजन की गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। कारागार में निरुद्ध बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं पूछी गई तथा कारागार में श्रमिक बंदियों के पृथक्करण उनके बीच प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को लेकर जाति आधारित किसी प्रकार का भेदभाव न हो पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक/कारापाल मुकेश प्रकाश, उप कारापाल अजीत चंद एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जनाबे सकीना की विलादत पर हुई महफ़िल

## मुकामी शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी

अवधनामा संवाददाता





**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इमाम हुसैन अस की बेटी रूकैया का एक लक़ब जनाबे सकीना था। ये वो बेटी थी जो इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम 57 हिजरी के 21 रजब को जिसकी विलादत हुई और जब कर्बला का वाक्या पेश आया तब आपकी उम्र महज़ चार साल थी। लेकिन उस चार साल की सिन में जनाबे सकीना ने तमाम मुश्किलात का सामना किया और पूरी मज़बूती के साथ अपने बाप और वालिदे बुज़ुर्गे वार यानी इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के साथ अपने मकसद पर टिकी रही और डटी रही ज़ुल्म का मुकाबला किया हर तरीके के ज़ुल्म व सितम को बर्दाश्त करने के बावजूद एक लम्हे के लिए हक के मुनहरिफ़ नही रही।

उक्त बातें मंगलवार शाम तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित दरगाह हज़रत अब्बास अ0 में जनाबे सकीना की विलादत के मौके पर आयोजित महफ़िल में तकरीर करते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कही। मौलाना ज़ैदी ने आगे कहा कि आपको जनाबे सकीना इसलिए कहा जाता था कि क्योंकि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को अपनी इस बेटी से बहुत सकून मिलता था। वह अपने बाप के सकूने कल्ब के लिए तसकीन और इत्मीनान का ज़रिया थी।

इस वजह से आपको सकीना कहा जाता था आपका रौज़ा शाम के दमिश्क नामक शहर में मौजूद है जहाँ जाएरीन उनकी कब्र की ज़ियारत के लिए कसीर तादात में जाते है और उनके ज़रिये परवर दिगार से अपनी हाजतों का मुतालबा करते हैं। महफ़िल की शुरुआत शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ ततपश्चात नातेपाक जलाल मास्टर ने पेश किया।

इसके बाद मुकामी शायरों में आले रज़ा, हसन जमाल, अज़ीम हल्लौरी, हसन सादिक, खुलूस, काज़िम मेंहदी, आबिद, रैना, अज़ीम सज्जादी, अर्श आदि ने जनाबे सकीना की शान में कलाम व कसीदों के ज़रिए एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। अंत मे महफ़िल आयोजक काज़िम मेहदी व अफसर हल्लौरी ने आये हुए शायरों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने किया पैमाइश

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** डीएम के आदेश पर बुधवार को कस्बे के निराला नगर वार्ड में स्थित बंजर व गड्ढे की भूमि पर पर किए गए अतिक्रमण की पैमाईश नायब तहसीलदार की मौजूदगी में राजस्व टीम ने किया है। डीएम सिद्धार्थ नगर के आदेश के क्रम में नगर पालिका परिषद बांसी के निराला नगर वार्ड में स्थित गड़ही व बंजर की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण की पैमाइश नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह की मौजूदगी में राजस्व व पुलिस टीम ने पैमाईश किया।

इस संबंध में नायब तहसीलदार अमित सिंह ने बताया कि पैमाईश हुई है रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। कुछ भाग में अतिक्रमण है। रिपोर्ट तैयार कर एस डी एम बांसी को सौंप दिया जाएगा। पैमाईश करने वाली टीम में राजस्व निरीक्षक कृष्णभूषण द्विवेदी, लेखपाल अनिल श्रीवास्तव, अनिल यादव, गिरीश श्रीवास्तव, असलम परवेज, साधू शरण आदि शामिल थे।

# घर-घर जाएंगे, साहित्य पहुंचाएंगे कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थनगर के प्रचार विभाग द्वारा घर-घर जाएंगे, साहित्य पहुंचाएंगे कार्यक्रम के अंतर्गत 17 जनवरी से 23 फरवरी तक चल रहे साहित्य सप्ताह में पंच यज्ञ से परम वैभव, महाराणा प्रताप, संघ का आह्वान तथा जागे राष्ट्र पुरुषार्थ पुस्तक वितरित की गई।

उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में पंच परिवर्तन के साथ कार्य विस्तार की योजना बनाई है, जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस संदर्भ में संघ ने व्यापक जनसंपर्क और साहित्य वितरण के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से संघ समाज में सेवा की भावना को प्रोत्साहित कर रहा है। जिला प्रचारक विशाल, नगर विचारक मोहित, प्रचार प्रमुख योगेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव राजेश जासवाल, अर्चिष्मान मिश्रा, राजा राम लोधी, सतीश रस्तोगी, फतेह बहादुर सिंह, अजय उपाध्याय, पवन मिश्रा, विपिन सिंह, अराविन्द उपाध्याय, दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, सुरेश, प्रहलाद आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# जनेश्वर मिश्र ने डा. लोहिया के विचारों को पूरे देश में फैलाने का किया था काम : लालजी यादव



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र ने डा. राम मनोहर लोहिया के विचारों को पूरे देश में फैलाने का काम किया था। जिससे समाज के दबे कुचले लोगों को सत्ता की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्म निर्भर बनाया जा सकें। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में उनके सपने को साकार करने का काम किया था। इसी कारण वह छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध हुए। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहीं। वह बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर र छोटे लोहिया के पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचार धारा उनके रग रग में बसी थी। ऐसे नेताओं के कमी पार्टी में हमेशा खलती रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं को उनके बताए रास्ते पर चले। उन्होंने हमेशा पीडीए को मजबूत करने की वकालत किया था। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को पूर्व विधायक विजय पासवान, कमरुज्जमा खान, उग्रसेन सिंह, मोनू दूबे, बेचई यादव, अफसर रिजवी, रामफेर यादव, प्रदीप पथरकट, राम सेवक लोधी, बहरैची प्रेमी ने संबोधित किया। अजय यादव, सुनील पहलवान, रिंधू पासवान, जय प्रकाश यादव, अनिरुद्ध यादव, चंद्रभान पहलवान आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर प्रथम वर्षगांठ पर निकाली गई शोभायात्रा



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्रथम प्रांण प्रतिष्ठा वर्ष पर नगर पंचायत शोहरतगढ व खुनुवा बाजार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो गाजे- बाजे के साथ श्रीराम जानकी मंदिर से निकलकर गडाकुल तिराहे से होते हुए वापस नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर, सब्जी मंडी, प्रेमगली, नीबीदोहनी से स्व पं वेणी माधव के घर होते हुए पुनः पुलिस पिकेट होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में शोभायात्रा का समापन हुआ।

इस दौरान विधायक विनय वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राममिलन त्रिपाठी, गोपी रुंगटा, प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, शिक्षक रामविलास यादव एवं धर्मेंद्र सिंह तोमर, कार्यक्रम आयोजक रामसेवक गुप्ता, सतीश मित्तल, शिवशक्ति शर्मा, किशोरी लाल, पप्पू लख्खा, राजकुमार मोदनवाल, हियुवा के सौरभ गुप्ता, बबलू गौड़, अनूप कसौधन,पवन कसौधन, सतीश वर्मा, शिव कुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अभिषेक चौधरी, रामविनोद यादव, नवीन पाण्डेय, विरेन्द्र गौड़, राजेन्द्र कुमार, कुश मोदनवाल, नन्दू गौड़, अनिल गुप्ता, रामवृक्ष कनौजिया, आकाश कनौजिया, राजन कसौधन सजमुच तिवारी, दुर्गेश गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष के साथ बच्चों आदि मौजूद रहें।

# गणतंत्र दिवस को परम्परागत एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाये जाने को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को परम्परागत एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने बैठक में बताया कि प्रातः 8:30 बजे सभी सरकारी/ गैर सरकारी भवनों के कार्यालयों पर कार्यालयाध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान झण्डा रोहण अभिवादन और राष्ट्र गायन के साथ गणतन्त्र दिवस के संबध में विस्तृत चर्चा की जायेगी।

प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन में परेड का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 10:00 बजे समस्त शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय, जिसमें राष्ट्रगान, सामूहिक गान सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास एवं देश भक्तों के प्रेरक प्रसंग बताये जाये। इस के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगे। अपरान्ह 2:30 बजे एन0सी0सी0 स्काउटों एवं गाइड तथा पी0आर0डी0 व होमगार्ड के जवानों का सम्मिलित रूट मार्च किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड होगे। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो व शहीदो की पत्नी को आमंत्रित कर उनको सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने नगर क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्ति की साफ-सफाई कराये। एक दिन पूर्व सभी सरकारी भवनों में साफ-सफाई, सजावट/लाइटिंग आदि कराने का निर्देश दिया। खादी के झण्डों का प्रयोग किया जाये। प्लाटिक के झण्डे किसी भी दशा में प्रयोग न किये जाये। ध्वजारोहण के पश्चात हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैग लाइन वाले पोस्टर बैनर एवं झण्डे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया जाये। मलिन बस्ती में बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीप्रकाश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की

**बस्ती।** जनपद के साऊघाट विकास खंड के मचखरिया निवासी प्रतिमा गुप्ता पत्नी ईश्वरचंद गुप्ता निवासी ग्राम मचाखरिया के ऊपर फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी में अवैधानिक तरीके से प्राथमिकता लेने की साजिश का आरोप लगाते हुए कपीश मिश्र निवासी रहठोली, ग्राम पंचायत मचखिरिया विकास खंड साऊघाट तहसील व जिला बस्ती ने जिलाधिकारी और तहसील दिवस पर शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। पत्र में उन्होंने बताया कि प्रतिमा गुप्ता द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद हेतु प्रमाण पत्र लगाया गया है। लेखपाल को गुमराह कर 45000 रुपए सालाना का बीपीएल श्रेणी आय प्रमाणपत्र बनवाया गया है। इसके आधार पर आंगनबाड़ी केंद्र रहठोली में कार्यकत्री पद हेतु चयन में बीपीएल श्रेणी का लाभ लेने की कोशिश की जा रही है जोकि पूरी तरह अवैधानिक है। पत्र में बताया गया है कि प्रतिमा गुप्ता के परिवार द्वारा हाल ही में ग्रामपंचायत में जमीन खरीद कर पक्का मकान का निर्माण करवाया गया है।

# स्व. जनेश्वर जीवन भर वंचित समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया : चमन आरा राईनी

## सपा नगर कार्यालय पर मनाई गई छोटे लोहिया स्व जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के नरकटहा निरालनगर में स्थित समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय में समाजवादी आन्दोलन के पुरोधा छोटे लोहिया स्व जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि स्व जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के पुरोधा थे उन्होंने जीवन भर वंचित समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। पूर्व नपा अध्यक्ष व सपा जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समता मूलक समाज के हिमायती थे। उन्होंने हमेशा गरीब, मजदूर व मजलूमों की लड़ाई लड़ते रहे। वह समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते थे। इसके बाद नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी, पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी, सपा नगर अध्यक्ष कपिलदेव, रिजवान अहमद सब्बू, बुद्धिराम प्रजापति, महताब आलम सन्नू पवन यादव, मैनू नेता आदि ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# डीएम ने प्रा. विद्यालय महादेवा मौलवी का किया निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर0 द्वारा बीएचएनडी दिवस के अवसर पर विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय महादेवा मौलवी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा केन्द्र पर उपस्थित एएनएम बंदना यादव से एचआरपी रजिस्टर को देखा गया। जिसमें 7-8-9 माह की गर्भवती महिला का नाम एचआरपी रजिसटर में देखा गया। एएनएम से पूछा गया कि गर्भवती महिला को क्या सलाह दी गयी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओ का स्वास्थ्य सुधार करने का निर्देश दिया। किसी भी गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरते। बच्चो का टीकाकरण समय से लगवाये।

# प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर बांटा गया प्रसाद

**बसखारी, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर नगर पंचायत क्षेत्र के बसखारी किछौछा आदि कई स्थानों पर प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।तो वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत अध्यक्ष ओंकार गुप्ता की देख रेख में अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई। बसखारी बाजार में प्रसाद वितरण कार्यक्रम के मुख्य आयोजन में सुमित कुमार गुप्ता (मक्कू वैद्य), संगम सोनी, किछौछा में साहिल सोनी के नेतृत्व में रामलीला मैदान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बसखारी बाजार में शुरू हुआ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा तो वहीं किछौछा रामलीला मैदान में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जय श्री राम के गगन भेदी नारों लगायें और भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की शुरुआत प्रभु श्री रामचंद जी के चित्र के समक्ष उनकी आरती करते हुए शुरू की गई।

# इंजीनियर एजाज़ अंसारी ने किया उर्स मुबारक का उद्घाटन



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** इंजीनियर एजाज़ अंसारी ने हज़रत सुभान अली शाह रहमतुल्ला आलय 200 साला उर्स मुबारक तलवा पार उर्स मुबारक का उद्घाटन किया। उर्स मुबारक का उद्घाटन करते हुए इंजीनियर एजाज़ अंसारी ने कहा कि उर्स उत्सव भारत में आयोजित एक वार्षिक उत्सव है। हजरत सुभान अली शाह रहमतुल्लाह अलै के उर्स मुबारक के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस सूफी संत ने सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता का उपदेश दिया और प्रेम का संदेश दिया। मुस्लिम मान्यताओं में सूफी संत ईश्वर या अल्लाह के प्रेमी समझे जाते हैं और उनकी मृत्यु को विसाल कहा जाता है। इस मौके पर उन्होंने ने विधानसभा व मुल्क के अमन व शांति की दुआ की इस दौरान हाजी कैफुलवला उर्फ मुन्ना, कुतुब आलम, मो शाबान चिश्ती, मो ताहिर, महबूब आलम, गुलाम फरीद, इल्मउल हक व सुब्हानी आदि सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# भाजपा के लिये मनुस्मृति संविधान और गोडसे आदर्श

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में विकास क्षेत्रों में जनता को संवधिन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जारी ''जय बापू, जय भीम'' अभियान के तहत बुधवार को सदर विकास क्षेत्र के भरौली न्याय पंचायत के महादेव गांव में गोष्ठी व पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी संविधान को नही मानती, इसीलिये संविधान को खत्म करने के लिये चुनाव में उसके नेता जनसमर्थन जुटाते हैं। लेकिन जब तक कांग्रेस पार्टी का एक भी सांसद विधायक या कार्यकर्ता जीवित है संविधान पर आंच नही आने पायेगी। कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजों को धूल चटाया था और भारत को आजाद कराया था। इसलिये बाबा साहब ने जो संविधान दिया है उसकी रक्षा के लिये कांग्रेस का हर नेता, कार्यकर्ता हर प्रकार का त्याग करने को तैयार है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डा. आलोक रंजन वर्मा ने कहा कांग्रेस पार्टी संविधान में निहित मूल्यों की विरासत को संरक्षित करने के लिये प्रतिबद्ध है। भाजपा बापू, और संविधान दोनो को नही मानती। भाजपा मनुस्मृति को संविधान और गोडसे को आना आदर्श मानती है। जनता को भाजपा का षडयंत्र विफल करना होगा। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा एवं गोष्ठी में प्रमुख रूप से शीतला शुक्ला, सर्वेश मिश्रा, गंगा मिश्रा, शौकत अली, चन्द्रशेखर वर्मा, गुड्डू सोनकर, रामपूरन चौधरी, नीरज राना, सूरज राना, प्रिंस आजाद, सर्वेश गौतम, मोनू गौतम, लालजी गौतम आदि का योगदान रहा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

प्रतीक्षित दिल्ली विधानसभा के चुनाव की घोपड़ा हो गई है। पाच तारिख को वोट पडेगे और आठ को नतीजे आयेगे। तीन प्रमुख पार्टियां प्रत्यारोप तिखी बयान बाजी की दुन्दूभी बाजनी शुरू हो गई है। पिछले चुनाव के तीनो दल इस इस बार भी चुनाव मैदान में है। आम आदमी पार्टी जबसे बनी है तबसे तिकोना मुकाबला ही चल रहा है। आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा में फ्रीबी देकर और मुहल्ला डिस्पेन्सरी खोल कर अन्य सुविधायें देकर जनता को अपने पक्ष में किये हुये है। उसकी भी उसकी सरकार काबिज है। दिल्ली के अलावा अन्य दो राज्यों में अपनी सरकार काबिज है। दिल्ली के अलावा अन्य दो राज्यों मे अपनी सरकार बनाकर अपनी हनक बना ली है। आक्रमक शैली अपनी प्रचार और सरकारों के आलोचना का माध्यम बनाया है जिसका फायदा उसे मिल भी रहा है। राजनीति मे इसकी वजह से उसका अलग मुंकाम बन गया है। आक्रमकता ने आप पार्टी को गतिशील तो बनाया हालाकि इससे अन्य दलों से रिश्तें सामान्य नही बन पा रहे है। चुनाव में भाजपा और कांग्रेस आप पर तीखे हमले कर रहे है जो चुनाव लड़ने की शैली में यह कोई नई बात नहीं है।

गौर करने की बात है कि छह महीने पहले जो लोकसभा चुनाव हुआ था उसमें कांग्रेस और आप सहयोगी थी इन्डिया के संयुक्त मोर्चे में शामिल थी। तब दोनो मिलकर भाजपा पर हमले कर रहे थे। इनकी तीखी बयानबाजी विपक्ष के रूप में बने इन्डिया को इससे असहजता पैदा हो रही है। शिवसेना यूबीटी जैसे दल इन्हें बार बार संयम बरतने की इल्तजा कर रहे है। पर दोनो अपने घुन में मस्त है।

जिस आक्रमता से यह चुनाव लड़ा जा रहा है उससे तय है कि इसके नतीजे अन्य आगामी चुनाव को पूरी तरह प्रभावित करेगे। दिल्ली सरकार के आन्तरिक समीकरण के लिहाज से यह चुनाव जीतना उसके लिये जरूरी हो गया है उसके लिये मरने जीने जैसा हो गया है क्योंकि आन्तरिक समीकरण के लिये उसे जीतना जरूरी हो गया है। इसीलिये इस चुनाव में वह जी जान लगा कर जूझ रही है। अगर यह चुनाव उसके हाथ से निकल गया तो पंजाब जैसे राज्य में उसके लिये सत्ता गवाने का खतरा पैदा हो जायेगा।

समीक्षकों की निगाह इस चुनाव के नतीजे से इन्डिया बलाक के समीकरणों में किस तरह के बदलाव आते इस पर लगी हुई है। इन्डिया ब्लाक का आन्तरिक समीकरण कई पार्टियां होने की वजह से हमेशा पेचीदा बना रहा है। लोकतन्त्र में आम चुनाव एक आकर्षक पहलू होता है जिसे हर लोकतान्त्रिक देश देखना चाहता है। कुछ देश दिखावटी लोकतन्त्र के नाम पर दिखावटी चुनाव करा कर अपने को सर्वोच्च कुर्सी पर जिन्दगी भर काबिज रहते है जो लोकतन्त्र नहीं तानाशाह तन्त्र होता है। शुक्र है हम भारतीय लोकतन्त्र के सबसे बड़े हिमायती है।

## आज़ादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस


हर्षवर्धन पाण्डे

सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता थे। उनका नाम भारतीय आज़ादी के संघर्ष सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। वे न केवल भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख नेता थे, बल्कि अपनी संघर्षशीलता के चलते दुनिया भर में प्रेरणा के स्रोत बने। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उन्होंने न केवल भारतीय स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जिन्होंने अपनी नीतियों, साहस और समर्पण से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक, उड़ीसा में एक प्रतिष्ठित बंगाली परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माता का नाम प्रभावती देवी था। वे परिवार के नौवें और अंतिम संतान थे। अपनी प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर सुभाष ने 1915 में बीमारी के बावजूद इंटरमीडिएट परीक्षा दी और द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण की जिसके बाद 1919 में बी.ए. आनर्स प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर कलकत्ता विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अपनी अध्ययनशीलता के कारण वह कालेज में हमेशा अव्वल दर्जे के छात्र रहे। उन्होंने इंग्लैंड में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। भारत माता को ब्रिटिश शासन सत्ता से मुक्ति के लिए हुए स्वाधीनता संघर्ष में भाग लिया।

छात्र जीवन में ही सुभाष ने विवेकानन्द साहित्य का अध्ययन कर लिया था जिसने उन्हें राष्ट्रीय चेतना से समृद्ध किया और चिंतन-मनन करने की सुदृढ़ जमीन दी। पुत्र को आईसीएस बनाने की पिता की इच्छा का मान रखते हुए सुभाष 1919 में ब्रिटेन के लिए रवाना हुए और आईसीएस परीक्षा न केवल उत्तीर्ण की बल्कि अंग्रेजों की चाकरी को स्वीकार न कर भारत माता की सेवा-साधना का पथ अंगीकार किया। सेवा से त्यागपत्र देकर जून 1921 में भारत वापस आकर राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लिया। वे चित्तरंजन दास की स्वराज पार्टी से जुड़े और फारवर्ड समाचार पत्र का संपादन भी किया। 1923 में उन्हें अखिल भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया। उनके क्रांतिकारी आन्दोलनों के चलते उन्हें 1925 में मांडले जेल भी भेजा गया जहाँ उन्हें तपेदिक की बीमारी हो गई थी। 1938 में बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। उस दौर को याद करें तो सुभाष की लोकप्रियता जबरदस्त रही। कांग्रेस के 51वें अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में दिया गया उनका भाषण दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भाषणों में शुमार किया जाता है। कांग्रेस में सुभाष के बढ़ते प्रभाव से कुछ वर्षों में ही कांग्रेस के अन्दर के नेताओं का प्रभामंडल कमजोर होने लगा। इस दौर में गांधी जी से उनका मतभेद भी हुआ। इसका परिणाम यह हुआ कि 1939 के त्रिपुरा अधिवेशन में अध्यक्ष के मनोनयन की परम्परा के उलट कांग्रेस को चुनाव करवाना पड़ा। देश और कार्यकर्ताओं की पहली पसंद सुभाष थे लेकिन गांधी जी ने अपने प्रत्याशी के रूप में पट्टाभि सीतारमैया को सुभाष के विरुद्ध खड़ा कर जिताने की अपील की किन्तु सुभाष ने सीतारमैया को पराजित कर दिया जिस पर गांधी जी इस टिप्पणी कि सीतारमैया की हार मेरी हार है। सक्रिय सुभाष बहुत दुखी हुए और उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा दे दिया। उन्होंने 1928 में नेशनल कांग्रेस के महासचिव के रूप में कार्य किया लेकिन उनकी नीतियों से असहमति होने पर वे कांग्रेस से अलग हो गए। विदेश प्रवास के दौरान सुभाष ने कांग्रेस के भीतर फारवर्ड ब्लॉक बनाकर अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया तब उन्हें कांग्रेस से निकाल दिया गया। बापू के सुझाव पर सुभाष कोलकता आकर देशबंधु जी के साथ काम करने लगे। दास ने कोलकता महापालिका का चुनाव लड़ा और जीत अर्जित कर महापौर बने। तब उन्होंने सुभाष को महापालिका का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया। यहां पर सुभाष ने की कार्यशैली ने सबका दिल जीत लिया और जनता के दिलों में अलहदा पहचान बनाने में सफलता हासिल की। आजादी की लड़ाई के दौरान वह 11 बार जेल भी गए। 1933 से 1936 तक जब स्वास्थय लाभ लेने के लिए वे यूरोप में रहना रहे तो मुसोलिनी और आयरलैण्ड के नेता डी. बलेरा से भेंट कर सहयोग का वचन लिया। आस्ट्रिया में चिकित्सा प्राप्त करने के दौरान पुस्तक लिखने हेतु टाईपिस्ट एमिली शेंकेल से प्रभावित हुए और उनसे विवाह कर लिया। हालाँकि अपनी राजनीतिक छवि को ठेस न पहुंचे इसलिए उन्होनें इस रिश्ते को बड़ा गोपनीय रखा। 29 नवम्बर 1942 को अनीता बोस के रूप में उन्हें पुत्री मिली जिससे वे कभी मिल नहीं सके। जनवरी 1941 में नजरबंदी के दौरान ही ब्रिटिश पुलिस और जासूसों को चकमा देकर वे जर्मनी पहुंचे। हिटलर एवं जर्मनी के अन्य नेताओं से भेंट कर आजाद हिन्द रेडियो की स्थापना की। वहां से जापान पहुंच कर जनरल तोजो से भेंट की और जापानी संसद को सम्बोधित किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना। यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है।**

# सुभाष चंद्र बोस : पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत


गजेन्द्र सिंह शेखावत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो।

सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने



अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में स्वराज नामक एक समाचार पत्र शुरू किया। नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ़ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ़ एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।

उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना। यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

नेताजी ने आईएनए के भीतर झांसी की रानी रेजिमेंट का गठन करके नारी शक्ति के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श माननीय प्रधानमंत्री के भारत के विज़न में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहाँ महिलाएँ देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं। पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है।

एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम एक उज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

# सुभाषचन्द्र बोसः आजादी की सबसे उजली उम्मीद बने

**सुभाष चन्द्र बोस के लिये असंभव कुछ नहीं था, वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी।**


ललित गर्ग

खून के बदले आजादी देने का वादा करने वाले भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के करिश्माई नेता, महान स्वतंत्रता सेनानी और विलक्षण एवं साहसी व्यक्तित्व के धनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा है। उनका त्याग, उनका बलिदान, उनकी साहसिकता, उनकी राष्टीयता सर्वोपरि रहने के बावजूद उन्हें आजादी के बाद यथोचित सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुराग्रह का प्रतीक बनी रही, लेकिन लम्बे इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि आजादी आंदोलन के महानायक एवं कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को नरेन्द्र मोदी सरकार ने 'राष्ट्रीय पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज एवं नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरुआत हो गयी है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की सबसे उजली उम्मीद बनकर उभरे थे। उन्होंने अपने शौर्य एवं पराक्रम से भारत को आजादी दिलाई एवं उन्होंने जिस अमृत को अपने संघर्ष से बटोरो एवं सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकी गयी, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भूला दिया गया, नेताजी के योगदान को भूला दिया गया। यही कारण है कि 78 वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। नेताजी भारत के लिये करिश्में का एक ऐसा नाम था, जिन्होंने आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी, समृद्ध एवं सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता



से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है। सुभाष चन्द्र बोस के लिये असंभव कुछ नहीं था, वे भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था।

सुभाषचन्द्र बोस आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था। इस बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि जर्मन के तानाशाह अडोल्फ हिटलर ने ही सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहली बार 'नेताजी' कहकर बुलाया था। नेताजी के साथ ही सुषाभ चंद्र बोस को देश नायक भी कहा जाता है। कहा जात है कि देश नायक की उपाधि सुभाष चंद्र बोस को रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिली थी। 'नेताजी' हर कीमत पर मां भारती को आजादी की बेड़ियों से मुक्त कराने को आतुर देश के उग्र विचारधारा वाले युवा वर्ग का चेहरा माने जाते थे। महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस ने ही 'राष्ट्रपिता' कह कर संबोधित किया था। उन्हें 1921 से 1941 के बीच में 11 बार देश के अलग-अलग जेल में कैद किया गया।

सुभाषचन्द्र बोस के जीवन की कहानी अधिक रोमांचकारी एवं अद्भुत रही है, लौह-संकल्पों एवं हौसलों से उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिये, जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा' का नारा देकर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरी। आजाद हिन्द सरकार ने वादा किया था 'बांटो और राज करो' की उस नीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का, जिसकी वजह से भारत सदियों तक गुलाम रहा था। इसके लिये नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हाल के सामने 'सुप्रीम कमाण्डर' के रूप में आज़ाद हिंद फौज की सेना को सम्बोधित करते हुए 'दिल्ली चलो!' का नारा दिया और जापानी सेना के साथ मिलकर ब्रिटिश व कामनवेल्थ सेना से बर्मा सहित इंफाल और कोहिमा में एक साथ जमकर मोर्चा लिया। आजाद हिन्द फौज को छोड़कर विश्व-इतिहास में ऐसा कोई भी दृष्टांत या उदाहरण नहीं मिलता जहाँ तीस-पैंतीस हजार युद्धबन्दियों ने संगठित होकर अपने देश की आजादी के लिए ऐसा प्रबल संघर्ष छेड़ा हो।

21 अक्टूबर 1943 को सुभाषचन्द्र बोस ने आज़ाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड सहित 11 देशो की सरकारों ने मान्यता दी थी। जापान ने अंडमान व निकोबार द्वीप इस अस्थायी सरकार को दे दिये। नेताजी उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। 1944 को आज़ाद हिंद फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया। कोहिमा का युद्ध 4 अप्रैल 1944 से 22 जून 1944 तक लड़ा गया एक भयंकर युद्ध था।


# देश में प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

**पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुक़ददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुक़द्दमा? इस तरह के हादसों का ज़िम्मेदार कौन हो सकता है?**


निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े बाज़ार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीज़ों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फ़ोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाज़ार में भरे पड़े हैं वहीँ चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली, नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फ़र्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाज़ी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फ़ोटो फ्रेम, नज़र बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है चाईना डोर।

'चाईना डोर' का प्रयोग पतंगबाज़ी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाज़ी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फ़ुर्सत के लम्हे पतंगबाज़ी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर/मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाज़ी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरुआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग ज़ख़्मी हो जाते थे। परन्तु आख़िरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाज़ार में चाइनीज़ मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाज़ी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। हालत यह हो गयी है कि शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जिस दिन देश के किसी न किसी कोने से चाईना डोर के चलते होने वाले हादसों की ख़बरें न आती हों। दरअसल चाईना डोर में प्रयुक्त धागा किसी ऐसी सामग्री का बना हुआ तेज़ धार वाला धागा है जो किसी व्यक्ति,वाहन पशु पक्षी



से उलझने के बावजूद खिंचने पर आसानी से टूटता नहीं।

पिछले दिनों हद तो यह हो गयी कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन ही अकेले गुजरात में ही 6 लोग पतंगबाज़ी में मर गये। आश्चर्य तो यह कि स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर उसी दिन गुजरात में ही स्थानीय लोगों के साथ पतंग उड़ाने का आनंद लिया। उन्होंने उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर शहर के मेमनगर इलाक़े में शांतिनिकेतन अपार्टमेंट की छत पर पतंग उड़ाई। पूरे देश में उसी दिन चाईना डोर से अनेक लोगों की मौत हो गयी। इसका तीखापन, धार व मज़बूती ऐसी है कि आजके दौर में दुपहिया व चारपहिया वाहनों में इस्तेमाल होने वाले फ़ाईबर या प्लास्टिक के बने बम्पर, लेग गॉर्ड अथवा अन्य एसेसरीज़ को भी यह काट देता है। ज़ाहिर है ऐसे में प्राणियों का बचने का सवाल ही नहीं है। उदाहरणार्थ गत दिनों लुधियाना में एक मोर के गले में यही प्लास्टिक टाइप चाइना डोर फँस गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। समाचार यह भी है कि यह मांझा सुचालक होता है जिसके कारण इसमें करेंट प्रवाहित हो जाता है। चाईना डोर से करंट लगने से भी कई मौतें हो चुकी हैं। गले,कलाई और हाथों की नस कटना और अत्यधिक रक्त प्रवाह के चलते मौत होने की तो अनेकानेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

पिछले दिनों अमृतसर व जालंधर में एक ही दिन में घटी दो अलग अलग घटनाओं में 19 वर्षीय पवनदीप व 45 वर्षीय की मौत हो गयी। इन दोनों की मौत चाईना डोर से गले में सांस की नस कट जाने के कारण हुई। इस मामले में दोनों ही जगह पुलिस द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुक़ददमा दर्ज किया गया है। सवाल यह है कि किस पर चलना चाहिये हत्या का मुक़द्दमा? इस तरह के हादसों का ज़िम्मेदार कौन हो सकता है? ऐसी ख़तरनाक सामग्री बेचने वाला? इसे ख़रीद कर इस्तेमाल करने वाला? या फिर इसका निर्माण व आपूर्ति करने वाला? कोई भी हो परन्तु कम से कम इस से उलझकर अपनी जान गंवाने वाला बेगुनाह तो हरगिज़ नहीं हो सकता? चाईना डोर/मांझे से कटकर जान गंवाने की ख़बरें दशकों से हमारे देश के अख़बारों में सुर्ख़ियों में रहती हैं। अब तो यह जानलेवा मांझा दुकानों के अलावा ऑन लाइन भी उपलब्ध है। परन्तु सरकार की तरफ़ से इस दिशा में कोई क़दम उठाने का कोई समाचार नहीं है।

जनता को उसके हाल पर छोड़ने की यह कुछ ऐसी ही मिसाल है जैसे कि कहीं मेनहोल का ढक्कन खुला पड़ा है या सड़कों पर गड्ढे हैं तो उसके चलते होने वाले किसी भी हादसे या मौत की ज़िम्मेदारी सरकार की नहीं होती बल्कि मरने या घायल होने वाला ही अपनी ग़लती सहर्ष स्वीकार कर या तो यमराज के हमराह चला जाता है या अस्पतालों के चक्कर लगता रहता है और लाखों रूपये के चक्कर में पड़ जाता है। परन्तु सरकार को केवल अपने रोड टैक्स और कमेटी टैक्स से ही वास्ता है। हाँ यदि आपसे टैक्स भरने में देर हो गयी तो जुरमाना वसूलना ज़रूर सरकार का काम है,सड़कों गड्ढों मेनहोल आदि को दुरुस्त व सुचारु रखना हरगिज़ नहीं? सरकार को चाहिये कि आम लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी जानलेवा सामग्रियों को तत्काल रूप से प्रतिबंधित करे। ऐसी सामग्रियों पर लगने वाले सीमा शुल्क अथवा जी एस टी से अधिक ज़रूरी है आम लोगों की जान सुरक्षित करना। पशु पक्षियों की जान बचाने की कोशिश करना तथा चाईना डोर/मांझे के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को टालना। इसलिये सरकार को तत्काल प्रभाव से देश में चाईना डोर/मांझे के आयात को प्रतिबंधित कर देना चाहिये।

# हिण्डालको रेनूसागर आत्मनिर्भर बनाने में सी.एस. आर. का योगदान सकारात्मक है: भरत गोयनका

■ कोई भी व्यक्ति स्वावलम्बी बनकर ही समाज और राष्ट्र का कल्याण कर सकता है : आर पी सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/अनपरा** अनपरा सोनभद्र। हिण्डालको रेनूसागर द्वारा चलाये जा रहे ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत विकास के लिए विकसित एंव रोजगार परक योजनओं के तहत ग्रामीणों के जीवनस्तर में सुधार एवं उन्हे स्वावलम्बी बनाना हेतु 65 लाभार्थी को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।इस जन कल्याणकारी कार्यक्रम के तहत ग्राम रणहोर, लोझरा, परासी व गरबन्धा के लाभार्थियों ने प्रतिभाग लिया। रेनुसागर में 21 जनवरी को आयोजित जन कल्याणकारी सामग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आये हिण्डालको के मुख्य वित्त अधिकारी भरत गोयनका द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को सिलाई मशीन, नवयुवको को खेलकूद की सामग्री, किसानों को स्प्रेइंग मशीन और मेधावी छात्राओं को सोलर लैम्प वितरित कर उन्हे लाभाविन्त किया गया। । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिण्डाल्को रेनूसागर ग्रामीण विकास विभाग ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने में सकारात्मक योगदान रहा है। ग्रामीणों के उत्थान में हिण्डालको रेनुसागर उत्प्रेरक के रुप में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेनूसागर के युनिट हेड आर.पी.सिंह. ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण विकाश विभाग संसाधन विहीन ग्रामीणों का समाजिक व आर्थिक उत्थान कर विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया जो सराहनीय है।उन्होंने कहा कि कोई भी मनुष्य स्वावलम्बी बनकर ही समाज और राष्ट्र का कल्याण कर सकता है। इसके पूर्व कार्यक्रम का संचालन कर रहे ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं पर प्रकाश डाला तत्पश्चात जन प्रतिनिधि जोगेन्दर जयसवाल, राम सिंह एवं दशाराम द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिण्डाल्को रेनुकुट के उपाध्यक्ष वित्त एवं वाणिज्य उज्जल केश, रेनुपावर के मानव संसाधन हेड शैलेश विक्रम सिंह, रेनुपावर के संचालन हेड मनीष कुमार जैन, विभू पात्रा, नवीन्द्र पाठक, सुरेश रुंगटा, श्याम सुंदर बियाला, सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजनाथ यादव का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त में मानव संसाधन के हेड शैलेश विक्रम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापि किया।

# सारिका रही अव्वल और अमीना दूसरे स्थान पर



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज में आज वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता दूसरे दिन शतरंज और टेबल टेनिस खेल प्रतियोगिता हुयी। प्रतियोगिता के प्रारंभ में कॉलेज की प्राचार्या प्रो आशीमा घोष एवम शंकर चैटर्जी ने रिबन काट कर प्रतियोगिता की शुरुआत किया। शतरंज खेल प्रतियोगिता मैं कालेज की 22 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें सारिका यादव विजेता रही। उन्होंने 4 चक्रों में चार अंक अर्जित किए। 3.5 अंक के साथ अमीना खातून द्वितीय एवं 3 अंको के साथ अनुष्का ओझा तृतीय स्थान पर रही, आकांक्षा यादव ने चौथा स्थान प्राप्त किया। फाइनल मैच की विजेता शुभकामना सोनकर रही। शुभकामना ने शिफा बानो को 11-08 और 12-10 से सीधे सेटों मैं पराजित कर विजेता बनी। प्रेरणा श्रीवास्तव प्रतियोगिता मैं तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के दौरान सहायक प्रशिक्षक टेबल टेनिस शैलेष द्विवेदी, शतरंज प्रतियोगिता के निर्णयक धीरज सक्सेना एवं आबिद अली, डॉ अनुज कुमार वर्मा, डॉ माधुरी, डॉ कस्तुरी भारद्वाज, डॉ फातिमा, खेल कूद क्रियाकलाप समिति की प्रभारी डॉ अंजलि शिवहरे मौजूद रही।

## संक्षिप्त समाचार

### सहकारी समितियों का प्रतिनिधी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** किसान एकता समिति के तत्वावधान में अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची समिति ने ज्ञापन सौंपकर समस्त सहकारी समितियों पर किसानो को रासायनिक खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। समिति पदाधिकारियों का कहना था कि किसानों को रबी की फसलों के लिए यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता है। खाद न मिलने से किसानों को बाजारों में भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ सकता है। खाद के अभाव में किसान की फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कहा कि हम मांग करते है कि समस्त सहकारी समितियों पर यूरिया खाद तत्काल उपलब्ध कराते हुए कंधरापुर कुआं देवचन्द पट्टी की बंद पड़ी साधन सहकारी समिति को भी चालू किया जाए। इस दौरान रामबेलास यादव, महेंद्र यादव, प्रकाश रंजन राय, रामसम्हार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद का प्रतिनिधिमंडल मंडल ने किया नवागत कुलपति को सम्मानित



**आजमगढ़।** ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल मंडल राजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के नवागत कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार को विश्वविद्यालय जाकर उनका माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प गुच्छ,भगवान परशुराम और भगवान राम का चित्र देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल में ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के अध्यक्ष ब्रजेश नंदन पांडेय, संरक्षक लाल बिहारी दूबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर तिवारी ,वरिष्ठ कार्य समिति सदस्य गिरीश चतुर्वेदी, महामंत्री मनोज तिवारी, अनुरुद्ध तिवारी संजय पांडेय ,वैभव पांडेय ,राजन पांडेय अवनीश तिवारी आदि।

### शंकर जी मूर्ति मातवरगंज श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के आवसर पर भंडारे का हुआ आयोजन



**आजमगढ़।** शंकर जी मूर्ति मातवरगंज भगवान श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा 1 वर्ष पूरे होने पर भंडारे का हुआ आयोजन। भंडारे के पहले भगवान को भोग लगाकर मंगल आरती का हुआ आयोजन जय श्री राम की नारसे से गुजा पूरा मोहल्ला उसके बाद प्रसाद वितरण का किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुनः की भागी बने इस अवसर पर कुंवर सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम का भंडारा पूरे देश में चल रहा है और हम लोगों ने अपने जिले में आयोजन इस अवसर पर मनोज गुप्ता नंदू सिंह सौरभ गुप्ता सतीश कुमार मनोज सोनकर आनंद सोनकर सोनू चौरसिया अजय कुमार निखिल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की हुई मौत, दूसरा युवक घायल

**बबेरू/बांदा।** बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बेर्राव गांव के डिग्री कॉलेज के पास बुधवार को दो बाईकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार अखिलेश पुत्र स्वर्गीय रामजस उम्र 19 वर्ष निवासी मंझीवा थाना बबेरू की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक सवार जितेंद्र सोनकर पुत्र संतोष सोनकर उम्र 23 वर्ष निवासी सरधुवा जनपद चित्रकूट गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको पुलिस व राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही अखिलेश कुमार निवासी मंझीवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बाइक सवार जितेंद्र सोनकर निवासी सरधुवा जनपद चित्रकूट की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दो छात्रों की हत्या से सहमा गया मथुरा

## हाईवे के समीप बीडए का पेपर देने निकले छात्र का मिला अधजला शव

**अवधनामा संवाददाता**

■ एक्सप्रेस वे के समीप राया क्षेत्र में बीए के छात्र का मिला शव




**मथुरा।** दो छात्रों की हत्या से मथुरा में सनसनी फैल गई। एक छात्र का शव यमुना एक्सप्रेस वे के समीप राया क्षेत्र में राया कट के पास बुधवार की सुबह मिला, जबकि दूसरे क्षेत्र का शव आगरा दिल्ली हाईवे के समीप मिला है। पुलिस दोनों ही घटनाओं के खुलासे में जुटी है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गये। फारेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाये। मथुरा के थाना हाईवे क्षेत्र में मिले बीएड के छात्र के अधजले शव के मामले में जांच के लिए पुलिस की पाँच टीम काम कर रही हैं। छात्र घर से बी.एड का पेपर देने के लिए छाता से मथुरा आया था पेपर देने के बाद वह वापस नहीं लौटा। छात्र का तीन दिन बाद शव अलवर पुल के पास अधजला शव बरामद हुआ।

दोस्त की पार्टी में जाने की कहकर घर से गए बीए के छात्र की मथुरा में गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसके शव को राया थाना क्षेत्र में मथुरा बरेली बाइपास स्थित गांव मल्हे के समीप सड़क किनारे फेंक दिया गया। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कराए। मृतक के पास से एक मफलर मिला है। गले में चोट की निशान है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मांट थाना क्षेत्र के जनकपुरी गांव के रहने वाले रोहित कुमार बीएसएस कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। मंगलवार रात को वह घर पर एक दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में जाने की कहकर निकला। दोस्त को गिफ्ट में घड़ी देने के लिए पिता से 500 रुपये भी ले गए थे। बुधवार सुबह आठ बजे मथुरा बरेली बाइपास स्थित गांव मल्हे के समीप छात्र का शव सड़क किनारे पड़ा दिखाई दिया। पिता राजवीर ने बताया कि उनके बेटे रोहित के पास गांव के मनोज का फोन आया था। मनोज ही उसे किसी दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में ले गया था। सुबह बेटे की हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मृत्यु का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया है और विशेष टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पशु चिकित्सा विज्ञान विवि के दो छात्र-छात्रा को राज्यपाल ने किए सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

■ लखनऊ के राजभवन में आयोजित की गई पांच प्रतियोगिताएं



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सचिवालय द्वारा प्रदेश स्तर के कंपीटीशन प्रदेश के विश्वविद्यालय में आयोजित कराए गए थे इसमें प्रदेश की 34 विश्वविद्यालय को 6 अलग-अलग ग्रुप में रखकर पहले महाविद्यालय स्तर पर और फिर ग्रुप स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं कराई गई।

लखनऊ स्थित राजभवन में इन कार्यक्रमों की फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में संविधान संस्थान के छात्र विकास पालने मोनो एक्ट प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान तथा भाषण प्रतियोगिता में इशिता सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

भाषण, एकल नाट्य प्रतियोगिता, कविता लेखन, निबंध लेखन और देशभक्ति गीत गायन आयोजित की गई। राजभवन में आयोजित अंतिम फाइनल स्टार की प्रतियोगिताओं में प्रदेश भर से 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें वेटरनरी विश्वविद्यालय के चार छात्र सम्मिलित हुए। पांच में से चार प्रतियोगिताओं में वेटरनरी विवि के छात्रों में भाग लिया। इनमें से दो छात्रों ने प्रदेश स्तर पर गान किया। विश्वविद्यालय से छात्रों की तैयारी और स्पर्धा में प्रतिभा करने हेतु डॉक्टर बरखा शर्मा और डॉक्टर रजनीश सिरोही के नेतृत्व में टीम भेजी गई थी।

# बसपा बहुजन महापुरुषों का आंदोलन : अजय गौतम

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** बसपा प्रमुख मायावती के निर्देशन पर बहुजन समाज पार्टी के सभी कार्यकर्ता आगामी विधान चुनाव की तैयारी में युद्ध स्तर से जुड़ गए हैं इसी क्रम में पार्टी के द्वारा कैडर कैम्प बैठक गई बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा के बल्देव विधानसभा क्षेत्र के ईसापुर में सेक्टर स्तरीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया।

कैडर कैंप के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व आगरा मण्डल प्रभारी अजयसील गौतम ने बताया बहुजन समाज पार्टी एक पार्टी नहीं बहुजन महापुरुषों का एक आन्दोलन है एक विचारधारा है।

गरीब व मजदूरों की आवाज है एक मिशन मूमेंट है और बताया जब बहन जी की सरकार थी तो हर अधिकारी व कर्मचारी समय से पहले ही डयूटी पर तो पहुंच जाते थे अगर कोई फरियादी किसी थाने या किसी विभाग में पहुंचते थे तो तत्काल सुनवाई कर कार्यवाई होती थी बहन जी की सरकार में सर्व समाज के लोगो अपने आप को सुरक्षित महसूस करते थे और आज हर आम आदमी हर समाज के लोग बहन जी के शासन और बहन जी को आज भी लोग याद करते हैं कैडर कैंप में उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम हेमेंद्र कुमार जिला प्रभारी सुरेश बाबू जिला प्रभारी चौधरी शिशुपाल सिंह वरिष्ठ पदाधिकारी रविंद्र कुमार सेक्टर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह सेक्टर अध्यक्ष ईसापुर ओमप्रकाश बघेल सेक्टर महासचिव चंद्रभान सिंह बौद्ध और राजवीर सिंह मोहन सिंह कुछ सम्मानित साथी बघेल समाज भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर के बहुजन समाज पार्टी में आए चंदन सिंह धनगर साहब नारायण सिंह धनगर रमेश धनगर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए संचालन चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार अध्यक्ष बलदेव विधानसभा सुरक्षित ने किया ।

# फाइनल मुकाबला में कोहली बबेरू ने ट्राफी पर किया कब्जा

**अवधनामा संवाददाता**

**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के घसिला तालाब मैदान पर पिछले 11 जनवरी से कैनवास बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा था, जिसमे आज बुधवार को फाइनल मुकाबला जीटीसी बबेरू बनाम कोहली बबेरू टीम के बीच खेला गया,जिसमें जीटीसी बबेरू टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। फाइनल मुकबला निर्धारित 20 ओवर का मैच खेला गया। जिसमे कोहली बबेरू टीम के बल्लेबाजों ने 19 ओवर खेलकर 10 विकेट खोकर 135 रन बनाए, जिसमे गोलू 29 रन,बबलू 28 रन,रोहित 18 रन धीरू 16 रनों का योग दान दिया। वही कोहली टीम के गेंदबाज सौरभ 3 विकेट,रानू व राजेश 2-2 विकेट हासिल किया। वही कोहली बबेरू ने 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ने 19 वें ओवर में 8 विकेट खोकर 136 रन बना लिया,जिसमे नितिन 40 रन,रानू 37 रन व देवेंद्र 20 रनो का योगदान दिया, वही जी टी सी बबेरू टीम के गेंदबाज हैदर 3 विकेट बबलू 2 विकेट लिया, जिससे कोहली बबेरू की टीम ने 2 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज कोहली टीम के खिलाड़ी रानू को दिया गया। वहीं आए हुए अतिथियों के द्वारा फाइनल मुकाबला जीतने वाले टीम के कप्तान सुमित को 15000 ट्राफी के साथ दिया गया। वहीं उपविजेता टीम के कैप्टन को 8000 व ट्राफी प्रदान किया गया। वही इस टूर्नामेंट को रोमांचक बनाने को लेकर कमेटी के द्वारा ड्रीम गर्ल को भी बुलाया गया था, जिसमें चौके और छक्के और विकेट गिरने पर ड्रीम गर्ल के द्वारा जमकर डांस किया जा रहा था। जिसमें दर्शको का खूब मनोरंजन इस फाइनल मुकाबले में हुआ है। वही आए हुए अतिथियों का कमेटी के संरक्षक शशांक द्विवेदी गिरजाकांत तिवारी, कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा, संचालक शुभम कश्यप के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

# हमारा उद्देश्य बरसाना को गार्बेज फी बनाना : ब्रांड एंबेसडर

**अवधनामा संवाददाता**

■ आशा उन्नयन संस्थान ने सफाई कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

**बरसाना (मथुरा)।** नगर पंचायत के ब्रांड एंबेसडर व पूर्व जेल विजिटर लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष अभियान स्वच्छ भारत मिशन-अबर्न 02 के तहत बरसाना नगर पंचायत क्षेत्र को गार्बेज फ्री बनाना ही हमारा उद्देश्य है।

श्री शर्मा नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में चेयरमैन श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में लखनऊ की आशा उन्नयन संस्थान द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हमारे सफाई नायक विशेष वैन के माध्यम से डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन कर रहे है। इसमें नगरवासियों का हमारी सफाई टीम को सहयोग मिल रहा है। इसी सहयोग के बल ही बरसाना नगर पंचायत क्षेत्र शीघ्र ही गार्बेज फ्री बनकर उत्तर प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करेगा। अधिशाषी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया क्षेत्रफल की दृष्टि से बरसाना नगर पंचायत जनपद की सबसे बड़ी पंचायत है। जिसमें 17 वार्ड है। इन वार्डो की सफाई के लिए करीब एक दर्जन वाहन एवं एक सौ पचास के करीब ही सफाई कर्मचारी हैं। जो कि बड़ी ही मेहनत के साथ सफाई व्यवस्था को दुरस्त बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी नगर क्षेत्र के प्रत्येक प्वाइंट के नियमित रूप से विजिट भी करते है और वे स्वयं भी प्रतिदिन सफाई नायक से प्रत्येक प्वाइंट की वीडियो कॉल के द्वारा रिपोर्ट लेती है।

आशा उन्नयन संस्थान की अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के नगर विकास विभाग निदेशालय के स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 02 के अंतर्गत संस्था बरसाना नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी एवं सफाई नायको को सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट क्षेत्र को स्वच्छ सर्वेक्षण टूलकिट पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन कर सफाई व्यवस्था से जुड़े बहन भाइयों को बारीकी से समझाया गया है। इस मौके स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय प्रताप सिंह ने कहा कि शासन का ध्येय नगर निकायों को आत्म निर्भर बनाना है। हम नगर से निकलने वाले कचरे से जैविक खाद एवं पुष्ट प्लास्टिक एवं लोहे आदि से आय बढ़ाकार आत्म निर्भर बनना है। इस मौके पर गौरव शर्मा,सफाई नायक प्रकाश यादव,सन्नी आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न

**बांदा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बांदा के जिलाध्यक्ष राम सिंह कछवाह की अध्यक्षता में मासिक बैठक पंचवटी आश्रम कार्यालय साहब तालाब जेल रोड बांदा में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत के पूर्व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप महाराज जी की पुण्यतिथि मनाई गई, सभी क्षत्रिय बन्धुओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और भगवान राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया, तत्पश्चात् बैठक प्रारंभ हुई, बैठक में प्रस्तावित छात्रावास निर्माण हेतु,भवन के नक्शे पर चर्चा हुई,जो कि रजिस्टर्ड इंजिनियर द्वारा बनवाया गया है, सभी के सामने नक्शा रखा गया, और सभी ने अपनी सहमति दी, भूमि पूजन कैसे और कब करना है इस पर विस्तृत चर्चा हुई और सभी की सहमति से भूमि पूजन की रूपरेखा तय कि गई ,साथ ही बैठक में इस पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया कि निमार्ण में आने वाली व्यय के लिए धन संग्रह का कार्य तेजी से बढ़ाया जाए,जिन क्षत्रिय बन्धुओं के जहां सम्पर्क है, उनसे सम्पर्क कर अनुरोध करें।

# संवैधानिक मूल्यों की जानकारी के आभाव में होता है शोषण

**अवधनामा संवाददाता**

■ रचनात्मक गतिविधियों से बनाई समझ, समूह चर्चा हुई
■ कम्युनिटी लीडर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त
■ नरैनी व महुआ ब्लाक के 12 गांवों के युवक युवातियां हुए शामिल

**नरैनी (बांदा)।** वनांगना संस्था के बैनर तले चल रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर युवाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हो गया। नरैनी व महुआ ब्लाक के 12 गांवों से शामिल युवक-युवतियों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई। खेल व रचनात्मक गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। समूह बनाकर संवैधानिक अधिकारियों पर चर्चा की गई।

कस्बा के अतर्रा रोड स्थित एक मैरिज हाल में सहयोग संस्था (लखनऊ) से आए प्रशिक्षक प्रवेश कुमार ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों की जानकारी के आभाव में ग्रामीण, महिलाएं, युवातियां व किशोरियां शोषित होती हैं। इसके प्रति जागरूकता से जीवन में बदलाव आता है। उन्होंने बताया कि जनपद में वनांगना संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समुदाय से ही लीडर्स की पहचान कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह लीडर्स अपने क्षेत्र में अशिक्षित व पिछड़ों को संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देने का काम करेंगे। उन्होंने समता समानता पर खेल के माध्यम से प्रशिक्षण को रचनात्मक बनाया। फ़िल्म दिखाकर संगठन की ताकत पर चर्चा हुई। रिसोर्स परसन जगदीश ने लैंगिक भेदभाव पर खेल खिलाकर समूह चर्चा की। वारिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज़ ने कहा की समुदाय के कुछ सामनत शाही लोग आपके संगठन को तोड़ने की कोशिश करेंगे, हमें इस चुनौती को भी समझने की जरूरत है। कम्युनिटी लीडर्स को मौलिक अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों पर भी पहल करने. की ज़रूरत है। लीडर्स की प्रगति पर चर्चा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शोभा देवी ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। फरजाना खान ने सभी साथियों का आभार वयक्ति किया। कम्युनिटी लीडर्स रूबी, पंकज व दीपक ने अपने विचार व सुझाव साझा किए। इस मौके पर लीडर्स माया, विमला, आलिया, शिफ़ा, महक, अर्चना, राजकुमारी, खुशबू, परवीन, अरविंद, अमित, विष्णु इत्यादि शामिल रहे।

# डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि पर उमड़ा जन-सैलाब

■ सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने किया
■ डा. जगदीश गाँधी की प्रतिमा का अनावरण

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक एवं भावी पीढ़ी के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय डा. जगदीश गाँधी की प्रथम पुण्य तिथि पर आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धान्जलि सभा में उमड़े भारी जनसैलाब ने डा. जगदीश गाँधी को न सिर्फ बड़ी शिद्दत से याद किया अपितु उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा भी ग्रहण की। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में डा. जगदीश गाँधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण कर उनकी चिर-स्मृतियों व प्रेरक व्यक्तित्व को जन-जन के लिए समर्पित किया तथापि विभिन्न धर्मावलम्बियों की उपस्थिति ने सभी को सर्वधर्म समभाव का अनूठा अहसास कराया। इस अवसर पर हिन्दू धर्म से अच्युत प्रपन्नाचार्य श्री अरविन्द शास्त्री एवं पं. हरि प्रसाद मिश्रा, इस्लाम धर्म से श्री फिरंगी महली एवं मौलाना सूफियान, सिख धर्म से श्री एच एस जग्गी, ईसाई धर्म से फादर जैसन जोसेफ, बौद्ध धर्म से श्री शील रतन भंते, ब्रह्माकुमारीज से सुश्री बी के राधा बहन एवं बहाई धर्म से सुश्री बी. मोहाजिर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी एवं एक स्वर से डा. जगदीश गाँधी के जीवन दर्शन को सभी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।डा. जगदीश गाँधी की प्रतिभा का अनावरण करते हुए सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने कहा कि डा. जगदीश गाँधी का पूरा जीवन भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को समर्पित रहा। आज वो भौतिक रूप से भले ही हमारे बीच न हों, लेकिन उनके आदर्श और शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आज भी अनगिनत जीवनों को रोशन कर रही है। इससे पहले, डा. भारती गाँधी ने पौधा रोपित कर समाज की सुख-शान्ति की कामना की एवं श्वेत कबूतरों को उड़ाकर उनके माध्यम से शान्ति का पैगाम चहुँओर प्रवाहित किया।डा. जगदीश गाँधी की श्रद्धान्जलि सभा में सी.एम.एस. के हजारों शिक्षकों, अभिभावकों व कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए और पवित्र आत्मा को श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। डा. जगदीश गाँधी के जीवन पर आधारित पुस्तक 'शिक्षा से विश्व शान्ति - डा. जगदीश गाँधी' का विमोचन समारोह का खास आकर्षण रहा। डा. जगदीश गाँधी के अतिप्रिय रहे श्री अजय श्रीवास्तव द्वारा लिखित इस पुस्तक का लोकार्पण सी.एम.एस. संस्थापिका डा. भारती गाँधी ने किया। इस पुस्तक में श्री अजय श्रीवास्तव ने डा. जगदीश गाँधी के सम्पूर्ण जीवन को बड़ी ही सुन्दर व सरल भाषा में अनूठे ढंग से लिपिबद्ध किया है। इससे पहले, श्रद्धान्जलि सभा का शुभारम्भ हवन-पूजन से हुआ। इसके उपरान्त, सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना सम्पन्न हुई जबकि सी.एम.एस. के संगीत शिक्षकों ने डा. जगदीश गाँधी के प्रिय गीतों व भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से उन्हें भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित की।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई की अनुमति से कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम /प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायालय हरदोई के दस कक्षीय भवन के सभागार में किया गया।कार्यक्रम का संचालन सिविल जज जूडि जीशान खान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सौम्या द्विवेदी एनजीओ निदेशक समाधान अभियान द्वारा न्यायिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

ततपश्चात कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 आयोजित जागरूकता/ प्रशिक्षण कार्यक्रम में सौम्या द्विवेदी एनजीओ निदेशक समाधान अभियान द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 विषय पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में जो महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल कर कार्य करती हैं। यह अधिनियम उन सभी महिलाओं के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न की रोकथाम किस प्रकार की जाएगी इसके बारे में जानकारी दी।उन्होंने महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्तागण को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन में अपर जिला जज द्वितीय सपना त्रिपाठी द्वारा सौम्या द्विवेदी एनजीओ निदेशक समाधान अभियान को एक जीवित पौधा देकर कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम प्रीती श्रीवास्तव, अपर जिला जज द्वितीय सपना त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप व समस्त न्यायिक अधिकारीगण, एवं महिला अधिवक्तागण व जनपद न्यायालय समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौसी (सभल)** पुलिस अधीक्षकश्री कृष्ण कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशन में छात्र-छात्राओं को एन के बी एम जी कॉलेज चंदौसी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को यातायात संबंधित जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों को पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई ।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत धनुमल तिराहा चंदौसी पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर द्वारा चेकिंग की गई और एम वी एक्ट के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई ।

कस्बा चंदौसी में यातायात पुलिस के कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए तथा रोड पर खड़े वाहनों के नो पार्किंग के चालान किए।इसके पश्चात यातायात प्रभारी प्रमोद मान ने बी एम जी तिराहा चंदौसी से फव्वारा चौक चंदौसी तक अतिक्रमण को हटाया और रोड पर खड़े वाहनों को हटाकर उनके नो पार्किंग के चालान किए । ट्रैक्टर ट्रॉली, बस ,ट्रक, इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए तथा सभी वाहन चालकों को समझाया कि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा होने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है ।

यातायात पुलिस के विशेष अभियान दिनांक 1/1/2025 से 31/1/2025 तक के क्रम मेंअभियान के अनुसार 18 साल से कम उम्र के बच्चे जो वाहन चलाते हुए मिले उनके चालान एम वी एक्ट की धाराओं में किए गए तथा उनसे यातायात नियमों का निबंध लिखवाकर उन्हें यातायात नियमों से अवगत कराया और हिदायत देकर छोड़ दिया गया ।अभियान के क्रम में 280 वाहनों के चालान एम वी एक्ट के अंतर्गत किये गए।सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# बच्चों के पोषण संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** समाज में जागरूकता लाने सुपोषित व स्वस्थ समाज बनाने एवं शिक्षा की अलख जगाने में महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है डीएम गत दिवस जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विवेकानंद सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आहूत की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सीडीपीओ अपने-अपने आंगनबाड़ी केदो का निरीक्षण करे साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उन्हें फील्ड पर निकालकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दें समाज में जागरूकता लाने सुपोषित व स्वस्थ समाज बनाने एवं शिक्षा की अलख जगाने में महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहां की वह जनवरी 2024 से जनवरी 2025 तक सीडीपीओ बार किए गए कार्यों का विवरण उपलब्ध कराए। समीक्षा बैठक करते हुए जिला अधिकारी ने आंगनबाड़ी केदो की आवश्यकता और संसाधनों की भी जानकारी ली उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केदो के लिए बर्तन और ज़रूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए की ब्लॉकवार्ड सीडीपीओ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दे। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका का आधार व मोबाइल सत्यापन का कार्य की भी गहन समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि इन कार्यों में भी तेजी लाए। जच्चे बच्चों के पोषण संबंधी कार्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी टीम भावना के साथ सभी लोग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम ,सभी सीडीपीओ व अन्य अधिकारीगणों उपस्थित रहे!

# एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि पहुंचे ललितपुर

■ स्व.कामरेड रामसेवक फाउंडेशन अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने किया आयोग सदस्य का स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग लखनऊ के सदस्य महिपाल बाल्मीकि अपने दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से बुधवार को अपराह्न ललितपुर पहुंचे। ललितपुर पहुंचने पर आयोग सदस्य महिपाल बाल्मीकि का स्व.कामरेड रामसेवक फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार के साथ बृजेश गुप्ता, एससी एसटी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप खटीक ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ भेंट कर व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रशासन की ओर से आयोग सदस्य की अगुवाई करने के लिए नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी पहुंचे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर आयोग सदस्य का ललितपुर में स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से आयोग सदस्य लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह पहुंचे, जहां उन्होंने नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान स्व.कामरेड रामसेवक फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने आयोग सदस्य महिपाल बाल्मीकि को एक पत्र सौंपते हुये जेल चौराहा स्थित डा.भीमराव अम्बेड़कर पार्क में ही डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण जनहित में कराये जाने की मांग उठायी। उन्होंने आयोग सदस्य को दिये पत्र में बताया कि जेल चौराहा स्थित डा.भीमराव अम्बेड़कर पार्क के आसपास गंदगी का अम्बार लगा रहता है। जिस कारण यहां आने-जाने वाले राहगीरों व मोहल्लेवासियों को बहुत परेशानियां उठानी पड़ती हैं। बताया कि यदि जिला प्रशासन प्रयास करे तो एक योजना बनाकर जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए डा.भीमराव अम्बेड़कर को समर्पित डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा सकता है, जो कि आवश्यक भी है।

## पी एम श्री विद्यालय आटा में बालिकाओं को प्रशिक्षण

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज तीसरे दिन दिनांक 22 -1-2025 को ग्राम आटा के पीएम श्री विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ट्रेनर सृष्टि ने फ्रंट किक, लेग राइस, बेसिक किक, हुक पंच की ट्रेनिंग दी, जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैं व काफी संख्या में नियमित उपस्थित हो रही हैं व धीरे धीरे उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है, जिले के सभी पी.एम श्री विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बेटी खुद की सुरक्षा करने में सक्षम हो, छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, छात्रवृत्ति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ

# सपा की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** जिला संभल समाजवादी पार्टी की बैठक कैम्प कार्यालय डी एम कार्यालय के पास एडवोकेट अशोक राणा जी आफिस में सम्पन्न हुई बैठक में समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री छोटे लोहिया स्व जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि उन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा श्रद्धेय स्व जनेश्वर मिश्र जी समाजवादी पार्टी के चिंतक छोटे लोहिया ने देश में समाजवाद को मजबूत करने का काम किया उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री रहते हुए जनता के बहुत काम किये कई बार सांसद रहते हुए सदन में गरीब मजदूर अल्पसंख्यक मजलूम दलित की आवाज उठाने का काम किया जिला की मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने सभी पदाधिकारी विधानसभा ब्लाक नगर अध्यक्ष से पी डी ए को मजबूत करने का आव्हान किया जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने छोटे लोहिया श्री मिश्र को श्रद्धांजलि देते हुए कहा सभी कार्यकर्ता सक्रिय हो कर पी डी ए को मजबूत करें बैठक को संबोधित करते वरिष्ठ नेता दो बार चंदौसी विधानसभा से प्रत्याशी रहे सतीश प्रेमी ने श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी को श्रद्धांजलि दी उन्होंने कहा की छोटे लोहिया श्री मिश्र छात्र जीवन से राजनीति कर देश में समाजवाद की स्थापना करने का काम किया। बैठक में सभी ने श्रद्धेय नेताजी स्व श्री मुलायम सिंह यादव जी की प्रतिमा प्रयाग राज कुंभ स्थापित की उस पर अयोध्या के संत कहलाने वाले राजू दास दुवरा नेता जी पर की अभद्र टिप्पणी की उस की निंदा की एवं उन के खिलाफ कार्रवाई की जय गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये बैठक में संभल में पुलिस प्रशासन की कस्टडी में हुई इरफान मौत की जांच कर आरोपीयो पर कार्यवाही होनी चाहिए विधानसभा अध्यक्ष ताहिर उल्ला खान उमेश यादव शारदा यादव बारिष्ठ नेता लड्डुन मियां सुनील यादव प्रदेश उपाध्यक्ष युवज सभा शोभित कुमार काका जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह युथफैजान शाही सद्दाम कुरेशी कमल शर्मा कृष्णा पाल सिंह अमरीष यादव विभोर अग्रवाल राम निवास दिवाकर सरजीत दिवाकर अशोक राणा मनोज शर्मा पप्पू शर्मा डा होराम सिंह शाहरूख खान कादिर राणा फरियाद सैफी प्रधान रियासत भाई कपिल देव सत्यभान यादव राहुल यादव बबन मोर्या मुसरफ भाई अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी संचलन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने किया।

## इरफान के पीडित परिवार से मिलने पहुँचा कांग्रेस का डेलिगेशन

**संभल।** जिला एवं शहर कांग्रेस का एक डेलिगेशन पुलिस चौकी रायसत्ती में मृत इरफान के पीड़ित परिवार से मिला डेलिगेशन में पहुंचे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, शिव किशोर गौतम जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग. मुशीर खान तरीन, आरिफ तनवीर जिला चेयरमैन, दाऊद पाशा, अकील अहमद, सुभानी, पप्पू कश्यप आदि शामिल रहे पीड़ित परिवार के सदस्यों से उक्त घटना की जानकारी से पता चला की इरफान के तहरे भाई का अपनी वालिदा से घर के बंटवारे और पैसों के लेनदेन से संबंधित कोई विवाद चल रहा था और उसमें इरफान पैसे के लेनदेन में गवाह के तौर पर थे जिससे प्रतीत होता है कि इरफान स्वयं वादी नहीं थे और परिवार वालों के बताने के अनुसार पुलिस इरफान को एक मुजरिम की तरह बुरा भला कहती हुई व घसीटते हुए जबरन पुलिस चौकी ले गए थे तथा इरफान का पुत्र सूचना मिलने पर जब पुलिस चौकी पहुंचा तो इरफान दम तोड़ चुका था परिवार का कहना है की इस पूरी घटना का और हमारे पिता इरफान की मौत की जिम्मेदार पुलिस है।

# धूमधाम से मनाया गया राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वर्षीकोत्सव



अवधनामा संवाददाता

■ भक्त डूबे राम भक्ति में, नगरवासियों ने दिखाया गजब का उत्साह

**बिलग्राम।** आज पूरे भारतवर्ष में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर जगह जगह भण्डारों एवं भक्तिमय कार्यक्रमों का माहौल दिखाई दे रहा था, लेकिन बिलग्राम में भाजपा का नगर पालिका अध्यक्ष होने के बाद भी उनके द्वारा इस उपलक्ष्य में कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया किंतु राम मंदिर प्रतिष्ठा के कार्यक्रमों के क्रम में बिलग्राम नगर के मोहल्ला सुल्हाडा में युवाओं द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया एवं सभी रामभक्तों को प्रसाद वितरण किया गया तथा सनातन संस्कृति के मापदंड के अनुसार कार्यक्रम का संपादन किया गया। आयोजन कर्ताओं में मुख्य रूप से अभिषेक जोशी, छविनाथ कुशवाहा, गौरव जोशी, शनी गुप्ता, आशीष कुशवाहा, विक्रांत उर्फ़ छोटू जोशी सुमित जोशी, शोलू जोशी आदि युवा उपस्थित रहे तथा पास में ही ब्रम्हदेव के स्थान पर भंडारा एवं पूजन अर्चन हुआ जिसमे सभासद विनय प्रजापति, सर्वेश जोशी, लोकु प्रजापति एवं मनोज प्रजापति ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# अब्दुल कय्यूम अंसारी की पुण्यतिथि पर एआइपीएमएम ने दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता




**गया।** ग्राम अकौना, प्रखंड आमस, गया, बिहार में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें पसमांदा मुस्लिम समाज के महान नेता और बाबा-ए-कौम हजरत अब्दुल कयूम अंसारी की यौमे वफात पर विशेष दुआ और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीण जनता बड़ी संख्या में शामिल हुई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अब्दुल कय्यूम अंसारी की जीवनशैली, उनके योगदान और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करना था, ताकि उनकी यादें ताजा की जा सकें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिल सके।

कार्यक्रम का आयोजन सुल्तान, खलील, मंटू, साजो और गोल्डन की सक्रियता से हुआ। इन सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगोष्ठी में स्थानीय नेताओं, धार्मिक हस्तियों और पसमांदा समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने अब्दुल कयूम अंसारी के व्यक्तित्व और उनके समाज के लिए किए गए योगदानों पर चर्चा की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

विशेष प्रार्थना में अब्दुल कयूम अंसारी की आत्मा की शांति के लिए अल्लाह से दुआ की गई कार्यक्रम के दौरान पसमांदा मुस्लिम समाज के विकास और जागरूकता पर भी चर्चा की गई, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। यह आयोजन सामूहिक एकता, समाज सेवा और शांति की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, और यह स्थानीय लोगों को अपने समाज और धर्म के प्रति और अधिक जागरूक बनाने में मदद करेगा।

## बुन्देली कलाकारों ने तामिलनाडू में बिखेरा जलवा

**ललितपुर।** तमिलनाडु राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 21 जनवरी 2025 को चेन्नई स्थित राजभवन में जनपद के कलाकारों द्वारा जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व किया गया। इस अवसर पर तमिलनाडु के महामहिम राज्यपाल आर.एन. रविजी द्वारा बुंदेली विधा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। जितेंद्र कुमार द्वारा बताया कि महामहिम राज्यपाल ने मंच पर आकर ताली बजाते हुए मुझसे कहा कि आपने तो मंच ही हिला दिया। इन कलाकारों ने भारत के एक दर्जन से अधिक राज्यों व राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बुंदेली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर प्रदेश व जनपद का मान बढ़ाया है। चेन्नई से लौटने के बाद महाकुम्भ मेला प्रयागराज में भी इनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। चैन्नई कार्यक्रम के दौरान जितेन्द्र कुमार से साथ मोहिनी, धर्मेंद्र, रितिका, सुंदरम, स्वाति, केहर, करन, विशाल व कशिश आदि मौजूद रहे।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाषा विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित रैली एकेडमिक ब्लॉक से शुरू होकर यूनिवर्सिटी सर्किल से होते हुए थैंकू गेट तक गई। इस रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट के बाइक चला रहे छात्रों को हेलमेट न पहनने के नुकसानों के बारे में बताया और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने हाथों में बैनर लिए हुए और नारे लगाते हुए छात्रों और अन्य लोगों तक सड़क सुरक्षा संदेश पहुँचाए।

रैली के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साइमा अलीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की जरूरत है ताकि उनका जीवन और दूसरों का जीवन सुरक्षित रह सके और साथ ही उन्होंने सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में भी बताया और कहा कि वाहन चलाते समय सभी सावधानियां बरतना महत्वपूर्ण है, खासकर हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधना और यह सुनिश्चित करना कि आप सड़क पर दूसरों की सुरक्षा के लिए गति सीमा का पालन करें। डॉ. अभय कृष्ण ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने और उनका पालन करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात के आवश्यक नियमों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे सड़क पर चलते समय जानलेवा दुर्घटनाओं से बच सकें। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने मोटरसाइकिल चालकों को घातक दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट के महत्व के बारे में जानकारी दी। चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट बांधने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। इस रैली में डॉ. ज़फरून नकी, डॉ. साईमा अलीम तथा डॉ. अभय कृष्ण के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक और छात्र मौजूद रहे।

## कृषि यंत्र प्राप्त करने के लिए कराएं बुकिंग

**ललितपुर।** डीडी कृषि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये जिले के किसानों को अवगत कराया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेज्ड्यू, एन.एफ.एस.एम. नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑल (तिलहन योजना) तथा त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत कृषि यंत्र, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग एवं फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्र, इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु बुकिंग प्रक्रिया 21 जनवरी से 04 फरवरी 2024 को रात 12 बजे तक होगी। जिसमें हैरो, कल्टीवेटर, पावर चेप कटर, स्ट्रा रीपर, रोटावेटर, कंबाइन हार्वेस्टर विथ सुपर एसएमएस फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं हाईटेक हव फॉर कस्टम हायरिंग इत्यादि यंत्रों की बुकिंग/आवेदन विभागीय पोर्टल की वेबसाइट पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन विकासखण्डवार की जायेगी।

## युवाओं को उद्यम स्थापित करने हेतु मिलेगा 5 लाख का ऋण

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पांडेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीडीओ ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोडने एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सीएम युवा उद्यमी योजना, सेतु का कार्य करेगी और इससे युवाओं को सीधा लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कार्यशाला में बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंको में जाने वाली पत्रावलियों को निर्धारित समय में स्वीकृति व वितरण किया जाए। सभी पत्रावलियों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभागान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को समय से पूर्ण को कहा गया। साथ ही उन्होंने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। लखनऊ से आई टीम ने कार्यशाला में लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुधवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला टैक्सी एसोसिएशन की ओर से रेलवे स्टेशन के मुख्य तिराहे पर श्रीश्री 1008 शिव मंदिर पर श्रद्धालु जन के बीच खीर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने खीर प्रसाद ग्रहण किया। प्रवीण दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को 22 जनवरी को पूरा एक साल हो गया। वर्तमान समय में राम मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस मंदिर की पहली वर्षगांठ है। इस बीच पर पूरे देश से लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। साथ ही ललितपुर जनपद के विभिन्न मंदिरों में इस दिन अनेक कार्यक्रम सम्पन्न किये जा रहे है। आज पूरे देश में श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर है। इस अवसर पर जिला टैक्सी एसोसिएशन अध्यक्ष छोटेलाल साहू ने बताया कि अयोध्या पावन नगरी में बने श्रीराम मंदिर को पूरा एक वर्ष हो गया है। बीते वर्ष 22 जनवरी, 2024 को मंदिर के गर्भगृह में श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। कार्यक्रम में प्रवीण दुबे, जिला टैक्सी एसोसिएशन के अध्यक्ष छोटेलाल साहू, रावेंद्र साहू, महामंत्री कृष्णबिहारी मिश्रा, कोषाध्यक्ष रवि यादव, पत्रकार देवेंद्र साहू सहित समस्त टैक्सी यूनियन उपस्थित रहे।

## व्यायामशाला ने गुन्नौर जैन मंदिर में विराजमान कराई विशाल प्रतिमाएं

**ललितपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर व्यायामशाला के स्वयं सेवकों ने हरियाणा सोनीपत में आचार्य सौरभ सागर महाराज के आशीर्वाद से स्थापित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गुन्नौर में विशाल प्रतिमाएं वेदिका पर विराजित कराई। जैन मंदिर में मूलनायक भगवान शांतिनाथ, भगवान महावीर भगवान आदिनाथ की पद्मासन एवं खडगासन को व्यायामशाला के संरक्षक नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान के नेतृत्व में अभिषेक जैन, पंकज जैन, सपन जैन, सागर जैन, अंशुल जैन, अग्रिम जैन, अनुत्तर जैन, अनुराग जैन को विराजमान करने का सौभाग्य मिला। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गुन्नौर में प्रतिमाएं विराजमान कराए जाने पर जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन ने विद्यासागर व्यायामशाला के स्वयंसेवकों द्वारा मूर्ति वेदिका पर विराजमान कराए जाने में दिए गए योगदान की अनुमोदना की और ललितपुर जैन समाज को गौरव के क्षण बताया।

# बैंक सखियों एवं विद्युत सखियों ने किया राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ के निर्देश के क्रम में सीएमओ के मार्गदर्शन में जनपद में कार्यरत 10 बैंक सखियों एवं 10 विद्युत सखियों को आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तर पर आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु उपायुक्त (स्वतः रोजगार) के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान रवि दुबे, निधि शुक्ला, अभिनव शर्मा के साथ-साथ महेश रिछारिया, रोहित बेंजामिन, मृदुल श्रीवास्तव, ब्लाक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यशाला में आयुक्त एवं मिशन निदेशक के द्वारा उपस्थित बैंक सखियों एवं विद्युत सखियों के उनके कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा किया गया एवं कार्य को और बेहतर अंजाम देने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैंक सखी एवं विद्युत सखी के कार्य में निरंतर प्रगति हेतु मिशन मुख्यालय द्वारा प्रशिक्षण, कार्यशाला के आयोजन से उनके कार्य में निरंतर सुधार होगा। अवगत कराना है कि जनपद में वर्तमान में 62 बैंक सखी एवं 78 विद्युत सखी कार्यरत है। बैंक सखियों की जनपद के विभिन्न बैंकों में स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता, बैंक क्रेडिट लिंकेज कराने में अहम भूमिका होती है। उक्त कार्यशाला में मिली जानकारी से बैंक सखियों एवं विद्युत सखियों को कार्य में सहायता मिलेगी। उक्त कार्यशाला में बैंक सखियों एवं विद्युत सखियों को सुदामा पटेल, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तालबेहट एवं अशोक पाण्डेय, ब्लाक मिशन प्रबंधक, बिरधा द्वारा प्रतिभाग कराया गया।

# टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान लिखा होगा? सामने आया आईसीसी अफसर का बयान

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आगाज में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों की खट्टास साफ नजर आ रही है। पहले भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार किया वहीं अब पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भारत अपनी जर्सी पर मेजबान टीम पाकिस्तान का नाम नहीं चाहता है। उन्होंने आईसीसी अधिकारी के हवाले से ये भी कहा कि ऐसा करने पर भारत पर एक्शन हो सकता है।

मेजबान होने के नाते चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लोगो में पाकिस्तान का नाम मौजूद है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बीसीसीआई को ये मंजूर नहीं है कि भारत पाकिस्तान के नाम वाली जर्सी पहनकर टूर्नामेंट खेले हैं। हालांकि,




नियम उसके खिलाफ हैं। अगर वह लोगो जर्सी पर नहीं रखता है तो उन्हें सजा का सामना करना पड़ सकता है।

वहीं पाकिस्तानी मीडिया ने आईसीसी के सूत्र के हवाले से लिखा कि, हर टीम की जिम्मेदारी है कि उनकी जर्सी पर टूर्नामेंट का लोगो हो। हर टीम के लिए ये नियम मानना जरूरी है। बता दें कि, आईसीसी के नियम के अनुसार अगर कोई भी ऐसा करने में नाकाम रहता है तो उनपर सख्त एक्शन लिया जाएगा। हालांकि, इसे लेकर अभी तक कोई भी अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

इसके अलावा मीडिया रिपोर्ट्स ने पीसीबी के एक अधिकारी के हवाले से लिखा कि, बीसीसीआई क्रिकेट में राजनीति को ला रहा है जो कि खेल के लिए ठीक नहीं है। बीसीसीआई ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से मना किया। वह अपने कप्तान को भी ओपनिंग सेरेमनी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेंगे और अब जो रिपोर्ट सामने आ रही है कि जर्सी पर पाकिस्तान प्रिंट नहीं होगा। हम क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था आईसीसी से उम्मीद रखते हैं कि वह ऐसा नहीं होने देंगे और पाकिस्तान को समर्थन देंगे।

फिलहाल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने से इनकार किया था जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तहत कराने पर फैसला हुआ था। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। वहीं अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो भी मुकाबला दुबई में खेला जाएगा।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था : एरिका वीब

पूर्व ओलंपिक चैंपियन पहलवान एरिका वीब ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती को बाहर करने को बेहद निराशानजक करार दिया लेकिन साथ ही उम्मीद जताई कि अगले सत्र में खेल की वापसी होगी। कनाडा की एरिका ने2016 रियो ओलंपिक की महिला75 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में कजाखस्तान की गुजेल मेन्युरोवा को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता था। यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यू डब्ल्यू) और आईएसएस के सहयोग से यहां चल रहे अंतरराष्ट्रीय महिला कुश्ती शिविर और 'रेस्लिंग मास्टर क्लास' कार्यक्रम के लिए यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट आई एरिका ने वकालत की कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी की जगह कुश्ती को शामिल किया जाना चाहिए था। एरिका ने 'भाषा' को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का फैसला बहुत निराशाजनक था।

# टीम इंडिया की जर्सी और रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम की जर्सी भारत के अलावा पाकिस्तान में भी काफी चर्चा में है। इसे लेकर कई खबरें सामने आ चुकी हैं। वहीं कहा गया कि टीम इंडिया की जर्सी पर चैंपियंस ट्रॉफी के लोगो के साथ पाकिस्तान नहीं लिखा होगा। लेकिन अब इस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने बड़ा अपडेट दिया है। साथ ही बीसीसीआई के नई सचिव देवजीत सैकिया ने रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर भी अपना बयान दिया है। दरअसल, बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने सभी अटकलें खारिज कर दी हैं। जिसमें बोर्ड ने टीम की आधिकारिक जर्सी पर मेजबान पाकिस्तान का नाम लिखने पर आपत्ति जताई है। ओपनिंग सेरेमनी में कप्तान रोहित शर्मा जाएंगे या नहीं इसे लेकर भी देवजीत सैकिया ने अपना बयान दिया है। समाचार एजेंसी




पीटीआई के अनुसार बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि रोहित वहां जाएंगे या नहीं इसे लेकर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के दौरान यूनिफॉर्म को लेकर आईसीसी के नियमों का पालन करेगी। वहीं बीसीसीआई सचिव के बयान के बाद टीम इंडिया की जर्सी पर आधिकारिक लोगो को लेकर लगातार उड़ रही अफवाहों पर विराम लग गया है।

फिलहाल, 19 फरवरी से शुरू हो रहे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को टीम इंडिया हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगी। जबकि अन्य 7 टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान में खेलेगी। वहीं भारतीय टीम का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ होगा तो 23 जनवरी को टीम इंडिया अपने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। इसके अलावा 2 मार्च को भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने उतरेगी। अगर भारत टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचता है तो खिताबी मुकाबला दुबई में खेला जाएगा।

# करो या मरो वरना... इस भारतीय स्टार खिलाड़ी को पूर्व क्रिकेटर ने दी चेतावनी, इंग्लैंड के खिलाफ करना होगा कमाल

22 जनवरी से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होगा। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टी20 रिटायरमेंट के बाद टीम इंडिया मैनेजमेंट एक नई टी20 टीम तैयार करने में जुटा है। क्रिकेट के इस छोटे फॉर्मेट में अभिषेक शर्मा उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें टॉप ऑर्डर में लगातार मौके मिलते रहे हैं। लेकिन वो हाल के दिनों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने में असफल रहे हैं। अभिषेक के पास मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाने की काबिलियत है और उन्होंने जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ केवल 47 गेंद में शतक जड़ा था। अब भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने अभिषेक को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले चेतावनी दी है। दरअसल, आकाश चोपड़ा ने




अभिषेक शर्मा की फॉर्म पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, अभिषेक की फॉर्म में उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। अपने करियर के दूसरे टी20 मैच में ही उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाया था। उनमें टैलेंट भरा हुआ है, लेकिन प्रदर्शन में निखार नहीं आया है। मुझे लगता है कि ये उनके लिए आखिरी मौका है वो अच्छा करते हैं तो ये बढ़िया बात होगी। आकाश चोपड़ा ने आगे कहा कि, अभिषेक को वही काम करना होगा जो संजू सैमसन ने पिछले 3 मैचों में किया है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनकी जगह यशस्वी जायसवाल या कोई और ले लेगा। अभिषेक शर्मा ने अब तक टी20 क्रिकेट में 11 पारियों में 171.81 के स्ट्राइक रेट से 256 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट काफी बढ़िया है लेकिन 23.27 का औसत चिंताजनक है। अब तक अभिषेक अपने टी20 करियर में एक शतक और अर्धशतक जड़ने में कामयाब हुए हैं।

## कोलकाता अ20 के लिए होगा टीम का ऐलान, किसे जगह देंगे कप्तान सूर्या

भारत और इंग्लैंड के बीच टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला कोलकाता की ईडन गार्डन में होना है। 22 जनवरी से शुरू हो रही इस सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा आज की जाएगी। इंग्लैंड की टीम इससे पहले 21 जनवरी को ही अपनी टीम की घोषणा कर चुकी है।

बता दें कि इससे पहले आखिरी टी20 मुकाबला भारतीय टीम ने जोहान्?सबर्ग में साउथ अफ्रीका के ख?लाफ खेल था। इस मुकाबले को 135 रन से जीतकर भारतीय टीम ने सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी।

# गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह की बादशाहत बरकरार, बल्लेबाजों में रोहित-पंत को हुआ बड़ा नुकसान

आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। वहीं रविंद्र जडेजा ने ऑलराउंडर्स की श्रेणी में अपना टॉप स्थान बरकरार रखा है। बुमराह ने जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले 907 अंक हासिल किए थे और इतिहास रचा था। ये किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा उच्चतम आईसीसी रैंकिंग रेटिंग है। फिलहाल, उनकी 908 रेटिंग है और जो कि उनकी सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है।

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 841 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजों में दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा 837 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड चौथे




और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन पांचवें स्थान पर हैं। मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 6 विकेट लेने के बाद पाकिस्तान के नोमान अली (761) टॉप 10 में पहुंच गए हैं। वह दो स्थान की छलांग के साथ नौवें स्थान पर हैं। साथ ही टॉप 10 टेस्ट गेंदों में 10वें स्थान पर भारत के रविंद्र जडेजा हैं।

टेस्ट फॉर्मेट में टॉप 10 ऑलराउंडर्स की सूची में ज्यादा बदलाव नहीं हुए हैं। जडेजा 400 रेटिंग अंकों के साथ टॉप स्थान पर बरकरार हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन हैं। उनका रेटिंग अंक 294 है। बांग्लादेश के मेहदी हसन 284 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 282 रेटिंग अंकों के साथ चौथे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 263 रेटिंग अंकों के साथ ऑलराउंडरों में पांचवें नंबर पर हैं।

वहीं टेस्ट बल्लेबाजों में टॉप स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। उनके रेटिंग अंक 895 है। वहीं दूसरे स्थान पर 876 रेटिंग अंकों के साथ इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक हैं। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं। उनके रेटिंग अंक 867 हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 847 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 772 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों में टॉप 10 में भारत के दो खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल के अलावा ऋषभ पंत हैं। पंत को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली 26वें, जबकि शुभमन गिल 22वें स्थान पर हैं। जबकि रोहित शर्मा टेस्ट बल्लेबाजों में 43वें स्थान पर हैं।

# साउथ सुपरस्टार महेश बाबू से शादी करके छोड़ दी नम्रता शिरोडकर ने फिल्मी दुनिया, 1993 में बनी थीं मिस इंडिया

बॉलीवुड को कई साल पहले छोड़ चुकीं एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर आज 53 साल की हो चुकी हैं। मुंबई में जन्मी नम्रता साउथ सुपरस्टार महेश बाबू से शादी करके लाइमलाइट से दूर ही रहती हैं। नम्रता शिरोडकर पहली बार साल 1993 में सुर्खियों में आई थी। जब उन्होंने मिस इंडिया का ताज पहना था। हालांकि, वो मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भी पाँचवें स्थान पर रही थीं। ब्यूटी कॉन्टेस्ट जीतने और कुछ साल मॉडलिंग करने के बाद नम्रता ने फिल्मों का रुख किया।

नम्रता शिरोडकर एक समय तक बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में काम कर लोगों के दिलों पर राज किया करती थीं। उनका जन्म 22 जनवरी 1977 को मुंबई में हुआ था। कई बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुकीं नम्रता इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर अपने पति महेश बाबू




के साथ लग्जरी लाइफ बिता रही हैं। शिरोडकर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत सलमान खान जैसे बड़े स्टार के अपोजिट की थी। फिल्म का नाम था जब प्यार किसी से होता है। इस फिल्म के बाद नम्रता के पास कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आने लगे।

इस दौरान उन्होंने कच्चे धागे, वास्तव, पुकार, अलबेला दिल विल प्यार व्यार जैसी फिल्मों में कई नामी एक्टर्स के साथ काम किया। साल 2000 में उन्होंने तेलुगू फिल्म वामसी साइन की, जिसमें लीड रोल में महेश बाबू थे। नम्रता की महेश बाबू से यह पहली मुलाकात थी। शूटिंग के दौरान ही महेश ने नम्रता को दिल दे दिया था। महेश एक्ट्रेस से उम्र में 3साल छोटे थे। फिल्म के सेट पर दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई और बाद में यह प्यार में तब्दील हो गई। दोनों ने शादी का फैसला कर लिया। 10 फरवरी 2005 को दोनों सात फेरे ले लिए। शादी के बाद नम्रता ने एक्टिंग करियर को अलविदा कह दिया था।

एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि उनके पति महेश बाबू ने उनके सामने शर्त रखी थी कि अगर वह शादी करना चाहती हैं तो उन्हें एक्टिंग करियर को अलविदा कहना होगा। बकौल नम्रता उनके पति इस बारे में बिलकुल स्पष्ट थे कि उन्हें काम करने वाली पत्नी नहीं चाहिए थी। हालांकि, इस शादी के लिए नम्रता ने भी कुछ शर्तें रखी थीं, जिसे महेश ने भी माना था। नम्रता ने पहले ही साफ कर दिया था कि अगर वह शादी के बाद हैदराबाद रहेंगी तो महेश को अपार्टमेंट में शिफ्ट होना पड़ेगा क्योंकि वह बंगले में रहने में थोड़ी असहज थीं। इस वजह से शादी के बाद महेश बाबू एक अपार्टमेंट में रहने लगे थे। नम्रता ने भले ही फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली हो लेकिन वह अपने परिवार के साथ इस समय खुशहाल जीवन बिता रही हैं।

# मुझे निकाल दिया, भूल भुलैया की दो किस्तों का हिस्सा नहीं होने पर अक्षय का चौंकाने वाला खुलासा

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्काई फोर्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के प्रचार में वह लगातार जुटे हुए हैं। इसके साथ ही इस साल वह बैक-टू-बैक कॉमेडी फिल्मों की रिलीज के लिए भी तैयार हैं। इस बीच अब उन्होंने कल्ट फ्रेंचाइजी भूल भुलैया की दूसरी और तीसरी किस्त का हिस्सा न होने पर खुलकर बात की। साथ ही अक्षय ने यह भी बताया कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक कारणों पर आधारित फिल्में क्यों चुनी हैं, क्योंकि उनका दिमाग ऐसी स्थिति में था जिसने, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित किया।

हाल ही में स्काई फोर्स का प्रचार करने के दौरान दर्शकों में बैठे एक प्रशंसक ने अक्षय कुमार से पूछा कि वह भूल भुलैया 2 और 3 का हिस्सा क्यों नहीं थे, जिस पर अभिनेता ने जवाब दिया, बेटा, मुझे निकाल दिया था। बस इतना ही। 2007 में रिलीज हुई भूल भुलैया के पहले भाग में अक्षय कुमार और विद्या बालन मुख्य भूमिकाओं में थे। इसे प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था और यह 1993 की मलयालम भाषा की फिल्म मणिचित्राथजू की रीमेक थी।

दूसरे भाग भूल भुलैया 2 (2022) में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिका में थे। तीसरी किस्त 2024 में रिलीज हुई थी और



इसमें कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी थीं। वहीं, इस बीच चर्चा थी कि फिल्म के चौथे भाग में अक्षय कुमार का रोल हो सकता है, लेकिन अब जब अक्षय ने बड़ा बयान दिया है तो चौथी किस्त में अभिनेता का शामिल होना मुश्किल है।

वहीं, अक्षय कुमार की आने वाली फिल्मों की बात करें तो अगली बार स्काई फोर्स में नजर आएंगे, जो 24 जनवरी को रिलीज होने वाली है। इसमें वह एक भारतीय वायु सेना अधिकारी की भूमिका में हैं, जो कई सैनिकों की मौत के बाद बदला लेने के मिशन पर निकलता है। संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित इस हाई-स्टेक थ्रिलर में शानदार एयर वॉर, जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस और भारतीय सैनिकों की बहादुरी को दिखाने वाली एक मनोरंजक कहानी है। अक्षय के साथ नवोदित वीर पहाड़िया भी हैं, जो एक और आईएएफ अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और सारा अली खान, जो वीर की पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में निमरत कौर भी अहम भूमिका में होंगी।

अभिनेता के पास प्रियदर्शन के साथ भूत बंगला भी है। तब्बू और परेश रावल भी हॉरर-कॉमेडी का हिस्सा हैं। यह अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की 14 साल बाद फिर से जोड़ी है। इससे पहले दोनों ने हेरा फेरी, गरम मसाला, भागम भाग और भूल भुलैया जैसी हिट फिल्मों में काम किया है। यह फिल्म 2 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# क्या मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद सैफ अली खान अपनी 15000 करोड़ की पारिवारिक संपत्ति खो देंगे?

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान के परिवार की ऐतिहासिक संपत्तियां सरकारी नियंत्रण में आने के करीब हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पटौदी परिवार की 15,000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर 2015 में लगाई गई रोक हटा दी है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 के तहत पटौदी परिवार की पैतृक संपत्तियों के सरकारी अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है।

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने आदेश सुनाते हुए कहा कि संशोधित शत्रु संपत्ति अधिनियम, 2017 के तहत वैधानिक उपाय मौजूद है। उन्होंने संबंधित पक्षों को 30 दिनों के भीतर अभिवेदन दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, अगर आज से 30 दिनों के भीतर अभिवेदन दाखिल किया जाता है, तो अपीलीय प्राधिकारी सीमा के पहलू पर



ध्यान नहीं देगा और अपील का उसके गुण-दोष के आधार पर निपटारा करेगा।

आपको बता दें कि सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर समेत नवाब खानदान के वंशज इस संपत्ति पर मालिकाना हक का दावा कर रहे हैं। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब सरकार कानूनी कार्यवाही के जरिए संपत्ति का सर्वेक्षण कर उसे अपने कब्जे में ले सकती है। जांच के दायरे में आने वाली प्रमुख संपत्तियों में फ्लैग स्टाफ हाउस, जहां सैफ अली खान ने अपना बचपन बिताया, नूर-उस-सबा पैलेस, दार-उस-सलाम, हबीबी का बंगला, अहमदाबाद पैलेस, कोहेफिजा प्रॉपर्टी और अन्य शामिल हैं।

# तेलुगु के बाद अब हिंदी में रिलीज होगी डाकू महाराज, जानिए कब देख सकेंगे फिल्म

तेलुगु सिनेमा प्रेमियों का दिल जीतने के बाद, अब यह फिल्म हिंदी भाषा में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। नंदमुरी बालकृष्ण की मुख्य भूमिका वाली मसाला एंटरटेनर का हिंदी संस्करण जल्द ही हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा। उर्वशी रौतेला, नंदमुरी बालकृष्ण और बॉबी देओल की फिल्म डाकू महाराज 24 जनवरी को हिंदी में रिलीज की जा रही है। सीथारा एंटरटेनमेंट और श्रीकारा स्टूडियोज, फॉर्च्यून फोर सिनेमाज, आदित्य भाटिया और अतुल रजनी द्वारा प्रस्तुत, बॉबी कोल्ली द्वारा निर्देशित। अखिल भारतीय हिंदी रिलीज का प्रबंधन और वितरण जय विरात्रा एंटरटेनमेंट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर अपनी अभूतपूर्व सफलता के बाद, कथित तौर पर डाकू महाराज के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर 24 जनवरी को इसकी हिंदी रिलीज की घोषणा की है। सुपरस्टार नंदामुरी बालकृष्ण और उर्वशी रौतेला अभिनीत, इस फिल्म ने 165 करोड़ की शानदार कमाई के साथ दक्षिण बाजार में बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। डाकू महाराज ने सिर्फ 10 दिनों में दुनिया भर में 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर और रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्म बन गई है। एक्शन से भरपूर इस मनोरंजक फिल्म को दर्शकों और प्रदर्शकों से जबर्दस्त प्यार मिल रहा है।



## दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को झटका, अंतरिम जमानत पर एकमत नहीं पीठ



**नई दिल्ली।** ताहिर हुसैन आगामी दिल्ली चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार है और उसने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। वहीं दूसरे जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। ताहिर हुसैन आगामी दिल्ली चुनाव में एआईएमआईएम उम्मीदवार है और उसने चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब मामला मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सामने रखा जाएगा और वे मामले पर सुनवाई के लिए नई पीठ का गठन करेंगे। जस्टिस पंकज मित्तल ने अपने आदेश में कहा कि ताहिर हुसैन की दंगे में अहम भूमिका थी। उसने दंगे के दौरान कमांड सेंटर की तरह काम किया। उसके घर से हथियार बरामद किए गए। वहीं जस्टिस अमानुल्लाह ने अपने आदेश में कहा कि ताहिर हुसैन बीते पांच साल से जेल में बंद है और समाज और मतदाताओं से कटा हुआ है। ऐसे में अब चुनाव में जितने भी दिन बचे हैं, उसे प्रचार की मंजूरी दी जानी चाहिए। जस्टिस अमानुल्लाह ने ये भी कहा कि उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को नामांकन के लिए कस्टडी पैरोल दी थी। उच्च न्यायालय को इस मामले को सुलझाना चाहिए। ताहिर हुसैन की जमानत याचिका का विरोध करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि %आरोपी चुनाव प्रचार के दौरान गवाहों को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि ताहिर हुसैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी आरोपी है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिल सकती। ऐसे में वह जेल से बाहर नहीं आ पाएगा।

# गगनयान को लेकर इसरो की तैयारी तेज

**मिशन**

**भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है।**

**बंगलूरू।** इसरो ने कहा कि 21 जनवरी 2025 को इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम को पूरा करने के बाद गगनयान (जी1) के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि एलपीएससी बंगलूरू ने मॉड्यूल को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेज दिया है।

गगनयान को लेकर इसरो ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन केंद्र बंगलूरू ने गगनयान के लिए विकास लिक्विड इंजन को चालू करने के बाद क्रू मॉड्यूल को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्री हरिकोटा भेजा है।

इसरो ने कहा कि 21 जनवरी 2025 को इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम को पूरा करने के बाद गगनयान (जी1) के पहले मानवरहित मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल को रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि एलपीएससी बंगलूरू ने मॉड्यूल को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेज दिया है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि क्रू मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (सीएमपीएस) एक द्वि-प्रणोदक आधारित प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) है। इसका उद्देश्य क्रू मॉड्यूल के पिच, यॉ और रोल नामक तीन अक्षों पर सटीक नियंत्रण करना है। इसरो ने कहा कि इस प्रणाली में 12 100एन थ्रस्टर्स, उच्च दबाव गैस बोतलों के साथ दबाव प्रणाली और संबंधित द्रव नियंत्रण घटकों के साथ प्रोपल्शन फीड सिस्टम का उपयोग किया गया है। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि 100 एन थ्रस्टर्स रॉकेट मोटर्स हैं, जिनका उपयोग अंतरिक्ष यान में प्रोपल्शन के लिए किया जाता है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा डिजाइन किया गया क्रू मॉड्यूल अपराइटिंग सिस्टम (सीएमयूएस) भी एलपीएससी के मॉड्यूल में जोड़ा गया। एजेंसी ने यह भी बताया कि क्रू मॉड्यूल को ऑर्बिटल मॉड्यूल के एकीकरण के अंतिम चरण के लिए यूआर राव सैटेलाइट सेंटर बंगलूरू भेजे जाने से पहले विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में एवियोनिक्स पैकेज असेंबली, इलेक्ट्रिकल हार्नेसिंग और जांच सहित आगे के एकीकरण कार्यों से भी गुजरना होगा। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिन के मिशन के लिए 400 किमी. की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। इसे लेकर इसरो तेजी से तैयारी कर रहा है।

## सीबीआई, चिकित्सक के परिवार और दोषी का पक्ष सुनेगी कलकत्ता हाईकोर्ट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार सियालदह कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक की खंडपीठ में याचिका दायर की थी। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में आरोपी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। राज्य सरकार सियालदह कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक की खंडपीठ में याचिका दायर की थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को अपील दायर करने की अनुमति दे दी है। बुधवार को हाईकोर्ट ने बताया कि वे निचली अदालत द्वारा दी गई सजा की अपर्याप्तता का दावा करने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर निर्णय लेने से पहले सीबीआई, पीड़ित परिवार और दोषी को सुनेगी। अदालत ने कहा कि इस मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। बता दें कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वतः संज्ञान लिया था और मामले की सुनवाई 29 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी।

सीबीआई ने मामले में अपील दायर करने के राज्य के अधिकार का विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि वह एक अभियोजन एजेंसी थी उसे सजा की अपर्याप्तता के आधार पर अपील करने का अधिकार था। जस्टिस देबांगशु बसाक की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राज्य सरकार की अपील स्वीकार करने पर निर्णय लेने से पहले वे वकीलों के माध्यम से सीबीआई, पीड़ित परिवार और दोषी को पहले सुनेंगे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है। मृतक मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। आठ अगस्त को अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद रात के 12 बजे उसने अपने दोस्तों के साथ डिनर किया। इसके बाद से महिला डॉक्टर का कोई पता नहीं चला।

## एआई हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म से आएगी रोगों के उपचार के तरीके में नई क्रांति

**नई दिल्ली।** प्लेटफॉर्म रोगी की स्वास्थ्य स्थिति का निरंतर विश्लेषण करता है और उपचार योजना को वास्तविक समय में अपडेट करता है, जिससे मरीजों के लिए अधिक सटीक और सशक्त इलाज संभव हो पाता है। मधुमेह, हृदय रोग और गुर्दे जैसी पुरानी बीमारियों के उपचार के तरीकों में एआई हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म एक नई क्रांति ला रहा है। राहुल रॉय देवरकोंडा और रवि कुमार पेरुमल्लापल्ली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने एक अत्याधुनिक डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों के माध्यम से रोगियों की देखभाल को व्यक्तिगत और अधिक प्रभावी बना सकता है। यह प्लेटफॉर्म रोगी की स्वास्थ्य स्थिति का निरंतर विश्लेषण करता है और उपचार योजना को वास्तविक समय में अपडेट करता है, जिससे मरीजों के लिए अधिक सटीक और सशक्त इलाज संभव हो पाता है। इस प्रणाली का उपयोग करने पर, चिकित्सक अब हर पल मरीज की हालत पर नजर रख सकते हैं और उपचार में बदलाव करने के लिए आवश्यकतानुसार बदलाव कर सकते हैं। मशीन लर्निंग (एमएल) एल्गोरिदम का इस्तेमाल करते हुए, यह प्रणाली 92% सटीकता के साथ बीमारी की प्रगति का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम है।

## पार्किंग की जगह को लेकर शुरू विवाद हुआ हिंसक, एक की हत्या

**मुंबई।** पुलिस ने बताया कि पीड़ित विश्वकर्मा का बिल्डिंग में एक फ्लैट था। सोमवार को वसंत घोडे अपने दो बेटों के साथ विश्वकर्मा के घर के पास इस मुद्दे पर बात कर रहे थे। इस पर विश्वकर्मा की पत्नी मोना ने उन्हें वहां से जाने के लिए कहा। महाराष्ट्र में नासिक के पंचवटी इलाके की एक हाउसिंग सोसाइटी में पार्किंग की जगह को लेकर शुरू हुआ विवाद हत्या में बदल गया। पीड़ित की पहचान 49 वर्षीय बुद्धन लक्ष्मण विश्वकर्मा के तौर पर की गई है जो हीरावाड़ी में श्री केशव हरि अपार्टमेंट में रहता था। उसकी सोसाइटी के चेयरमैन वसंत घोडे और एक अन्य किरायदार से पार्किंग को लेकर बहस हो गई।

# कुंभ हो या कोई और मेला, सभी को बना दूंगा अग्निरोधी, गंगासागर मेले को लेकर इंजीनियर स्वपन सेन का दावा

**अग्निरोधी**

**इन पर आग तेजी से फैलता है। लेकिन हमने विभिन्न रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल कर इन्हें अग्निरोधी बना दिया है।**



**कोलकाता।** देश में कहीं पर भी बड़े मेले लगते हैं, मुझे हमेशा इसमें आगजनी का भय बना रहता है। जैसे आज कुंभ के मेले में आगजनी हुई। इससे काफी नुकसान हुआ। इसे अग्निरोधी बनाया जा सकता है। गंगासागर मेले में भी लाखों लोग आते हैं। मैंने इस मेले को अग्निरोधी बना दिया है। यह दावा किया है, पश्चिम बंगाल के इंजीनियर स्वपन सेन ने, जो पिछले कई वर्षों से गंगासागर मेले को अग्निरोधी बनाए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, देश में कोई भी मेला हो, उसे वे अपनी तकनीक से अग्निरोधी बना सकते हैं। कोलकाता के जाधवपुर विश्वविद्यालय से स्नातक और किंग्स जॉर्ज कॉलेज, लंदन से एमएससी करने वाले सेन ने कहा, गंगासागर मेले में शिविर में होगला, बांस और कपड़े से बनाए जाते हैं। इनको हम पहले विभिन्न रसायनों से भरे कुंडों में भिगोते हैं। फिर उन्हें सुखाते हैं। फिर उनमें बोरक्स समेत विभिन्न रसायनों का छिड़काव करते हैं। इसके ये सभी अग्निरोधी बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि गंगासागर में दो विशाल कुंड, जो 40 फुट लंबा, 40 फुट चौड़ा और 5 फुट गहरा है, बनाया है। हमारी 120 लोगों की टीम यहीं पर यह सब काम करते हैं। 85 वर्षीय सेन ने कहा, मेलों में बांस, लकड़ी और कपड़ों का ज्यादा इस्तेमाल होता है। इनमें आग जल्दी पकड़ता है और जान माल का नुकसान होता है। वैज्ञानिक सेन कहते हैं कि गंगासागर में शिविरों के निर्माण भी बांस, होगला पत्ते (विशेष तरह का पत्ता) व कपड़ों ,से बनाए जाते हैं। इन पर आग तेजी से फैलता है। लेकिन हमने विभिन्न रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल कर इन्हें अग्निरोधी बना दिया है। ऐसा नहीं है कि आग नहीं लगेगी, आग लगेगी लेकिन धीरे-धीरे। इतने धीरे कि आराम से लोग निकल पाएंगे, दमकल को बुझाने में करीब 1 से डेढ़ घंटे का समय मिल जाएगा। नुकसान ना के बराबर होगा। सेवानिवृत्ति के बाद वापस 2000 में देश लौटने वाले सेन ने बाताय कि वे 1980 से 2000 के बीच 14 कैमिकल पेटेंट करा चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं विदेश में रह कर आमार की जिंदगी जी सकता था। 86 वर्ष की उम्र में भी दिन रात इस पर काम कर रहा हूं। ताकि देश के लोगों का भला कर सकूं। यह जो अग्निरोधी कैमिकल है, वह पूरी तरह से मेरी ही इजात की हुई है।

## सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं और पुरुषों के वर्कआउट से जुड़े बयान पर बवाल

**तिरुवनंतपुरम।** महिला-पुरुष के साथ वर्कआऊट करने वाले बयान पर सीपीआई (एम) केरल राज्य सचिव एमवी गोविंदन की प्रतिक्रिया से मौलवी एपी अबूबकर मुसलियार ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जब वे अपने धर्म के बारे में बात करते हैं तो गोविंदन को उनके धर्म का अपमान नहीं करना चाहिए।

मुस्लिम धर्मगुरु और जेम-इयातुल उलमा के महासचिव एपी अबूबकर मुसलियार ने सीपीआई (एम) के केरल राज्य सचिव एमवी गोविंदन की आलोचना की है। यह आलोचना गोविंदन द्वारा पुरुषों और महिलाओं के साथ सार्वजनिक जगहों पर वर्कआउट सेशन पर की गई टिप्पणी के खिलाफ की गई है।

# ट्रंप के शपथ लेते ही व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर बंद हुआ स्पेनिश भाषा का पेज, हिस्पैनिक समुदाय हुआ नाराज



**वॉशिंगटन।** एक हिस्पैनिक समुदाय के व्यक्ति ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि %यह उन हिस्पैनिक लोगों के मुंह पर तमाचा है, जिन्होंने हालिया राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर स्पेनिश भाषा का पेज बंद हो गया है। जो यूजर अब व्हाइट हाउस की वेबसाइट के स्पेनिश भाषा के पेज पर जा रहे हैं, उन्हें Error 404 का संदेश दिख रहा है। इससे अमेरिका के स्पेनिश बोलने वाले हिस्पैनिक समुदाय ने कड़ी नाराजगी जताई है। एक हिस्पैनिक समुदाय के व्यक्ति ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह उन हिस्पैनिक लोगों के मुंह पर तमाचा है, जिन्होंने हालिया राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया था। गौरतलब है कि व्हाइट हाउस की वेबसाइट पर स्पेनिश भाषा के पेज सहित सोशल मीडिया हैंडल भी काम नहीं कर रहे हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार के श्रम विभाग, न्याय और कृषि विभाग की वेबसाइट्स पर स्पेनिश भाषा के पेज उपलब्ध हैं। अमेरिका में हिस्पैनिक लोग उन्हें बोला जाता है, जो मध्य या दक्षिण अमेरिका, क्यूबा, मैक्सिको, प्यूर्टो रिको और लैटिन अमेरिका मूल के हैं। हिस्पैनिक, अमेरिका का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। जनगणना ब्यूरो के अनुमान के मुताबिक साल 2023 में अमेरिका में इनकी आबादी करीब 4.3 करोड़ है।

व्हाइट हाउस के मुख्य उप मीडिया सचिव हैरिसन फील्ड्स ने इस मामले पर कहा कि व्हाइट हाउस की वेबसाइट को विकसित किया जा रहा है, जिसके चलते स्पेनिश भाषा का पेज बंद हुआ है, लेकिन जल्द ही इसे फिर से ऑनलाइन कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान साल 2017 में भी व्हाइट हाउस की वेबसाइट से स्पेनिश भाषा का पेज ऑफलाइन हो गया था। तब भी कहा गया था कि जल्द ही इसे बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन यह 2021 में बाइडन प्रशासन में ही बहाल हुआ था। न्यूयॉर्क की कम्युनिकेशंस रणनीतिकार और प्यूर्टो रिको और क्यूबा मूल की मोनिका रिवेरा का कहना है कि संदेश साफ है।

अमेरिका में 4.3 करोड़ हिस्पैनिक लोग रहते हैं और उनकी पहली भाषा स्पेनिश है। इन लोगों को व्हाइट हाउस की जानकारी से वंचित करना गलत है। हमें ये बताने की कोशिश की जा रही है कि हम दूसरे हैं और इस देश के लिए ज्यादा अहम नहीं हैं। वहीं एक अन्य हिस्पैनिक मूल के व्यक्ति एंथनी हर्नांडेज ने कहा कि यह उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जिन्होंने हालिया राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को वोट किया था। स्पेनिश पेज बंद होने से लाखों हिस्पैनिक लोग प्रभावित होंगे और अमेरिका में कानूनी तरीके से आने वाले स्पेनिश भाषा बोलने वाले लोग परेशान होंगे।

## क्या एलन मस्क टिकटॉक खरीदने के लिए तैयार?

**ग्रहण**

**डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण कर चुके हैं।**

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव जीताने के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच असंतुलित कारोबारी माहौल था। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण कर चुके हैं। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद उन्होंने कई बड़े बड़े फैसले लिए। मंगलवार को उन्होंने सोशल मीडिया एप टिकटॉक को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अगर चाहे तो वे टिकटॉक को खरीद सकते हैं। 170 मिलियन अमेरिकी नागरिक इस एप का इस्तेमाल करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अमेरिका का कहना था कि चीनी मालिक बाइटडांस को टिकटॉक को बेच देना चाहिए या फिर प्रतिबंध का सामना करना होगा। अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए यह फैसला लिया था। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद ही उन्होंने टिकटॉक से प्रतिबंध हटा दिया था, जिसके बाद इसकी सेवाएं अमेरिका में फिर से शुरू की गई। न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, चीनी अधिकारी टिकटॉक के संचालन को एलन मस्क को बेचने के लिए बातचीत कर रहे हैं, लेकिन कंपनी ने इन दावों को खारिज कर दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका में टिकटॉक की सेवाओं की बहाली बढ़ा दी। उन्होंने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके जरिए चीन के स्वामित्व वाले शॉर्ट वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म टिकटॉक के संचालन को 75 दिनों तक बढ़ा दिया गया। अमेरिका में मंगलवार दोपहर तक एपल और एंड्रॉइड डिवाइस पर डाउनलोड करने के लिए टिकटॉक उपलब्ध नहीं था।



मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, अगर वे (मस्क) इसे खरीदते हैं तो मैं उनके साथ हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं टिकटॉक के मालिक से मिला हूं। मैं यह सोच रहा हूं कि कोई इसे (टिकटॉक) खरीदे।÷ अभिव्यक्ति के आजादी के पक्षधरों ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित कानून के तहत टिकटॉक के प्रतिबंध का विरोध किया है। बता दें कि एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव जीताने के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच असंतुलित कारोबारी माहौल था। मस्क ने आगे कहा, मैं लंबे समय से टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ था, क्योंकि यह बोलने की आजादी के खिलाफ है।


## नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की बढ़ी मुश्किलें

**वाशिंगटन।** दिन-प्रतिदिन अमेरिका के नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक तरह जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी को लेकर सीनेट जांच में लगी हुई है तो दूसरी ओर उनकी भाभी डैनियल ने एक और आरोपों से भरा हलफनामा दायर कर उनकी मुश्किलें सातवें आसमान तक पहुंचा दी है। अमरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी की जांच कर रही सीनेट को हेगसेथ के खिलाफ एक और हमफनामा मिला, जिसमें उनकी भाभी ने उनपर अपनी दूसरी पत्नी सामंथा के साथ मारपीट का आरोप लगाया है।

## ताकत द्वारा यथास्थिति में बदलाव का विरोध करेंगे, क्वाड देशों ने साझा बयान से चीन को चेताया

**आयोजित**

**डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद क्वाड की विदेश मंत्री स्तर की पहली बैठक अमेरिका में आयोजित हुई।**



**वॉशिंगटन।** गौरतलब है कि क्वाड का वार्षिक सम्मेलन इस साल के अंत में भारत में होना है। पिछले साल हुआ सम्मेलन असल में भारत में होना प्रस्तावित था, लेकिन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन उसे अमेरिका में आयोजित करने के इच्छुक थे, इसके चलते भारत में क्वाड के आयोजन को टाल दिया गया था। डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद क्वाड की विदेश मंत्री स्तर की पहली बैठक अमेरिका में आयोजित हुई। बैठक के बाद एक साझा बयान में क्वाड देशों, भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, ने कहा कि बलपूर्वक किसी भी एकतरफा बदलाव की कार्रवाई का सख्ती से विरोध किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन अमेरिका के नए विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी शामिल हुए।

एक घंटे के करीब चली इस बैठक के बाद साझा बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि हमारे चारों राष्ट्र इस बात पर दृढ़ हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और समुद्र सहित सभी क्षेत्रों में सुरक्षा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों के विकास और समृद्धि का आधार हैं। हम बल या दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करेंगे। गौरतलब है कि क्वाड का वार्षिक सम्मेलन इस साल के अंत में भारत में होना है। पिछले साल हुआ सम्मेलन असल में भारत में होना प्रस्तावित था, लेकिन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन उसे अमेरिका में आयोजित करने के इच्छुक थे, इसके चलते भारत में क्वाड के आयोजन को टाल दिया गया था और इस साल उसका आयोजन होगा। क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसका उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त, स्थिर, समृद्ध, समावेशी और लचीला बनाए रखना है। क्वाड का गठन साल 2017 में हुआ था।

## न्यूयॉर्क के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगेगी रोक

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने छात्रों के हित में एक नया प्रस्तार रखा है। इसके तहत राज्यभर के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की बात कही जा रही है। हेचुल ने इस प्रस्ताव को लेकर तर्क दिया कि इस कदम से छात्रों को कक्षा में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने मंगलवार को राज्य भर के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल फोन इस्तमाल पर रोक लगाने को लेकर प्रस्ताव रखा। इसके तहत अगले शैक्षणिक वर्ष से न्यूयॉर्क राज्य के सभी स्कूलों में छात्रों को अपने सेलफोन छोड़ने होंगे। बता दें कि गवर्नर होचुल की इस योजना के लिए विधायकों की स्वीकृति की आवश्यकता होगी और यह योजना स्कूलों में छात्रों को कक्षा, दोपहर के भोजन, और हॉलवे में अपने फोन और अन्य उपकरणों को इस्तेमाल करने से रोकने के लिए है। गवर्नर होचुल ने प्रस्ताव को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम से छात्रों को कक्षा में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने फोन से बहुत अधिक व्यस्त होते हैं, जिससे वे पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते। साथ ही होचुल का यह भी मानना हैं कि जब बच्चे अपने दोस्तों के साथ वायरल डांस और संदेशों पर ध्यान दे रहे होते हैं तो उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल होती है। गवर्नर द्वारा दिए गए प्रस्ताव में आगे की बात करें तो इस प्रस्ताव के तहत, कुछ छात्रों को छूट भी दी जाने की बात कही जा रही है, जैसे कि जिनके पास मेडिकल कारण हैं या जिन्हें शिक्षा में मदद की आवश्यकता है। साथ ही न्यूयॉर्क राज्य ने स्कूलों को इस प्रतिबंध को लागू करने में मदद के लिए 13.5 मिलियन डॉलर देने का भी प्रस्ताव रखा है। गवर्नर होचुल के इस प्रस्ताव का न्यूयॉर्क स्टेट यूनाइटेड टीचर्स ने समर्थन किया है। इसको लेकर उनका कहना है कि इससे छात्रों को बिना किसी व्यवधान के पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।

## तुर्किये अग्निकांड में पुलिस ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार, हादसे में 76 लोगों की गई थी जान

**अंकारा।** तुर्किये के स्की रिसॉर्ट में लगी भीषण आग में 76 लोगों की जान चली गई। वहीं 50 से अधिक लोग बूरी तरह से झुलस गए। मामले में जांच के दौरान अधिकारियों ने नौ लोगों की गिरफ्तारी कर ली है।

मंगलवार तड़के तुर्किये के स्की रिसॉर्ट में भीषण आग लगने से 76 लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हरकंप मच गया। अग्निकांड में मृतक लोगों के शव इतनी बूरी तरह से झुलसे है कि उनकी पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की आवश्यकता पड़ने लगी है। बता दें कि यह हादसा तुर्कीय के बोलू पर्वतों में स्थित कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट के 12-मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तां क्षेत्र में हुआ था। इसी बीच खबर सामने आ रही है कि हादसे की जांच के दौरान बुधवार को पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसको लेकर तुर्कीय के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि सुरक्षाउपायों को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इस घटना की जांच के लिए छह अभियोजकों को नियुक्त किया गया है। इस अग्नीकांड में मारे गए 76 लोगों के शव की पहचान को लेकर कई सारी बातें सामने आ रही है। इसको लेकर मंत्री येरलिकाया ने बताया कि 45 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। वहीं बाकी की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो होटल की आग का अलार्म सिस्टम सही तरीके से काम नहीं किया। इसकी जानकारी हादसे में कई अन्य बचे हुए लोगों ने दी। उन्होंने कहा कि आग का अलार्म नहीं बजा और उन्हें अंधेरे और धुएं से भरे गलियारों में से गुजरना पड़ा। कुछ लोग खिड़कियों से कूद कर बचने की कोशिश करते नजर आए।



साथ ही मामले में होटल ने घटना के बाद अधिकारियों से पूरी सहयोग की बात कही। स्की रिसॉर्ट ने पुलिस को दिए हुए बयान कहा कि वे इस मामले के सभी पहलुओं को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस घटना के बाद राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की।

# ''बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं'' योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय महिला वॉलीबाल, कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं'' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में इस अवसर पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के कुशल पर्यवेक्षण में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जौनपुर विजय कुमार पाण्डेय द्वारा उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह के सहयोग से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में प्रातः से जिला स्तरीय महिला वॉलीबाल, कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सुनील यादव ''मम्मन'' ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि करंजाकला रहे, जिन्हें माल्यार्पण, बुके एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने स्वागत किया।

उक्त कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष करंजाकला प्रशान्त सिंह ''दीपक'', मण्डल महामंत्री बैजापुर अजीत सिंह, को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में उपस्थित टीमों के प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ किया गया। आज खेले गये मैच का विवरण इस प्रकार है- वॉलीबाल प्रतियोगिता में एस.जी. आर.आई. अटौली, बदलापुर की टीम ने श्री गणेश राव इण्टर कालेज बटाऊबीर को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

इसी प्रकार खो-खो में इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर की टीम ने बसन्त विद्यापीठ इण्टर कालेज ककोहिय, जौनपुर को प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में रामनगर की टीम ने मड़ियाहूँ को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता-उप विजेता टीमों को जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय एवं उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा समस्त प्रतिभागी टीमों एवं उनके टीम मैनेजर के साथ ही निर्णायकों एवं उपस्थित खेल प्रेमियों का आभार प्रकट किया गया। लिंग असमानता के विरूद्ध जागरूकता लाने के उद्देश्य से बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण का भी आयोजन किया गया। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उक्त के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद के विभिन्न स्थानों तहसील एवं ब्लाक सभागारों के साथ ही एन.आई.सी. जौनपुर में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जौनपुर का जनमानस उपस्थित होकर लिंग असमानता के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने का शपथ लिया।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में कृष्णप्रपन्नाचार्य जी द्वारा बांटे गए आचार्यों को कंबल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के कोबी निवासी दामोदर मिश्र के पुत्र कृष्णप्रपन्नाचार्य द्वारा महाकुंभ प्रयागराज में आचार्य को कंबल वितरण कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया आपको यह भी बता दे की कृष्ण प्रपन्नाचार्य जी द्वारा धार्मिक कार्य लगातार किए जा रहे हैं वही अपना कारोबार मुंबई से छोड़कर मेला क्षेत्र में लगातार सन्यासियों के साथ रहकर सन्यासी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कंबल वितरण करते हुए कई आचार्यों से आशीर्वाद लिया जिनमें महंत स्वामी रामेश्वर चार्य बड़ा खटलावृंदावन, जगदुरु स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर अयोध्या, स्वामी श्रीधराचार्य बैकुंठ नाथ प्रयागराज वही इस मौके पर श्री सीताराम श्रीनिवास सेवा ट्रस्ट 1008 स्वामी निवासाचार्य महराज और ट्रस्ट के अध्यक्ष युवराज स्वामी अनंताचार्य महाराज उपस्थित रहे।

# सामंतवाद के विरुद्ध समाजवाद के मज़बूत स्तंभ थे पंडित जनेश्वर मिश्र : राकेश मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** ज़िला समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में प्रख्यात समाजवादी चिंतक छोटे लोहिया स्व पंडित जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि नगर के मंगलम लॉन मियांपुर में दिन में 11:00 बजे आयोजित हुई। सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने पंडित जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।तत्पश्चात गोष्ठी आयोजित कर उनके संघर्षो और बलिदानों को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति पंडित जनेश्वर मिश्र की दृढ निष्ठा के कारण वे छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध थे। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुज़राल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पुर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया।जिलाध्यक्ष ने आगे कहाकि वो सदैव सामंतवाद के विरुद्ध समाजवाद के मज़बूत स्तंभ रहे।गोष्ठी को विधायक तूफानी सरोज, विधायक लकी यादव, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री श्रीराम यादव, पूर्व मंत्री राजनरायन बिंद, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, पूर्व प्रत्याशी संजय सरोज, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, पूर्व प्रमुख रमापति यादव, आलोक त्रिपाठी, शैलेश यादव सहित सैकड़ों संपजन उपस्थित रहे। अंत में पूर्व विधायक रामपारस रजक, पूर्व प्रमुख कमला अर्जुन यादव, सुरेन्द्र यादव और कांता निषाद के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त किया गया। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# इलेक्ट्रिक इजी.की छात्रा को IBPS ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा में मिली सफलता



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की 2017 की पासआउट छात्रा रितु वर्मा ने इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनेल सिलेक्शन (IBPS) द्वारा आयोजित ऑफिसर स्केल-1 परीक्षा में सफलता अर्जित कर संस्थान और विभाग का नाम रोशन किया। इस सफलता पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रितु वर्मा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कुलपति ने कहा कि रितु की यह उपलब्धि संस्थान के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा देगी और उनकी मेहनत व लगन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश भास्कर ने कहा कि रितु की सफलता न केवल विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस उपलब्धि से विभाग के अन्य छात्र भी प्रेरणा लेकर अपनी क्षमताओं को और बेहतर बनाएंगे।

विभाग के शिक्षक इंजी. सत्यम उपाध्याय, इंजी. जया शुक्ला, इंजी. सौरभ वी कुमार, इंजी. अनुराग सिंह, इंजी. मनीष गुप्ता, इंजी. श्वेता सिंह, इंजी. शरद चंद्र, इंजी. धर्मेंद्र, और श्री लाल बहादुर समेत अन्य शिक्षकों ने रितु वर्मा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रितु की मेहनत और लगन आज की युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है।

# शहीद पार्क मे आयोजित हुआ सुंदर कांड का पाठ

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जहानागंज अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापित कर विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई थी इस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए बुद्धवार को मवेशी खाना पर स्थित शहीद पार्क मे अमर शहीद के के सिंह पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मानस के सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। तथा इस दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार सिंह उर्फ भक्कू के सौजन्य से तमाम लोगों में रामनामी दुपट्टा वितरित कर मिठाइयां बांटी गई इस अवसर पर वहां उपस्थित पूर्व मंत्री व पूर्व विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा कि देश के नागरिकों के लिए 22 जनवरी का ऐतिहासिक् दिन सदैव अविश्मरणीय रहेगा क्योकि इसी दिन अयोध्या के नवनिर्मित भव्य मंदिर मे भगवान् की मूर्ति स्थापित कर विधिवत प्राणप्रतिष्ठा की गयी थी आज उस तिथि को एक वर्ष पूरे हुए है जिसे लेकर देश के कोने कोने मे लोग पूजन अर्चन एवं तरह तरह के कार्यक्रम कर खुशिया साझा कर रहे है। आज का दिन हम सभी के लिए सदा अविस्मरणीय रहेगा।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुभाष सिंह, पंकज सिंह झब्बू, विवेक सिंह, राजेश सिह, गोपाल नाटे, जुगुनू सिंह, झब्बर सिंह,कमलेश राय, प्रदीप, सहित तमाम लोग उपस्थित थे ।गायक प्रदीप ने राम आएंगे तो आंगना सजाउंगी गीत के साथ अन्य भजनो द्वारा सबको आनंदित किया।

## ग्राहकों को बेहतर सुविधा को पंजाब नेशनल बैंक का नवीनीकरण

**आजमगढ़।** ग्राहकों को बेहतर सुविधा पहुंचाने का उद्देश्य लिए आजमगढ़ में पंजाब नेशनल बैंक ने अपनी लगभग 50 वर्ष पुरानी एक शाखा का नवीनीकरण करते हुए एक बार फिर से शुभारंभ किया है। बुधवार को शहर के मुख्य मार्ग स्थित पुरानी सब्जी मंडी चौराहा निकट पंजाब नेशनल बैंक शाखा सदावर्ती चौक का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी से पधारे अंचल प्रबन्धक दीपक सिंह के द्वारा किया गया है। मुख्य अतिथि दीपक सिंह ने कहा कि हमारा ध्येय है कि सरल और सुगम बैंकिंग सुविधा पहुंचाते हुए हम ग्राहकों को संतुष्ट कर सके। कहा कि उस समय स्वदेशी आंदोलन के तहत हमारे संस्थापक लाला लाजपत राय के द्वारा रखी इस बैंक की नींव ने करोड़ों परिवारों की कई पीढ़ियों की विश्वसनीयता पर खरे उतरते हुए अब तक का अपना 130 वर्ष पूरा कर लिया है। मौके पर मौजूद मंडल प्रमुख अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस शाखा के जरिए हम ग्राहकों को और भी बेहतर उच्चस्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर रहेंगे। शाखा प्रबंधक इरफान अहमद के नेतृत्व में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

# छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र को पुण्यतिथि पर किया नमन




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर आज सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन में सपा नेताओं ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प दुहाराया। सपा नेताओं अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव आदि ने स्व जनेश्वर मिश्र को सादगी का प्रतीक बताते हुए कहा कि ईमानदार छवि और आम कार्यकर्ताओं के बीच मधुर सम्बन्ध के चलते उन्हें छोटे लोहिया की उपाधि दी गई थी।माघ मेला क्षेत्र में सेक्टर 11में स्थित समाजवादी चिंतन शिविर में भी पुण्यतिथि मनाई गई। शिविर के संचालक अवधेश आनन्द ने कहा कि छोटे लोहिया की प्रेरणा से ही 18 वर्ष पहले इस शिविर की स्थापना की गई थी जो निरंतर जारी है। उधर मेजा के भड़ेवारा में सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के आवास पर कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, संतलाल वर्मा, महबूब उस्मानी, अरविन्द केसरवानी, असगर अली, नाटे चौधरी,अवधेश, अनंत बहादुर, संतोष, रामलखन, कुंज बिहारी, रतन लाल, पुष्पजीवी, अभिनव प्रकाश, हिमांशु सिंह, इंजी विक्रम सिंह यादव, रुपनाथ यादव एडवोकेट, सचिन श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, बड़ेलाल यादव आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नवनिर्वाचित सभासद को पालिकाध्यक्ष ने दिलाई शपथ



**अतर्रा/बांदा।** नवनिर्वाचित सभासद कांति देवी का पालिका अध्यक्ष ने कर्तव्य निष्ठा की दिलाई शपथ। नगर पालिका के वार्ड 4 सुदामा पुरी में सभासद के लिए हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीती प्रत्याशी कांति देवी पत्नी स्वर्गीय राम निहोर यादव उर्फ बुंदेला का बुधवार को पालिका कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें पालिका अध्यक्ष संगीता निराला ने कांति देवी को ईमानदारी व निष्ठा के साथ पद के निर्वहन की शपथ दिलाई साथ ही पालिका अध्यक्ष श्रीमती निराला ने पूरा सहयोग का भरोसा दिया बताते चले की कांति देवी का पति राम निहोर यादव उर्फ बुंदेला की मृत्यु मार्ग दुर्घटना में हो गई थी जिस पर हुए उपचुनाव में लोगों ने सहानुभूति दिखाते हुए कांति देवी को चुनाव जिताया शपथ ग्रहण के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता जुगल जाटों नगर अध्यक्ष सनी गुप्ता के साथ भाजपा नेता भेड़ निराला सभासद अज्जू भैया अरविंद सिंह राजू लाल तिवारी नीरज गुप्ता मुन्ना गुप्ता पप्पू सोनकर सुधाकर द्विवेदी अमन गुप्ता उमा चतुर्वेदी सरिता गुप्ता बृजेंद्र यादव छेदीलाल वर्मा राजकिशोर बाजपेई अनूप प्रजापति माता बदल सोनकर आदि मौजूद रहे।

## ईटों भट्टों में जल रहा भूस, गौशालाओं में भूखी मर रहे गौवंश



**बांदा।** सरकार द्वारा ईटों के भट्ठो और चिमनियों में भूसा जलने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन घाटमपुर के इर्द-गिर्द और फतेहपुर के भ ट्ट टोमें भूसा जलाकर एट पकाने का कार्य जोरों पर चल रहा है और महंगे दामों पर खरीदा जा रहा है जिससे भूसा सप्लायर यहां से भूसा खरीद कर वहां भूसा बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं जबकि जगह-जगह बनी गौशाला में तिल का खूंखर और धान का सु खा प यार खिलाकर उनका भरण पोषण किया जा रहा है जिससे कमजोर होकर गोवंशों की मौतें हो रही है जबकि चना अलसी मटर गेहूं का भूसा यहां का खरीद करके एटा भत् ट्टा में जलने के लिए भेजा जा रहा है कस्बा के जगदेव कल्लू कुशवाहा भीष्म प्रजापति गणेश रैकवार सुबरन सिंह पशुपालकों ने प्रशासन से तत्काल भूसा सप्लायरों पर कानूनी कार्रवाई करके दंडित करने की मांग की है।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हुआ भंडारा



**बांदा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये. इस अवसर पर कालु कुआं चौराहे पर अनिल शिवहरे अमर सिंह राजपूत,राहुल,करन माली, अजय, रोहित टिंकू ,सुभम, रमेश राजपूत, राम किशुन महेश माली बाबु डीजे छोटू बच्चा राजपूत मनोज कालु कमल किशोर सिंह, रिंकू बड़कू भाइया समेत मंदिर के अन्य सदस्यों ने पूजा-अर्चना की. वर्षगांव के मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया. शाम को दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंदिर परिसर में बच्चा राजपूत व अन्य सदस्यों की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया. यहां भक्तों के बीच हलुआ, पूड़ी व सब्जी का वितरण किया गया।

## शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त, हर तरफ जाम का झाम

**प्रयागराज।** महाकुम्भ नगर प्रयागराज शहर में यातायात व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। अनायास रोड डायवर्जन करके दूरदराज से आ रहे श्रद्धालुओं व आम शहरियों को परेशान किया जा रहा है। भीड़ पर कोई कंट्रोल ही नहीं है। यातायात व्यवस्था सम्हालने वाले पुलिसकर्मी 10 मार्गो को बन्द कर उसमें से दो रास्ते पर पब्लिक को जबरदस्ती ढकेल दे रहे हैं, जबकि आराम से आने जाने पर शायद जाम न लगे, लेकिन पुलिस की खूब मनमानी चल रही है।फाफामऊ, झूँसी, सुलेमसरांय, नैनी से आने वाले लोग बुरी तरह से परेशान हो रहे हैं। पुलिस उन्हें रोककर रास्ता भटका रही है। किसी भी रूट से मेला क्षेत्र में किसी भी प्रवेश द्वार पर खड़े पुलिस कर्मी चाहे प्रेस हो या अन्य विभाग मीडिया पास, वाहन पास होनें पर भी जाने नहीं देते हैं। मीडियाकर्मी को इससे पहले कभी पास दिखाने पर रोका नहीं जाता था, पर इस बार तो खुलेआम पुलिस का गुण्डाराज चल रहा है।

# समाजवादी आंदोलन के पुरोधा थे जनेश्वर मिश्र



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय, जनपद- आजमगढ़ पर छोटे लोहिया के नाम से जाने जाने वाले स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। जिला अध्यक्ष-हवलदार यादव ने जनेश्वर मिश्र के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह समाजवादी आंदोलन के पुरोधा थे वे पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा के प्रसार प्रचार में अर्पित कर दिया वे ईमानदार ,निर्भीक व निडर नेता थे। वह कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य बने और केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री भी रहे। उन्होंने हमेशा गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई के विरुद्ध संघर्ष कर नेतृत्व किया। जुल्म, अन्याय व ज्यादती के विरुद्ध चट्टान बनकर खड़े हो जाते थे। उनके विचारों आदर्शों की प्रासंगिकता आज भी है। पूर्व सांसद-नंदकिशोर यादव ने कहा कि प्रदेश में पूंजीवादी व्यवस्था के कारण गरीबी बढ़ती जा रही है। पूंजीपति जनता का शोषण कर अमीर से अमीर बनता जा रहा है। आज देश में जनेश्वर मिश्र जैसे संघर्षशील नेता याद आते रहेंगे। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने जिला संगठन में बालचंद कुशवाहा को जिला संगठन में जिला उपाध्यक्ष बनाया और उनका माला पहनकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव हरिप्रसाद दुबे ने किया। बैठक में विधायक-अखिलेश यादव पूर्व विधायक-श्याम बहादुर सिंह यादव, अजीत कुमार राव, विवेक सिंह, मोहम्मद आरिफ खान, देवनाथ साहु,र ाजेश यादव, शिवसागर यादव, सुरेश यादव,सोहराब अहमद, निशांत राय टीपू, जगदीश प्रसाद, बाल रूप सरोज, दीपचंद विशारद, आशुतोष चौधरी, संदीप रजत सेठ, सचिन शाहनी,बृजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनता का पैसा जनता परेशान वीवीआईपी की मौज: विनय कुशवाहा

**प्रयागराज।** सपा प्रदेश सचिव व सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने कहा कि 2025 महाकुंभ प्रयागवासियों के लिए समस्याओं का महाकुंभ बन गया उसमें आग मे घी डालने का काम वीवीआईपी मूमेंट के किया जनता के टैक्स के पैसे से वीवीआईपी मेले का आनंद ले रहे हैं और जनता परेशान हो रही हैं चारोंओर जाम वजह सें स्कूल,अस्पताल व रोजमर्रा के कार्य से गंगापार व जमुनापार से शहर आने वालों को जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है।मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अबतक का प्रथम महाकुंभ हैं जिसमें आध्यात्मिक चर्चा की जगह भारतीय मोनालिसा की आंखों की और आईआईटी बाबा तथा माडलिंग करने वाली हिरोइन कि चर्चा हो रही हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि गंगा जमुना के संगम पर साधु संयासी कल्पवासी एक माह एक समय भोजन कर तप करते हैं, अध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करते हैं लेकिन इस महाकुंभ में हूंटर साइरन की आवाज में सब दब गया इसको वीवीआईपी मेला बना दिया गया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि चारों ओर के रेलवे स्टेशन, बस अड्डे से बच्चे बुढ़े महिला यात्री 5-6 किमी पैदल चल रहे हैं पर प्रशासन ने कहीं भी पीने के पानी, सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं किया।

## जन अधिकार पार्टी निकालेगी भाईचारा बनाओ यात्रा

**नरैनी/बांदा।** जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में जनपद में भाईचारा बनाओ यात्रा आज निकाली जाएगी।इस यात्रा की शुरुआत बुंदेलखंड प्रांत के झांसी जिले से शुरू की गई थी।जो अब चित्रकूटधाम मंडल के महोबा हमीरपुर होते हुए बांदा और चित्रकूट जिलों में निकलेगी। जिलाध्यक्ष हनुमानदास राजपूत ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य संविधान को मजबूती देना है।बताया कि बुंदेलखंड प्रांत में यह यात्रा पार्टी के संस्थापक और जौनपुर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा,और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा के मार्ग दर्शन में निकाली जा रही है।दो दिवसीय यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है।यह यात्रा बांदा जनपद मुख्यालय से निकल कर जिले के विभिन्न विधान सभाओं से होते हुए 24 तारीख को भरतकूप तक निकलेगी। इस दौरान जिले के पार्टी कार्यकर्ताओ के अलावा राष्ट्रीय महासचिव संतोष देवी लोधी,प्रदेश महासचिव किरण कुशवाहा,राष्ट्रीय महासचिव लखन राज पासी,आदि मौजूद रहेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ -उ.रे. रे.वाणिज्य/उ-मण्डल |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-RBL-Toi-44-25-1 |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.02.2025 at 12:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

238/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच**

पत्रांक : 157/8 काम/ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2024-25 दिनांक : 15.01.2025

**ई-निविदा सूचना प्रकाशन शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या-3504/8काम-ई-टेण्डरिंग/बह0-श्रा0वृत्त/2024-25 दिनांक 20.12.2024 द्वारा 02 कार्य की ई-निविदा सूचना प्रकाशन दिनांक 30.12.2024 से 17.01.2025 तक प्रकाशन हेतु प्रेषित की गयी थी। उक्त तिथि को संशोधित करते हुये अब ई-निविदा सूचना प्रकाशन दिनांक 22.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रकाशित की जायेगी।

(इं. भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त,
लो.नि.वि. बहराइच

UPID-226869 Dated-21-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच**

पत्रांक : 217 /8 काम/ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2024-25 दिनांक : 16-01-2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे 'ए', 'बी', एवं 'सी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा-नानपारा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | |
| 1 | बहराइच | रायपुर टेपरहा मार्ग से चहलार सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 57.55 | 4.88 | 2715.00 | 02 माह |
| 2 | बहराइच | कहारनपुरवा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 48.94 | 4.45 | 2715.00 | 02 माह |
| 3 | बहराइच | ललुई-चमारनपुरवा-सधुवापुर-बाजसिंहपुरवा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 52.38 | 4.62 | 2715.00 | 02 माह |
| 4 | बहराइच | बेलामकन मार्ग से घुमनी बिचपरी टिकुरी सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 78.26 | 5.91 | 2715.00 | 02 माह |
| 5 | बहराइच | ढकिया से बेलामकन सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 103.86 | 7.19 | 2715.00 | 03 माह |
| 6 | बहराइच | शिवपुर बौण्डी से एकघरा सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 91.46 | 6.57 | 2715.00 | 02 माह |
| 7 | बहराइच | झालाकलां सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 121.79 | 8.09 | 2715.00 | 03 माह |
| 8 | बहराइच | आर0टी0आई0 मार्ग से सिसवारी होते लक्ष्मनपुर भगवानपुर विलासपुर मेनानेवरिया सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 57.49 | 4.87 | 2715.00 | 02 माह |
| 9 | बहराइच | शिवपुर ब्लाक से पाठकपुरवा सं0 मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। (ग्रामीण मार्ग) | 43.49 | 4.17 | 2715.00 | 02 माह |
| 10 | बहराइच | रंजीतबोझा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 39.70 | 3.97 | 2715.00 | 05 माह |
| 11 | बहराइच | निधिनगर पोखरा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 50.30 | 4.52 | 2715.00 | 02 माह |
| 12 | बहराइच | बख्तावर गांव सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 35.20 | 3.52 | 2715.00 | 02 माह |
| 13 | बहराइच | लक्ष्मनपुर गुलालडीह सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 71.80 | 5.59 | 2715.00 | 02 माह |
| 14 | बहराइच | मकनपुर वाया सुजौली सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 62.20 | 5.11 | 2715.00 | 03 माह |
| 15 | बहराइच | नौवागांव सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 62.70 | 5.14 | 2715.00 | 03 माह |
| 16 | बहराइच | नकहा से कोटवा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 50.00 | 4.50 | 2715.00 | 03 माह |
| 17 | बहराइच | सहत्तरपुर सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 30.95 | 3.10 | 2715.00 | 02 माह |
| 18 | बहराइच | गढ़ीघाट सेतु का पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 72.20 | 5.61 | 2715.00 | 02 माह |
| 19 | बहराइच | नीलकोठी सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 88.95 | 6.45 | 2715.00 | 02 माह |
| 20 | बहराइच | नानपारा पीलीभीत मार्ग से बहादुरपुरवा सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 102.20 | 7.11 | 2715.00 | 03 माह |
| 21 | बहराइच | सिलेटनगंज सं0मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 72.00 | 5.60 | 2715.00 | 02 माह |
| 22 | बहराइच | खरखट्टनपुरवा सेतु का पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (ग्रामीण मार्ग) | 55.60 | 4.78 | 2715.00 | 02 माह |

2. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से 02 वर्ष होगी।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24-01-2025 से 31-1-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन इसी साइट पर सबमिट की जायेगी।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 31-01-2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 31-01-2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http//etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 31-01-2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदिव कोई हो, तो उसे ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इं. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
बहराइच

UPID-226923 Dated-21-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इं. भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,
बहराइच

# एमपीसी के सदस्य ने बेहतर नीति निर्माण के लिए दो मुद्रास्फीति दरों की वकालत की

**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार ने सुझाव दिया है कि दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए- एक जिसमें खाद्य कीमतें शामिल हों और दूसरी जिसमें खाद्य कीमतें शामिल न हों- ताकि नीति निर्माण के लिए प्रासंगिक दरों को ध्यान में रखा जा



सके। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में खाद्य मुद्रास्फीति को दर निर्धारण से बाहर रखने की वकालत करते हुए कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है, जो आपूर्ति पक्ष के दबावों से तय होती हैं।

आर्थिक सर्वेक्षण में बेंचमार्क ब्याज दरें निर्धारित करते समय खाद्य मुद्रास्फीति को शामिल न करने के सुझाव पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, ÷मुझे लगता है कि इस बात पर एक स्वस्थ बहस चल रही है कि लक्ष्य क्या होना चाहिए।÷ उन्होंने कहा, ÷चाहे वह समग्र मुद्रास्फीति दर हो या खाद्य उत्पादों से अलग मुद्रास्फीति दर, आप जानते हैं, ये मौसमी मांग, आपूर्ति असंतुलन से बहुत गंभीर रूप से प्रभावित होती है।÷ समग्र उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में खाद्यान्न का भार, जो 46 प्रतिशत है, 2011-12 में निर्धारित किया गया था, इसलिए इस पर पुनर्विचार किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हमारे पास दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए, एक जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति शामिल हो और एक जिसमें खाद्य मुद्रास्फीति न हो...

**वकालत**

**एमपीसी के सदस्य ने बेहतर नीति निर्माण के लिए दो मुद्रास्फीति दरों की वकालत की, जानें उनकी राय के बारे में**

इसलिए प्रासंगिक दर पर विचार किया जा सकता है, तथा यह तय किया जा सकता है कि कौन सा विशेष नीतिगत मापदंड क्या है।

भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति से निपटने का ढांचा पेश किया था, जिसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को खुदरा मुद्रास्फीति को 4 प्रतिशत पर रखने का निर्देश दिया गया है, जिसमें दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन रह सकता है। बेंचमार्क नीतिगत दरें आरबीआई द्वारा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उतार-चढ़ाव के आधार पर द्विमासिक आधार पर तय की जाती हैं, जिसमें खाद्य, ईंधन, विनिर्मित वस्तुएं और चुनिंदा सेवाएं शामिल हैं। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा कि दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई।

कुमार ने कहा, इस 5.2 प्रतिशत की वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण है, ऐसा सब्जियों की कीमतों में मौसमी असंतुलन के कारण भी है...और जब मंडियों में अधिक आपूर्ति आएगी, तो यह अपने आप ठीक हो जाएगा, और हम देखेंगे कि मुद्रास्फीति पर और अधिक अंकुश लगेगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ जाने का अनुमान है, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है।

जुलाई-सितंबर की अवधि में आर्थिक वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में यह 6.7 प्रतिशत थी। यह पूछे जाने पर कि भारत में निजी निवेश क्यों धीमा है, कुमार ने कहा कि निजी निवेश अब तक की तुलना में बेहतर होना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷और मेरा मानना है कि चुनाव की अनिश्चितताएं समाप्त होने के बाद, केंद्र में एक स्थिर सरकार होगी और एनडीए 3.0 सुधारों की गति को आगे बढ़ाएगा, इससे और अधिक निजी निवेश आएगा।÷ उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। उन्होंने कहा, ÷हमें भारत की कहानी को और अधिक प्रचारित करने की जरूरत है, ताकि देश में पहले से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आ सके।

# इनडोर एयर क्वालिटी में सुधार कैसे लाएं

इस समय लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर तक बढ़ा हुआ है। यहाँ पर एक्यूआई 400 के पार पहुँच गया है, जिसके कारण यह भारत के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से एक है। इससे हमारे सामने एक गंभीर समस्या उजागर होती है, जिसका हम सभी अपने-अपने घरों में सामना कर रहे हैं। वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, भारत दुनिया के पाँच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में से एक था, जहाँ पर हवा में औसत पीएम2.5 डब्लूएचओ की वार्षिक गाईडलाईन के मुकाबले 10 गुना ज्यादा था। ठंडे मौसम में प्रदूषण के कण हवा में फँसे रह जाते हैं, जिसके कारण हमारे घरों के अंदर समस्या और ज्यादा गंभीर हो जाती है। घर के अंदर प्रदूषित हवा से निपटने के लिए डायसन इंजीनियर, थियो जोन्स हमारे घरों के अंदर इनडोर एयर क्वालिटी के बारे में महत्वपूर्ण बातें बता रहे हैं, जिनसे हवा के प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी।



**एयर प्योरिफायर इनडोर एयर क्वालिटी किस प्रकार बनाए रखते हैं?**

घर के अंदर की एयर क्वालिटी को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एयर प्योरिफायर सबसे प्रभावशाली उपाय हैं। इनमें हेपा और कार्बन फिल्टर जैसी आधुनिक फिल्ट्रेशन तकनीकें होती हैं, जो डस्ट, पॉलेन, पेट डैंडर, और धुएं जैसे अनेक प्रदूषण के कणों को हवा में से छानकर साफ कर देती हैं। डायसन की लेटेस्ट मशीनों के हेपा फिल्टर में प्रदूषण के कण फँस जाते हैं, और वापस नहीं आ पाते। ये फिल्टर फॉर्मेल्डिहाईड सेंसिंग और कूलिंग एयरफ्लो प्रदान करके पूरे साल घर के अंदर की एयर क्वालिटी बनाए रखते हैं।

**घर के अंदर की हवा कैसे प्रदूषित होती है?**


घर के अंदर विभिन्न गतिविधियों के कारण प्रदूषण के कण उत्पन्न होते हैं और ये अनेक तरह के कण घर के अंदर हवा में फँसे रह जाते हैं।

हम रोज 9,000 लीटर हवा1 साँस के साथ अंदर खींचते हैं, और अपना 90 प्रतिशत समय बंद दरवाजे के पीछे गुजारते हैं2।

एयर प्योरिफायर घर के अंदर एयर क्वालिटी कैसे बनाकर रखते हैं?

घर के अंदर की हवा साफ रखने के लिए एयर प्योरिफायर सबसे प्रभावशाली उपाय हैं। इनमें कई आधुनिक फिल्ट्रेशन तकनीकें होती हैं, जो डस्ट, पॉलेन, पेट डैंडर, धुएं और वीओसी जैसे अनेक प्रदूषण के कणों को हवा में से छानकर साफ कर देती हैं। डायसन की लेटेस्ट मशीनों के हेपा फिल्टर में प्रदूषण के कण फँस जाते हैं, और वापस नहीं आ पाते, वहीं फॉर्मेल्डिहाईड सेंसिंग और कूलिंग एयरफ्लो से पूरे साल घर के अंदर की एयर क्वालिटी बनी रहती है।

## आख़िरकार आईफ़ोन पर भी काम करने लगा है ट्रूकॉलर




**लखनऊ।** ट्रूकॉलर दुनिया में संचार का अग्रणी प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने आज आईफ़ोन के लिए अब तक के सबसे बड़े अपडेट की घोषणा की है। इस नए अपडेट के बाद अब आईफ़ोन यूजर्स ट्रूकॉलर की स्पैम एवं स्कैम ब्लॉकिंग की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकते हैं! अब यह सभी प्रकार के कॉल्स की पहचान करने में सक्षम है, जिसके बाद आईफ़ोन में उपलब्ध सुविधाएँ भी एंड्रॉयड फोन के बराबर हो गई हैं।

एप्पल के लाइव कॉलर आईडी लुकअप फ्रेमवर्क की वजह से ही यह संभव हो पाया है, जिसे खास तौर पर ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स के लिए विकसित किया गया है ताकि गोपनीयता बनाए रखते हुए लाइव कॉलर आईडी उपलब्ध कराई जा सके। यह (एपीआई) अत्याधुनिक होमोमॉर्फिक एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है और ट्रूकॉलर दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जिसने इसे कॉलर आईडी के लिए बड़े पैमाने पर लागू किया है।

**ट्रूकॉलर का दमदार अनुभव- अब आईफ़ोन पर**

ट्रूकॉलर पिछले 15 सालों से अनचाहे संचार को फ़िल्टर करने का काम कर रहा है। यह अपडेट ट्रूकॉलर की नवीनतम एआई क्षमताओं और ग्लोबल डेटाबेस का लाभ उठाकर ज़्यादा-से-ज़्यादा कॉल की पहचान करने में सक्षम है। इसके बाद ट्रूकॉलर के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर द्बह्मस् पर किसी भी कॉल की पहचान की जा सकती है।

इसके अलावा, इस नए अपडेट में एक ऐसा फीचर भी शामिल है जिसकी ट्रूकॉलर द्बह्मस् यूजर्स लंबे समय से मांग कर रहे थे- यानी अब उन्हें स्पैम कॉल को ऑटोमेटिक तरीके से ब्लॉक करने की सुविधा भी मिलेगी।

## गणतंत्र दिवस पर अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल का हर नागरिक को जीवन रक्षक बनाने का संकल्प

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल इस 26 जनवरी को 76वां गणतंत्र दिवस बेहद खास अंदाज में मनाने जा रहा है। हॉस्पिटल ने अपनी अनूठी पहल मिशन-76 के तहत 76 दिनों में 76 सीपीआर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का फैसला किया है। इस अभियान की शुरुआत अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल में बुधवार (22 जनवरी 2025) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित राजधानी के मीडिया कर्मियों के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मीडिया कर्मियों को सीपीआर प्रशिक्षण देने से उन्हें न केवल जीवनरक्षा की तकनीक का बेहतर ज्ञान मिला, बल्कि अब वे समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में और भी अहम भूमिका निभाने के लिए सक्षम होंगे।

इस अभियान की शुरुआत अस्पताल के निदेशक (मेडिकल सर्विसेज) डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में हुई। यह प्रशिक्षण आगामी




दिनों में शहर के विभिन्न संस्थानों में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की एक कड़ी है। ये सत्र लोगों को आपातकालीन स्थितियों में जान बचाने के लिए तैयार करने की हॉस्पिटल की एक सामाजिक पहल है।

सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) की अहमियत गोल्डन आवर के दौरान सबसे अधिक होती है। जब किसी को हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट होता है, तो शुरुआती कुछ मिनट बेहद कीमती होते हैं। इसे ही गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान यदि सही तरीके से सीपीआर दिया जाए, तो उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीपीआर से दिल और मस्तिष्क तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह बना रहता है, जिससे मरीज की जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

डॉ. अजय कुमार ने कहा, आपातकालीन स्थिति में सबसे अहम है सही समय पर सही तकनीक का उपयोग करना। सीपीआर एक ऐसा कौशल है, जिसे हर नागरिक को सीखना चाहिए। यह सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी बचाने का माध्यम है। अपोलोमेडिक्स का यह प्रयास हर व्यक्ति को जीवन रक्षक बनाने का है। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के एमडी और सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, गोल्डन आवर वह समय है जब हर एक सेकंड कीमती होता है और तुरंत मदद मिलना बेहद जरूरी होता है। जब दिल अचानक से रुक जाता है, तो उस समय व्यक्ति की स्थिति बहुत गंभीर हो जाती है। इस समय में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) सबसे प्रभावी और जीवन रक्षक तकनीक साबित होती है। अगर सही तरीके से और सही समय पर सीपीआर दिया जाए, तो किसी की जान बचाई जा सकती है। हमारा यह अभियान मिशन-76 इसी उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि हम लोगों को इस तकनीक का सही ज्ञान दे सकें। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग सीपीआर का प्रशिक्षण लें, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में दूसरों की जिंदगी भी बचा सकें। यह जीवन रक्षा में एक अहम कदम साबित हो सकता है।

## टाटा मोटर्स ने पंतनगर में कर्मचारियों के आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई

**पंतनगर।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता, टाटा मोटर्स ने आज उत्तराखंड में अपनी पंतनगर फैक्ट्री में कर्मचारियों के आने-जाने के लिए समर्पित इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। देश में बनाई गई शून्य उत्सर्जन वाली ये बसें नवीनतम सुविधाओं से लैस हैं और उन्नत बैटरी सिस्टम से चलती हैं। टाटा मोटर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी, टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड (टीएससीएमएसएल) आधुनिक टाटा अल्ट्रा 9 मीटर इलेक्ट्रिक बसों के साथ कर्मचारियों के आने-जाने की यह सुविधा प्रदान करेगी। सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा मुहैया करने के लिए डिज़ाइन की गई, यह ई-बस सेवा 5,000 से अधिक लोगों को स्वच्छ और हरित परिवहन प्रदान करके कार्बन फुटप्रिंट में कटौती करेगी और सालाना 91,100 टन $CO_2$ उत्सर्जन की बचत करेगी। 16 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र से उत्पन्न बिजली इन सभी ई-बसों को चार्ज करेगी, जिससे पूरा परिचालन शुरू से लेकर अंत तक पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकेगा।

टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड-ऑपरेशंस, विशाल बादशाह ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा, कर्मचारियों के आने-जाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की पेशकश टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स की 2045 तक नेट-ज़ीरो ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन प्राप्त करने की आकांक्षा को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपनी सभी फैक्ट्रियों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए पूरी वैल्यू चेन- सोर्सिंग से लेकर विकास और इंजीनियरिंग से लेकर संचालन तक, सभी में स्थिरता को शामिल किया जाएगा।

# टाटा एआईए लाइफ ने सपनों की शादी को हकीकत बनाने के लिए पेश किया 'शुभ मुहूर्त'

**नई दिल्ली।** भारत में शादियां सिर्फ रस्में पूरी करने का एक समारोह भर नहीं हैं बल्कि शादी संस्कृति, प्यार और खुशी साझा करने का भव्य उत्सव है। यह किसी परिवार के जीवन में सबसे यादगार पलों में शामिल है। साथ ही, शादियां सोशल स्टेटस भी बन गई है, थीम और डेस्टिनेशन वेडिंग होने लगी हैं, जो दिनों से लेकर कई हफ्तों तक चल सकती हैं। नतीजतन, इस अवसर के लिए धन के बंदोबस्त और उसे खर्च करने के सही तरीकों के लिए महीनों ही नहीं बल्कि सालों तक सोच–समझ कर योजना बनानी पड़ती है।

परंपरागत रूप से, भारतीय शादियों के लिए सोना, फिक्स्ड डिपॉजिट, और सामुदायिक बचत के तरीकों पर निर्भर रहे हैं। रियल एस्टेट और पारंपरिक बचत योजनाओं में निवेश भी लोकप्रिय रहा है, जो स्थिरता और लंबी अवधि के लाभ देते हैं। लेकिन, इन विकल्पों में अक्सर लचीलापन कम होता है या वे तेजी से धन बढ़ाने में सक्षम नहीं होते।

यहां बताया गया है कि जीवन बीमा समाधान लक्ष्य-आधारित बचत के लिए एक व्यवस्थित तरीका प्रदान करते हैं, जिसमें धन सृजन और वित्तीय सुरक्षा दोनों शामिल हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बच्चे की मनचाही शादी की आकांक्षाएं किसी भी अप्रत्याशित घटना के बावजूद पूरी हो सकें।

एक निवेश बैंकिंग और पूंजी बाजार फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2024 में 80 लाख से अधिक शादियां हुईं। इससे भारतीय विवाह प्रणाली विश्व में दूसरी सबसे बड़ी बन गई है, जिसका अनुमानित खर्च 10.7 लाख करोड़ रुपये है। औसतन, एक भारतीय शादी पर लगभग 12.5 लाख रुपए खर्च होते हैं, जो बच्चे की प्रीस्कूल से लेकर स्नातक तक की शिक्षा पर होने वाले खर्च से दोगुना है। लक्जरी शादियों का बाजार पर दबदबा है, जहां अक्सर खर्च 1 करोड़ रुपये से भी अधिक हो जाता है।

शादियों के महत्व और उनके आर्थिक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस टाटा एआईए ने एक विशेष जीवन बीमा समाधान शुभ मुहूर्त पेश किया है। इसमें इसमें इक्विटी एक्सपोजर के साथ पूंजी की गारंटी, वांछित लाभार्थी को लाभ की निश्चितता, जीवन बीमा, तत्काल मृत्यु लाभ सहित अन्य कई विशेषताएं शामिल हैं, जिससे माता-पिता अपने बच्चे की सपनों की शादी के लिए आर्थिक रूप से तैयारी कर सकें और यह सुनिश्चित हो सके कि यह सभी के जीवन का एक यादगार पड़ाव बने।

टाटा एआईए लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वेंकी अय्यर ने शुभ मुहूर्त की लॉन्चिंग पर कहा, टाटा एआईए लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को समझते हैं और उनके जीवन के अलग-अलग समय की जरूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

## वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, 220 डिग्रियां प्रदान की




**नई दिल्ली।** रचनात्मक क्षेत्र में शिक्षा के लिए समर्पित भारत की प्रथम युनिवर्सिटी- वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने हरियाणा में सोनीपत कैंपस में अपने चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ब्रिक्स सीसीआई) के वाइस चेयरमैन श्री समीप शास्त्री इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे जहां 220 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। यह दीक्षांत के उपरांत डिजाइन के विविध क्षेत्रों से विद्यार्थी इन डिग्रियों के साथ पेशेवर जीवन में उतरेंगे। उन्हें डिजाइन के संबंध में शपथ दिलाई गई और इस तरह से वे अपनी पेशेवर यात्रा पर निकले। ज्ञान और वैश्विक परिदृय के साथ ये स्नातक डिजाइन उद्योग के भविष्य को आकार देने को तैयार हैं। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने रचनात्मक क्षेत्र की तीन हस्तियों को मानद डाक्टरेट उपाधि से भी सम्मानित किया जो उनकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है। इनमें आधुनिक शिल्पकार के.एस. राधाकृष्णन, एक एंथ्रोपॉलिजकल फिल्म निर्माता बप्पा रे और एक दूरदृष्टा आर्किटेक्ट और शिक्षक अशोक बी. लाल शामिल हैं। राधाकृष्णन ने जहां मैया और मुसुई जैसी प्रमुख हस्तियों के लिए काम किया है, वहीं रे ने भारत की ग्रामीण और आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पुरस्कृत वृत्तचित्रों का निर्माण कर वैश्विक स्तर पर और यूनेस्को में ख्याति प्राप्त की। एक विजनरी आर्किटेक्ट और शिक्षक अशोक बी. लाल को निम्न कार्बन उत्सर्जन और किफायती आवास के लिए वकालत करने और अपनी अनूठी परियोजनाओं के जरिए टिकाऊ, सामाजिक रूप से जिम्मेदार डिजाइन को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

# बीएसएनएल ने ओटीटीप्ले के साथ साझेदारी में यूपी ईस्ट में आईएफटीवी पायलट लॉन्च किया

**लखनऊ।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), भारत का भरोसेमंद टेलीकॉम पार्टनर, ने आज यूपी ईस्ट में आईएफटीवी सेवा का विस्तार किया। यह एक क्रांतिकारी पहल है जो करोड़ों भारतीयों के लिए मनोरंजन को फिर से परिभाषित करेगी।

बीएसएनएल की आईएफटीवी सेवा यूपी ईस्ट में एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) उपयोगकर्ताओं को मुफ्त में 500 से अधिक लाइव टीवी चैनल, जिनमें प्रीमियम चैनल भी शामिल हैं, उपलब्ध कराती है। पुडुचेरी में सफल पायलट लॉन्च के बाद, यूपी में यह पहली बार इस सेवा का पायलट लॉन्च किया गया है। यह विस्तार बीएसएनएल की नवीनतम तकनीक को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सेवा उच्च गुणवत्ता वाला मनोरंजन प्रदान करती है और बीएसएनएल उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल सामग्री को आसानी से सुलभ बनाती है, चाहे उनका कोई भी



प्लान हो।

आईएफटीवी के माध्यम से, हमारे साझेदारों के सहयोग से, बीएसएनएल हर ग्राहक को मुफ्त में 'कहीं भी, कभी भी' मनोरंजन का आनंद लेने की शक्ति दे रहा है, चाहे उनका प्लान कुछ भी हो। यह सेवा पुराने पीआरबीटी सिस्टम का बेहतरीन विकल्प है, जो अत्याधुनिक तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री को एक साथ लाती है। बीएसएनएल ऐसे पहले टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं में से एक होगा जो अपनी पुरानी पीआरबीटी सेवा को इस क्रांतिकारी सेवा से बदल रहा है।

इस नए आईएफटीवी नवाचार के साथ, हमें बीएसएनएल ग्राहकों को विश्व स्तरीय मनोरंजन प्रदान करने पर गर्व है। हम भारत में बीएसएनएल ग्राहकों के लिए सिनेमा और मनोरंजन के जादू को भाषाओं, शैलियों और क्षेत्रों में विस्तारित कर रहे हैं और डिजिटल मनोरंजन के अनुभव को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

इस साझेदारी के साथ, ओटीटीप्ले और बीएसएनएल मिलकर डिजिटल समावेशन को बढ़ावा दे रहे हैं और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर रहे हैं। बीएसएनएल के व्यापक नेटवर्क और ओटीटीप्ले की मनोरंजक सामग्री को मिलाकर, यह साझेदारी एक डिजिटल रूप से जुड़े भारत की नींव रख रही है, जहां हर नागरिक को कभी भी, कहीं भी गुणवत्ता सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो।

## बादाम के 8 छुपे हुए सेहतमंद फायदे: क्या आप जानते हैं इनके बारे में



हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।

इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नज़र डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें।

कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। भारतीयों के आहार के लिए आईसीएमआर-एनआईएन के दिशा-निर्देशों में बादाम को एक पौष्टिक नट के रूप में माना गया है, जिसे रोजाना खाना सेहत के लिए फायदेमंद है।

बादाम में भरपूर मात्रा में विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। इसे त्वचा को चमकदार और स्वस्थ बनाने के लिए जाना जाता है और इसके एंटी-एजिंग गुण भी होते हैं।

## एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 2,007 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टरटैक्स (पैट) दर्ज किया

**मुंबई।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक एलएंडटी फाइनेंस लि. (एलटीएफ) का समेकित पैट चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह एक साल पहले की तुलना में 14 फीसदी अधिक है। वहीं, दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी का समेकित पैट 626 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय नतीजों पर टिप्पणी करते हुए एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में कुछ मैक्रो (वृहद) चुनौतियों के बावजूद हमने स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। हमें उम्मीद है कि अगली कुछ तिमाहियों में माहौल काफी बेहतर होगा।

विश्वस्तरीय क्रेडिट अंडरराइटिंग और मॉनिटरिंगइंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की दिशा में हमारे निवेश एवं प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी के अनुरूप हमारी नेक्स्ट जेनरेशन के थ्री डायमेंशनल क्रेडिट अंडरराइटिंग इंजन %प्रोजेक्ट साइक्लॉप्स% को टू-व्हीलर फाइनेंस में 100 फीसदी डीलरशिप तक बढ़ाया गया और

L&T Finance

फार्म इक्विपमेंट फाइनेंस व्यवसाय के लिए भी इसे चालू किया गया।

कर्ज परिदृश्य में नवाचार की हमारी खोज में एलटीएफ ने अत्याधुनिक क्रेडिट समाधान विकसित कर पेश करने के लिए अमेजन पे के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरू की। हमने अपने उपभोक्ताओं को सहज डिजिटल ऋण अनुभव प्रदान करते हुए पर्सनल लोन के लिए भी फोनपे के साथ साझेदारी का विस्तार किया।

कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए 15,210 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेलडिसबर्समेंट दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। तिमाही के दौरान रिटेलबुक का आकार 92,224 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 23 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

इसके अलावा, कंपनी के ग्राहक केंद्रित PLANET एप ने 31 दिसंबर, 2024 तक 1.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड को पार कर लिया है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों से 13.8 लाख से अधिक डाउनलोड शामिल हैं। आज तक, इस चैनल ने 3,100 करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह किया है और 10,500 करोड़ रुपये (वेब सहित) से अधिक की सोर्सिंग की है।

## ओरा फाईन ज्वेलरी का डायमेंड फेस्टिवल आकर्षक डिस्काउंट के साथ

**लखनऊ।** ओरा फाईन ज्वेलरी ने अपने ग्राहकों को 'डायमंड फेस्टिवल' के लिए आमंत्रित किया है। इस एक्सक्लुसिव फेस्टिवल में उन्हें फाईन ज्वेलरी का यादगार अनुभव मिलेगा। यहाँ ग्राहक ओरा के लेटेस्ट कलेक्शन और मोहक डिज़ाईन में सबसे खूबसूरत डायमंड्स देख सकेंगे। डायमंड फेस्टिवल एक लग्ज़री उत्सव है। 18 जनवरी से लेकर 17 फरवरी तक ग्राहकों को डायमंड फेस्टिवल में मंत्रमुग्ध कर देने वाली डायमंड ज्वेलरी देखने का मौका मिलेगा, जो इस सीज़न की जीवंत ऊर्जा को प्रतिबिंबित करेगी। ओरा भी पहली बार डायमंड के मूल्य पर एक्सक्लुसिव डिस्काउंट दे रहा है, जो ज्वेलरी खरीदने के लिए बहुत ही आकर्षक प्रस्ताव है। आपके इस अनुभव को और ज्यादा खास बनाने के लिए ओरा द्वारा अपने चुनिंदा कलेक्शन पर अतिरिक्त डिस्काउंट और स्पेशल ऑफर दिए जाएंगे, ताकि हर प्रबुद्ध ग्राहक को ग्रेस और स्टाईल का बेजोड़ मिश्रण प्राप्त हो सके। इसके अलावा, ग्राहक गणतंत्र दिवस और वैलेंटाईन डे के लिए तैयार किए गए लिमिटेड-एडिशन डायमंड ज्वेलरी बॉक्स-सेट भी खरीद सकेंगे ताकि वो देशभक्ति की भावना में डायमंड्स का सौंदर्य पिरो सकें।

# फ्लिपकार्ट और एपीएफबीसी ने वर्कशॉप का आयोजन किया




**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन (एपीएफबीसी) के साथ मिलकर एक ओरिएंटेशन एवं ऑनबोर्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का लक्ष्य एपीएफबीसी द्वारा बनाए गए क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) एवं स्वयं सहायता समूहों को फ्लिपकार्ट 'समर्थ' प्रोग्राम के बारे में महत्वपूर्ण इनसाइट्स एवं जानकारियां प्रदान करते हुए सशक्त करना, इस प्रोग्राम से उद्यमियों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का लाभ उठाने में सक्षम बनाना और देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करना है। एपीएफबीसी को समर्थ पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे उत्पादों की बिक्री करते हुए इससे संबद्ध स्वयं सहायता समूहों और सीएलएफ के लिए आजीविका के अवसर सृजित होंगे। वर्कशॉप का आयोजन गुवाहाटी, असम के अरण्य भवन में 20 जनवरी को किया गया। इसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण पर फोकस किया गया। इस वर्कशॉप के दौरान असम प्रोजेक्ट ऑन बायोडायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री अनुराग सिंह, असम प्रोजेक्ट ऑन डायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के एक्टिविटी डायरेक्टर श्री सनी देव चौधरी, फ्लिपकार्ट के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अवधनामा



# दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग, हजारों का नुकसान

### प्रशासन के रात्रि गस्त पर उठ रहा सवाल, साहब को नहीं रहती गस्त की चिंता

अवधनामा ब्यूरो


आग से जली दुकान में रखा सामान

**कुशीनगर।** चौरा खास थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार सुभाष चौक पर मंगलवार के बीती रात पान स्टॉल की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लगने से लाखों के सामान जल कर राख हो गए। दुकान में आग लगने की सूचना पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूझबूझ से आग पर काबू पाया गया मगर लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। समाजसेवी केशव यादव ने लेखपाल व पुलिस को घटना का जानकारी दिया। आपको बता दें कि कटेया निवासी संदीप मद्धेशिया सुभाष चौक कटेया मार्ग पर पान स्टॉल की दुकान खोल रखा है। मंगलवार को रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चलें गए। क़रीब 11 बजे किसी ने बताया कि आपके दुकान में आग लग गई है। वह घर से जैसे तैसे भागते दौड़ते हुए आया तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान का नजारा देखकर चीखने चिल्लाने लगा। आग जनी से दुकानदार का पान, बीड़ी, गुटखा, सिगरेट, साबुन, नमकीन, ट्रॉफी पेप्सी, पानी बोतल, बिस्कुट, तेल, आदि लगभग लाखों रुपए का सामान और कुछ नगद जलकर खाक हो गया। खबर लिखने तक पुलिस को तहरीर नही मिला था।

## पशुओं के लिए चारा काटने गई महिला की मौत

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरपुर बरवा गांव निवासी एक 55 वर्षीय महिला की तब मौत हो गई जब वह पशुओं को चारा काटने गांव से बाहर गई थी। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था, हालांकि चर्चा है कि पेड़ पर चढ़कर पत्तियों समेत डाली काट रही थी कि अचानक गिर गई जिससे मौत हो गई। बुधवार को उक्त गांव निवासी मधुरानी देवी पत्नी राममूरत उम्र 55 वर्ष पशुओं के लिए हाटा कप्तानगंज मार्ग गांव के समीप स्कूल के तरफ चारा काटने गई थी। बताया जा रहा है कि महिला पेड़ पर चढ़कर डाली काट रही थी कि अचानक गिर गई। इसकी जानकारी होते ही परिजन आनन फानन में निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस भी मौके से पहुंची और जानकारी हासिल की। परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिए। देर शाम तक महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## अनियंत्रित होकर ट्रक गड्ढे में पलटा चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

### सड़क पर गिरे दूसरे बाइक को बचाने को लेकर अनियंत्रित हो गया ट्रक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के कसया-पडरौना मार्ग स्थित बैरिया चौराहे के समीप अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया, वही शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे पुलिस भर्ती को लेकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने देवरिया जनपद के नगर पंचायत भूलुहनी निवासी शशि कुमार गौड़ उम्र 26 वर्ष व जयप्रकाश कुशवाहा उम्र 25 वर्ष बाइक से जिला मुख्यालय कुशीनगर जा रहे थे। जैसे ही वह कसया थाना क्षेत्र के कसया-पडरौना मार्ग स्थित बैरिया चौराहे के समीप पहुंचे, इसी दौरान उक्त बाइक के आगे चल रही एक बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई, पडरौना की ओर से आ रहा ट्रक सड़क पर गिरे बाइक सवारों को बचाने को लेकर अनियंत्रित हो गई और पुलिस भर्ती में जा रहे बाइक सवार युवक ट्रक के चपेट में आ गए। ट्रक सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई, जिसके नीचे शशि कुमार गौड़ आ गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि दूसरा युवक बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद नाजुक हालत देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना नगर के छावनी रफी अहमद किदवई नगर निवासी जियाउल हक पुत्र मनौवर ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर भू-माफियाओं से जान माल की सुरक्षा दिलाने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए गुहार लगाया है। एसपी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को भेजें अपने शिकायती पत्र में कहा है कि प्रार्थी मौजा पडरौना में स्थित आ0नं0- 2581मि0/ 0.085 हे0 व 2581 मि0 / 0.040हे0 में बैनामादार व सह खातेदार है। जिसमें मेरे सह खातेदार में अंकित मेहदी हसन व अली हसन व हसनैन पुत्र स्व. मुहम्मद अली से भू-माफिया मेहरूद्दीन पुत्र इस्लाम व मुर्तुजा पुत्र कतलू व नियाज़ उर्फ कल्लू खान पुत्र तक्की पता उपरोक्त अपने गिरोह के साथ भूमि का विक्रय हिस्सा में से अधिक बैनामा कराकर मौके पर विवाद पैदा कर दिया है। जिसकी जानकारी होने पर प्रार्थी ने उक्त बैनामा में आपत्ति प्रस्तुत कर दिया। जिससे क्षुब्ध होकर बीते 14 जनवरी 2025 को तहसील के सामने सुबह 07 बजे मां बहन की गाली-गुप्ता व जान से मार देने की धमकी देते हुए कहने लगे कि साले आपत्ति नहीं उठाया तो काट दिए जाओगे। फिर दूसरे दिन 15 जनवरी 2025 को भी मुझे जबरिया पकड़ कर पूर्वांचल बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में बैठाकर जान से मारने की धमकी देते हुए समझाने लगा तथा पुनः फिर तीसरे दिन 16 जनवरी 2025 को समय करीब 09:30 बजे गायत्री नगर मुगलपुरा स्थित अपने दुकान गया था कि पहले से ही घात लगाए उपरोक्त व बलाल पुत्र सलाउद्दीन खड़े थे। कि अभी अपने गाड़ी से उतरकर दुकान खोलने लगा तो उक्त तीनों लोगों ने हल्ला बोलकर मारने-पीटने लगे तथा वहीं पर खड़े बलाल ने ललकारते हुए कहा कि साले को आज ही जान से खत्म कर दो। उक्त लोगों ने मेरे उपर जानलेवा कर दिया शोर शराबा सुन काफी लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को इकट्ठा होते देख उक्त दबंग, भू-माफिया मौके से फरार हो गए। उसने आगे कहा है कि प्रार्थी को लोगों ने उठाकर दवा इलाज कराया तथा इस घटना की सूचना मुकामी थाना पडरौना कोतवाली को दिया किन्तु मुकामी पुलिस कार्यवाही करने के बजाय हमें ही समझा बुझाकर घर भेज दिया गया कि माफियाओं से उलझना नहीं चाहिए।

## युवाओं को दिलाई गई टीबीमुक्त भारत की शपथ


शपथ दिलाते टीबी रोग के विशेषज्ञ

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार के निर्देश जनपद में चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में बुधवार को टीबी यूनिट कसया के पर्यवेक्षको द्वारा बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवाओं को जागरूक करते हुए उन्हें टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ विनोद मोहन मिश्र ने कहा कि समाज को जागरूक करके ही हम टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बना सकते है। उन्होंने कहा कि आज जो भी युवा टीबी मुक्त भारत की शपथ दिया है उनका यह दायित्व बनता है कि वे अपने आस पास जो भी उच्च जोखिम वाले व्यक्ति मिले उनके टीबी लक्षणों की स्क्रीनिंग कर नजदीकी स्वास्थ्य पर जांच कराने हेतु भेजने के लिए प्रेरित अवश्य करे। उन्होंने ने कहा कि टीबी रोग के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करे तभी टीबी मुक्त भारत हों सकता है। युवाओं को वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र द्वारा टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

# सीएम डैशबोर्ड की खराब रैंकिंग पर डीएम ने विभागाध्यक्षों को दी चेतावनी

### डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यो, निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।


कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा करते डीएम

समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व कार्यो से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यो/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य एवं पानी का कनेक्शन आदि से सम्बंधित समीक्षा करते हुए अधि अभि जल निगम को कार्यो में सुधार लाने का निर्देश दिए। अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग से सम्बंधित निर्माण कार्यों में प्रगति एवं छात्रवृत्ति का वितरण आदि से सम्बंधित समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विद्यालयों में मध्यान भोजन का डाटा फीड करते हुए अपडेट रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों एवं कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों में प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा के साथ-साथ भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। पर्यटन विभाग के कार्यों की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन, महिला एवं बाल विकास, फैमिली आईडी बनाई जाने की प्रगति सहित अन्य विकास एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

### फैमिली आईडी कार्ड बनाने में लाएं तेजी

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाए जाने की प्रगति की ब्लाकवार जानकारी प्राप्त करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गई लक्ष्य के आधार पर जिन परिवारों का राशन कार्ड नही बना है उनकी फैमिली आईडी बनाई जानी है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम परिवारों का ही फैमिली आईडी बन पाया है। धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को माह के अंत तक प्रगति लाते हुए शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को, दिलाई जाएगी शपथ**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2025 को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 25 जनवरी, 2025 को प्रातः 11 बजे सभी विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यालय में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अपने अधीनस्थ अधिकारी/ कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाएंगे। उक्त के अतिरिक्त कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों को 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के मतदाता शपथ दिलाया जायेगा।

## मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार हेतु जनपद की पांच ग्राम पंचायत चयनित

**रायबरेली।** जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने हेतु ऑनलाइन आवेदन कराया गया था। उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों से 225 ग्राम पंचायतों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक पाने वाली 41 ग्राम पंचायत का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया गया। मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजनान्तर्गत स्थलीय सत्यापनोपरान्त दिये गये अंकों एवं साक्ष्यों/अभिलेखों के आधार पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 05 ग्राम पंचायत चयनित की गई है, जिसमें विकास खण्ड लालगंज की चयनित ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद बेलहनी, विकासखंड खीरों की चयनित ग्राम पंचायत लोदीपुर, विकासखंड बछरावां की चयनित ग्राम पंचायत नीमटीकर, विकासखंड शिवगढ़ की चयनित ग्राम पंचायत ओसाह एवं विकासखंड हरचन्दपुर की चयनित ग्राम पंचायत ललूपुर खास को जिला स्तरीय समिति द्वारा राज्य स्तर पर अग्रसारित किया गया है।

## निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण मानक के अनुरूप कराया जाए पूर्ण : हर्षिता माथुर



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद रायबरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण तथा निर्मित सिंथेटिक हॉकी मैदान की पुनर्स्थापना के सम्बन्ध में जिला खेल कार्यालय, मोती लाल नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण किया। नामित कार्यदायी संस्थान उप्र आवास एवं विकास परिषद के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी कार्य कराये जाये वह समयबद्ध व मानक के अनुरूप पूर्ण कराये जायें, निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करायी जाए। इस अवसर क्रीडाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम एवं कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता अमरजीत यादव उपस्थित रहें।

## डीएम ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर अभियान में अपने हस्ताक्षर कर हिस्सा लिया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति में समस्त महिला कल्याण विभाग द्वारा शपथ समारोह का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट), रायबरेली ने 40वां स्थापना दिवस मना

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ़्ट), रायबरेली ने अपने 40वें स्थापना दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। यह समारोह संस्थान के गौरवशाली इतिहास और भविष्य के लक्ष्यों को समर्पित था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक नंदन सिंह बोरा द्वारा परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजीव श्रीवास्तव (महाप्रबंधक एवं यूनिट प्रभारी, आईटीआई),अतिथि सम्माननीय श्री मयंक अग्रवाल (सहायक संरक्षक, वन विभाग) और विशेष अतिथि श्रीमती विंध्या विनय (निरीक्षक, साइबर पुलिस थाना, रायबरेली) ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और हरित परिसर को सुदृढ़ करना था। इसके बाद, छात्रों और फैकल्टी के लिए साइबर सुरक्षा पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान श्री विंध्या विनय, जो रायबरेली साइबर पुलिस थाने के एसएचओ हैं, ने प्रस्तुत किया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों, साइबर अपराधों से बचने के उपायों और डेटा सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। यह सत्र डिजिटल युग में सुरक्षित रहने के लिए छात्रों और संकाय के लिए अत्यधिक उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला रहा। कार्यक्रम के अगले चरण में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो फ्यूल, तेल कम्पनियों के साथ एडीएम ने की अफसरों संग बैठक

अवधनामा ब्यूरो


पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक करते एडीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों, समस्त विक्रय प्रबन्धक/जिला समन्वयक, तेल कंपनियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए सरकार द्वारा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है, जिसे जनपद कुशीनगर में पूर्ण रूप से लागू किया जाना है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 प्रत्येक व्यक्ति, जो मोटरसाइकिल, स्कूटर या मोपेड चलाता है या सवारी करता है, को मानक हेल्मेट पहनना अनिवार्य है। यह नियम चार वर्ष से अधिक आयु के बच्चों पर भी लागू होता है। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित पेट्रोल पम्प के संचालकों को निर्देशित किया कि वे वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े बड़े होर्डिंग लगायेंगे कि दिनांक 26 जनवरी, 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो। आज से प्रारम्भ में दो पहिया वाहन चालकों को तीन दिवस तक चेतावनी दी जाये कि अगली बार उन्हें बिना हेल्मेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। साथ ही 26 जनवरी 2025 से बिना हेल्मेट पेट्रोल नहीं दिया जायेगा और बिना हेल्मेट जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी। बैठक में उपस्थित तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों को भी उपर्युक्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने एवं इस कार्य में पूर्ण सहयोग करने हेतु सहर्ष सहमति व्यक्त की गई।

**बैठक के दौरान सभी कंपनियों के प्रबंधकों को अनुपालन कराने हेतु दिए गया निर्देश**

## न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बालगृह का निरीक्षण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक) ,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती छाया नैन, तथा सदस्य (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक),अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी एवं सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक),मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा राजकीय बाल गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती छाया नैन द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व समय-समय पर उचित खान-पान तथा ठंठ से बच्चों को बचाने हेतु गर्म कपड़े की व्यवस्था के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा आश्रय गृह के प्रपत्रों व्यवस्थित करने हेतु दिशा निर्देश दिया। सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बाल गृह के प्रभारी अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह बच्चों के अन्दर नैतिक मुल्यों का विकास कर, बच्चों के अन्दर नई उर्जा एवं संचार हेतु कार्यक्रम का आयोजन कर निबन्ध, योग, संगीत, चित्रकला इत्यादि प्रतियोगिताओं के द्वारा उनके प्रोत्साहित करें। सदस्य, (अनुश्रवण समिति) आश्रय गृह (बालक),मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मंजू कुमारी द्वारा, परिसर को निरंतर स्वच्छ बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था तथा उनके पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## जनपद के समस्त थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चला मिशन शक्ति फेज-05 एवं शक्ति दीदी अभियान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया उत्तरी दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण में देवरिया जनपद के थाना भाटपार रानी की मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी स्वीटी प्रजापति द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करते हुए पंपलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। थाना मईल की मिशन शक्ति टीम महिला आरक्षी ममता कुशवाहा, महिला आरक्षी चांदनी चौधरी व महिला आरक्षी वबीता यादव द्वारा बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चौपाल लगाकर महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया गया तथा थाना मदनपुर की मिशन शक्ति टीम महिला मुख्य आरक्षी आभा चौहान द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं एवं बलिकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि के विषय में जानकारी देकर जागरुक किया गया। इसी क्रम में समस्त थाना थानों की एण्टी रोमियो/ मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/ कॉलेजों, गांवो/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि स्थानों पर महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि के विषय में जानकारी देकर जागरुक किया गयाजागरुक किया गया।

## आश्रय पालना स्थल का किया उद्घाटन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कॉलेज में आश्रय पालना स्थल अनचाहे नवजात शिशुओं के जीवन रक्षा के लिए महेशाश्रम, मां भगवती विकास संस्थान, उदयपुर के प्रबंधक देवेन्द्र अग्रवाल द्वारा जीवन संरक्षण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने आश्रय पालना स्थल का फीता काट कर उद्घाटन किया । आए दिन नवजातों को लावारिस हालात में फेंकनें की घटनाएं बढने पर चिंता जताते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने इसको रोकने के लिए जीवन संरक्षण अभियान की इस नई पहल की तारीफ करते हुए कहा कि आर्थिक, नैतिक या अन्य किसी भी कारणवश अपने नवजात शिशु या 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालन-पोषण में असमर्थ है, तो बच्चे को लावारिश न छोड़े। उन्होंने कहा कि लावारिस अवस्था में झाड़ी, कूड़े के ढ़ेर, सुनसान जगह पर नवजात शिशुओं की मृत्यु हो जाती है। यह एक बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृति है, इस तरह से बच्चों के जीने के अधिकार को छीना जा रहा है। प्रत्येक बच्चे को जीवन जीने, विकास, सुरक्षा का मूलभूत अधिकार संविधान ने दिया है। इस तरह की ये पहल बहुत ही सराहनीय है और मानवीय संवेदना को मजबूत करती है। संस्थान के प्रबंधक देवेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हम वचन बद्ध हैं आप सब के सामूहिक एवम् एकीकृत प्रयास से अपने हर मासूम को जीने का व बढ़ने का अधिकार प्रदान करने हेतु। इस दौरान मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाया गया अभियान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय, सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में डॉ गिरिराज सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2, श्री संजय मिश्रा क्षेत्र 1, आबकारी निरीक्षक व डॉ संजय उपाध्याय क्षेत्र-3 की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कादीपुर खुर्द ,खातिरपुर थाना कोतवाली कादीपुर में दबिश दी गई। उक्त अभियान में लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुये लगभग 250किग्रा0 मौके पर लहन नष्ट किया गया। 02अभियोग आबकारी की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। एक अभियुक्त गिरफ्तार क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले देसी ,विदेशी व बीयर दुकानों के साथ ही ईट भट्ठों, मैरिज लॉन तथा संदिग्ध ढाबों



की चेकिंग की गई। ईट भट्ठों के मालिकों को इस बात के कड़े निर्देश दिए गये कि उनके यहां किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं बननी चाहिए अन्यथा उनके खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात टीम द्वारा अवैध शराब से होने वाले हानियों से संबंधित पोस्टर भी जगह- जगह चिपकाए गए तथा लोगों से अपील की गई कि वह किसी भी प्रकार से अवैध शराब का सेवन ना करें अन्यथा यह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। आबकारी टीम में आबकारी सिपाही शान, सूर्यकांत ,सूबेदार तथा वाहन चालक कलीम शामिल रहे।

# डीएम ने ली जिला श्रम बन्धु की बैठक

अवधनामा संवाददाता

- श्रमिक योजनाओं को किया संचालित
- सम्बन्धित अधिकारी 8 घण्टे कार्य एवं साप्ताहिक अवकाश अवश्य दें: डीएम

**फिरोजाबाद।** कलैक्ट्रेट सभागार, सिविल लाइन्स, फिरोजाबाद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु की विशेष बैठक आहूत हुई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुये बैठक प्रारम्भ की गयी। सहायक श्रम आयुक्त द्वारा बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित चल रही योजनाओं की पी.पी.टी के माध्यम से जानकारी देते हुये अवगत कराया कि कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों को उ.प्र. श्रम कल्याण परिषद् द्वारा उनकी पुत्री के विवाह हेतु ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना, जिला स्तर/राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को चेतन चौहान श्रमिक क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, प्राविधिक शिक्षा हेतु डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, श्रमिक की मृत्यु हो जाने पर दत्तोपत ठेंगड़ी मृतक श्रमिक आर्थिक सहायता योजना संचालित हैं। कांच एवं चूड़ी उद्योग के श्रमिकों की समस्याओं के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित समस्त कारखानों में 8 घण्टे कार्य एवं रविवार के साप्ताहिक अवकाश के प्राविधानों का कड़ाई से पालन कराये जाने हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारियों एवं सहायक निदेशक कारखाना को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों। द्वारा उक्त के अनुपालन किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी। सहायक श्रमायुक्त, फिरोजाबाद द्वारा बताया गया कि जनपद के अधिकांश कारखानों में श्रमिकों से 8 घण्टे कार्य लिया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप जनपद के बन्द पडे कारखानें पुनः संचालित हो गये हैं, जिससे और अधिक श्रमिकों को रोजगार मिला है तथा उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि हुई है। बैठक में उपस्थित चूड़ी कारखानों सेवायोजक प्रतिनिधि हनुमान प्रसाद गर्ग द्वारा बताया कि 8 घण्टे कार्य लागू हो जाने से अधिक श्रमिकों को काम मिल रहा है तथा कारखानों के संचालन हेतु लेबर की कमी पड़ रही है।जिलाधिकारी द्वारा कारखाना श्रमिकों को डिजीटल भुगतान प्रणाली के अन्तर्गत उनके खातों में 2 मजदूरी/वेतन का भुगतान कराये जाने के भी निर्देश प्रदान किये गये, जिस पर यू.पी.जी.एम.एस. के अध्यक्ष राज कुमार मित्तल द्वारा बताया गया कि एक्सपोर्ट यूनिट एवं ग्लास उद्योग की अधिकतर निर्यात इकाइयों में डिजीटल भुगतान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने चूड़ी उद्योग की इकायों में भी डिजीटल पेमेन्ट कराये जाने के निर्देश दिये। राज कुमार मित्तल एवं उपस्थित सेवायोजकों द्वारा जनपद में ई.एस.आई. हॉस्पीटल की मांग की गयी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ई.एस.आई. हॉस्पीटल के लिये जगह चिन्हित कर ली गयी हैं संभवतः माह मार्च 2025 तक कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अन्तर्गत। उद्योगों में सौलर रूफ टॉप लगाये जाने हेतु नेडा विभाग द्वारा पहल की गयी। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक (नगर), नगर मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद, यशवन्त कुमार, सहायक श्रम आयुक्त, हनुमान प्रसाद गर्ग, ललितेश जैन, प्रमोद कुमार गर्ग, मुकेश बंसल (टोनी), प्रदीप कुमार मित्तल उर्फ पम्पी, राकेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## केएनआईसीई, करौंदिया में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आधारित रही प्रार्थना सभा

**सुल्तानपुर।** करौंदिया (विवेकनगर) नगर स्थित कमला नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विविध कार्यक्रम हुए। बाल लिंगानुपात को कम करने,महिला सशक्तीकरण को बढ़ाने और बालिकाओं की सुरक्षा करते हुए लिंग आधारित असमानताओं को समाप्त करने सहित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराना इसका प्रमुख उद्देश्य है। प्री प्राइमरी के विद्यार्थी अनिरुद्ध सहन व मरियम बानो ने कविता सुनायी। कक्षा तीन की छात्रा आर्या सिंह ने आज का सुविचार कहा। कक्षा आठ का छात्र अभिषेक कुमार द्विवेदी ने आज की प्रार्थना सभा का संचालन किया।कक्षा नौ का छात्र आदित्य राठी ने शपथ दिलाई। कक्षा-11 का छात्र विकास कुमार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी. सिंह ने अवगत कराया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी।

# 1575 किलो अवैध गांजे का पुलिस ने किया विनिष्टीकरण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पुलिस द्वारा धर-पकड़ एवं मुखबिर सूचना आदि के क्रम पर एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत बरामद किए गए गांजे का अपर पुलिस अधीक्षक फीरोजाबाद एवं अपर पुलिस अधीक्षक मथुरा के सानिध्य में विनिष्टीकरण किया गया। यह कार्यवाही सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार की गयी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार मादक पदार्थो के अधिग्रहण, भण्डारण, निस्तारण /विनिष्टीकरण हेतु पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन एवं पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज, आगरा के पर्यवेक्षण में गठित रेंज स्तरीय कमेटी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में माल निस्तारण के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना एका के मु.अ.सं. 97/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 1575 किलोग्राम गांजा का निस्तारण/ विनष्टीकरण अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात जनपद मथुरा की उपस्थिति में जे.आर.आर. वेस्ट मैनेजमेंट प्रा.लि. धरैरा, एत्मादपुर जनपद आगरा में किया गया है।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी जाये

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने दि. 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मानव श्रृखंला की तैयारियों सम्बन्धी बैठक में कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम-जनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर पूर्वान्हः 11 बजे से कक्षा-08 से कक्षा-12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी जाये, मानव श्रृंखला में सड़क सुरक्षा के समस्त स्टेकहॉल्डर विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजिक संगठनों, एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट गाड्स इत्यादि के प्रतिनिधियों की सहभागिकता भी सुनिश्चित करायी जाये। उन्होने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, प्रभारी निरीक्षक यातायात को आदेशित करते हुये कहा कि इण्टर कॉलेज, महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्राचार्यों से समन्वय स्थापित कर ईसन नदी पुल से क्रिश्चियन तिराहे तथा क्रिश्चियन तिराहें से स्टेशन रोड़ पर मानव श्रृंखला बनायी जाये, नगर में संचालित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मानव श्रृंखला के स्थान तक लाने एवं प्रतिभाग करने वाले छात्रों को श्रृंखला में खड़े करने, अनुशासित रखने हेतु सम्बन्धित कॉलेज के प्रधानाचार्य, अध्यापकों को उत्तरदायित्व सौंपा जाये, एक अध्यापक पर अधिकतम 35-40 छात्रों को अनुशासन में रखने का दायित्व हो, मानव श्रृंखला बनाये जाने का माइक्रोप्लान तैयार किया जाये तथा सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापकों को लिखित रूप में उनके दायित्वों से अवगत करा दिया जायें। श्री सिंह ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा तैयार किये गये माइक्रोप्लान के अनुसार ही किस विद्यालय को अपने छात्रों को किस स्थान पर, किस समय लाना हैं तथा उनको व्यवस्थित रूप से खड़ा होना हैं, इसका भी निर्धारण करते हुए सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को लिखित रूप में अवगत करा दिया जायें, मानव श्रंखला के रूट पर यातायात नियन्त्रण करने एवं छात्रों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जायें, समुचित स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती भी की जायें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि मानव श्रृंखला रूट पर आवश्यक दवाईयों सहित एम्बुलेंस की व्यवस्था की जायें, चिकित्सीय टीमों की ड्यूटी लगायी जाये, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मानव श्रृंखला हेतु निर्धारित मार्ग की साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट एवं चूना आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करायें, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले छात्रों तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सम्मानित व्यक्तियों हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं, सड़क सुरक्षा शपथ सम्बन्धी प्रतियां उपलब्ध रखना सुनिश्चित करें। उन्होने अपर जिलाधिकारी से कहा कि सम्पूर्ण कार्यक्रम अपने कुशल नेतृत्व में सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सुनिश्चित करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री कॉलेज डॉ. एस.पी. सिंह, विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक यातायात प्रदीप कुमार सेंगर आदि उपस्थित रहे।

## भूमाफियाओं की बढ़ी सक्रियता

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** इन दिनों जिले में अवैध कब्जा और अतिक्रमण आम बात हो चुकी हालात इस कदर हो चुके है कि राजस्व अमला खुद ही सरकारी जमीनों को छिन्नभिन्न करने पर लगा हुआ है।प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी मीटिंग में अधिकारियों को सख्त आदेश जारी कर रहे हैं कि किसी भी अवैध कब्जेदार को बक्सा न जाए। परन्तु जिला प्रशासन के कुछ अधिकारी इस आदेश को झूठा साबित करने में जुटे हैं ताजा मामला तहसील बल्दीराय के रैंचा गांव सभा से जुड़ा है। बल्दीराय तहसील के ग्राम सभा रैंचा (भवानीगढ़ चोराहा )में भू माफियाओं का बोलबाला है। गाटा सं. 1667 जो राजस्व अभिलेखों, में ऊसर सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गरीब परिवार की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा माह जनवरी 2025 में सम्पन्न होने वाले सामूहिक विवाह हेतु तिथि एवं स्थान का निर्धारण कर दिया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के लिए 1476 कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सामूहिक विवाह के लिए निर्धारित रोस्टर की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि माह जनवरी 2025 में विकास खण्ड नवाबगंज, बलहा, शिवपुर एवं मिहींपुरवा के लाभार्थियों के लिए 27 जनवरी को नगर पालिका परिसर, नानपारा, विकास खण्ड जरवल, कैसरगंज, फखरपुर, तेजवापुर, महसी के लाभार्थियों के लिए 29 जनवरी को विकास खण्ड परिसर तेजवापुर जबकि विकास खण्ड चित्तौरा, रिसिया, पयागपुर, हुजूरपुर, विशेश्वरगंज एवं नगर पालिका परिषद बहराइच अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों तथा 27 एवं 29 जनवरी को अनुपस्थित रहने वाले लाभार्थियों के लिए गेंदघर परिसर, बहराइच में 31 जनवरी 2025 को सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

श्री गुप्ता ने बताया कि योजना अन्तर्गत ब्लाकों एवं नगर निकायों को लक्ष्य का आवंटन् किया जा चुका है। पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का सत्यापन कराया जा रहा है। श्री गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अपनी बेटियों के विवाह हेतु ऑनलाइन वेबसाइट सीएमएसवीवाई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर समस से पंजीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि रू. 02 लाख वार्षिक आय वाले शहरी व ग्रामीण परिवार आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए।

# "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" योजना की 10वीं वर्षगांठ पर निकाली गई प्रभात फेरी व जागरूकता रैली

- भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार में बेटियों का नेतृत्वः डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** ''बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ'' योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच से मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ छात्र-छात्राओं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रभात फेरी एवं पुलिस विभाग द्वारा आयोजित बाइक जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन्दिरा स्टेडियम से निकाली गई प्रभात फेरी इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा से होते हुए पुलिस लाईन से इन्दिरा स्टेडियम आकर सम्पन्न हुई। जबकि बाईक रैली इन्दिरा स्टेडियम, पानी टंकी चौराहा, डीएम चौराहा, केडीसी चौराहे से होते हुए मरीमाता मन्दिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में शामिल छात्र-छात्राएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने-अपने हाथों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषयक स्टीकर लेकर लोगों को जागरूकता का सन्देश दे रहीं थीं। इस अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कैनवास पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि आज बेटियां ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। आज भारत ही नहीं सम्पूर्ण संसार विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व बेटियां कर रही हैं। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि आज शिक्षा हो या नौकरी अथवा राजनीति सभी क्षेत्रों में बेटिया आगे हैं। भारत की बात की जाय तो देश सर्वोच्च पद एक बेटी द्वारा सुशोभित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी एवं बाइक रैली के मकसद है कि आमजनमानव को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के महत्व से अवगत कराया जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ मुकेश चन्द्र ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का एक उदाहरण हम सबके बीच भी है, आज हमारे जनपद में जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी, सदर विधायक व विधायक बलहा के पद पर महिलाएं आसीन हैं। प्रशासनिक क्षेत्र की बात की जाय तो जिले के सर्वोच्च पद जिलाधिकारी के पद पर महिला अधिकारी आसीन हैं। श्री चन्द्र ने आमजन का आहवान किया कि बालिका की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने बालिकाओं का आहवान किया समाज में उच्च पदों पर महिलाओं से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और अपने परिवार, जिले, प्रदेश्ज्ञ एवं देश का नाम रोशन करें।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.–1, ई–प्रापण निविदा संख्याः** उपमु0इं0–नि0.–मुख्या.–01–2025, दिनांक 20.01.2025, **कार्य का नामः** गोरखपुर कैन्ट–वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के मध्य आर0डी0एस0ओ0 के नवीनतम ड्राइंग के अनुसार 12.2 मीटर के पी0एस0सी0 स्लैब का निर्माण एवं सहजनवॉं–दोहरीघाट नई लाइन कास्टिंग स्थान से ढले हुए स्लैब के परिवहन सहित कार्य पुल स्थल पर और अनुबंध उपकरणों के साथ इसे लॉन्च करना। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹22,70,72,185.35 बयाना राशि (रू.): ₹12,85,400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू) : 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 08 (आठ) माह।

बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथिः–दिनांक 31.01.2025, उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः– दिनांक 14.02.2025, 15.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः– दिनांक 14.02.2025, 15.00 बजे।

निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या0/गो0 मो0 नं0–9794844281**

**उप मुख्य इंजीनियर/नि0/मुख्या0 मुजाधि/डब्लू–377 गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# पराक्रम दिवस-2025 जयंती आज

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस-2025) के अवसर पर आज 23 जनवरी 2025 को प्रत्येक जनपद में पूर्वान्ह 11:00 बजे कक्षा-8 से 12 तक के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उच्च शिक्षा के सभी विद्यार्थियों को एक साथ मानव श्रृंखला में सम्मिलित कराते हुये सड़क सुरक्षा शपथ दिलाये जाने तथा उपर्युक्त समस्त विद्यालयों से विद्यार्थियों को मानव श्रंखला में सम्मिलित कराते हुये समरल प्रतिभागीय सडक सुरक्षा शपथ ग्रहण करेंगे। मानव श्रृंखला का निर्माण प्रत्येक जनपद में एक स्थान पर विशालजाय सड़क सुरक्षा के चिन्हों (हेलमेट, सड़क सुरक्षा मस्कट, ट्रैफिक लाईट इत्यादि) की स्थायी/ कन्वर्टिविल प्रतिकृति बनाते हुये किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जागरूक करते हुये मानव श्रृंखला निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अटल पार्क फिरोजाबाद में व्यापक स्तर पर किया जायेगा तथा उक्त मानव श्रंखला में सड़क सुरक्षा के समस्त स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों, एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड इत्यादि के प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अतः उक्त आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद की देखरेख में आयोजित किया जायेगा तथा उन्हें निर्देशित किया जाता है कि कृत कार्यवाही का समस्त विवरण फोटोग्राफ सहित सूचना उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय फिरोजाबाद की ईमेल आईडी पर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनको भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच**

पत्रांक : 135/1ए-11 दिनांक 15.01.2025

**ई-निविदा सूचना प्रकाशन शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या-3650/1ए-11 दिनांक 19.12.2024 द्वारा 02 कार्य की ई-निविदा सूचना प्रकाशन दिनांक 28.12.2024 से 15.01.2025 तक प्रकाशन हेतु प्रेषित की गयी थी उक्त तिथि को स ंशोधित करते हुये अब ई-निविदा सूचना प्रकाशन दिनांक 22.01.2025 से 31.01.2025 तक प्रकाशित की जायेगी।

(इं. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

UPID-226866 Dated-21-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक : 1398/ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस/2024-25 दिनांक : 18.01.2025

**ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

1. राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, सीतापुर द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में **'मार्ग कार्य'** में रजिस्टर्ड श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने हेतु नियमों से अवगत हो लें।

2.

| क्र. सं. | जनपद/ विधानसभा | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख) | धरोहर धनराशि (रु. लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि कार्य | सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि. का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में बिलरांया- पनवारी मार्ग (एस0एच0-21) के ब्लैक स्पाट टेड़वा चिलौला पर सुधार सहित सडक सुरक्षा का कार्य। | 32.50 | 3.25 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 2 | सीतापुर/ सीतापुर | जनपद सीतापुर में नि0खं0 के अन्तर्गत एन0एच0-24 से बहुगुणा चौराहा होते हुए जिलाधिकारी आवास तक सम्पर्क मार्ग (शहरी मार्ग) पर बहुगुणा चौराहा ब्लैक स्पॉट के सुधार का कार्य। | 29.25 | 2.93 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 3 | सीतापुर/ सीतापुर | जनपद सीतापुर में नि0खं0 के अन्तर्गत पुराना राष्ट्रीय मार्ग-24 का शहरी भाग (अ0जि0मा0) पर कैंचीपुल पर ब्लैक स्पॉट के सुधार का कार्य। | 22.60 | 2.26 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 4 | सीतापुर/ मिश्रिख | नेरी-सिधौली-महमूदाबाद मार्ग (एस0एच0-139) के ब्लैक स्पाट जरिगंवा चौराहा पर सुधार सहित सडक सुरक्षा का कार्य। | 24.80 | 2.48 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 5 | सीतापुर/ मिश्रिख | नेरी-सिधौली-महमूदाबाद मार्ग (एस0एच0-139) के ब्लैक स्पाट गोपालपुर चौराहा पर सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 25.25 | 2.53 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 6 | सीतापुर/ मिश्रिख | नेरी-सिधौली-महमूदाबाद मार्ग (एस0एच0-139) पर मरेली चौराहा ब्लैक स्पाट सुधार सहित सडक सुरक्षा का कार्य। | 25.00 | 2.50 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 7 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में नेरी-सिधौली-महमूदाबाद मार्ग (एस0एच0-139) के ब्लैक स्पाट अनोगी तिराहा पर सुधार सहित सडक सुरक्षा का कार्य। | 16.15 | 1.62 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 8 | सीतापुर/ सीतापुर | मधवापुर होते हुए रामकोट मार्ग (अ0जि0मा0) के ब्लैक स्पाट मधवापुर पर सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 18.25 | 1.83 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 9 | सीतापुर/ सीतापुर | सीतापुर-बहराइच मार्ग (एस0एच0-30 बी) के ब्लैक स्पाट सरैया सानी चौराहा पर सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 18.80 | 1.88 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 10 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में खैराबाद मछरेहटा कल्ली मार्ग (अ0जि0मा0) के ब्लैक स्पाट बिहट बीरम पर सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 19.60 | 1.96 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 11 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में राष्ट्रीय राज मार्ग (एन0एच0- 330डी) के ब्लैक स्पाट हुमायूपुर पर सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 3.10 | 0.31 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 12 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में नि0खं0 के अन्तर्गत नेरी सिधौली महमूदाबाद मार्ग (राज्य मार्ग-139) पर लौली पुलिया चौराहा ब्लैक स्पॉट सुधार सहित सड़क सुरक्षा का कार्य। | 17.35 | 1.74 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 13 | सीतापुर/ मिश्रिख | जनपद सीतापुर में नि0खं0 के अन्तर्गत कल्ली- नीमसार- पनाहनगर मार्ग (अ0जि0मा0) पर बीबीपुर चौराहा ब्लैक स्पॉट के सुधार का कार्य। | 18.90 | 1.89 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 14 | सीतापुर/ सीतापुर | पुराना राष्ट्रीय मार्ग-24 का शहरी भाग पर पड़ने वाले चौराहे/ जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 6.25 | 0.63 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 15 | सीतापुर/ सीतापुर | जिलाधिकारी आवास से कोतवाली होते हुए सरकारी अस्पताल तक तक पर पड़ने वाले चौराहे/ जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 3.85 | 0.39 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 16 | सीतापुर/ मिश्रिख | रामकोट- वजीरनगर- दधनामऊ मार्ग पर पड़ने वाले चौराहे / जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 29.00 | 2.90 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 17 | सीतापुर/ मिश्रिख | खैराबाद- मछरेहटा -कल्ली अ0जि0मा0 मार्ग के किमी0 21 (बेतवा नाला) से जरिगवां, ब्रम्हावली, नहोईया, लोधौरा, होते हुए मढिया सम्पर्क मार्ग। | 4.60 | 0.46 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 18 | सीतापुर/ सीतापुर | नवीन चौक से कैप्टन मनोज पाण्डेय चौराहा होते हुए श्यामनाथ मन्दिर तक मार्ग पर पड़ने वाले चौराहे / जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 3.20 | 0.32 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 19 | सीतापुर/ मिश्रिख | मिश्रिख -रेलवे स्टेशन से गौरिहार -मरेली-लोकनापुर- रघुनाथपुर ऐनी- नगवा पेड़ी होते हुए जरिगवां - ब्रम्हावली अ0जि0मा0 के किमी0 08 तक पर पड़ने वाले चौराहे / जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 16.50 | 1.65 | 944.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 20 | सीतापुर/ सीतापुर | तरण ताल से पक्का पुल होते हुए सिटी स्टेशन तक पर पड़ने वाले चौराहे / जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 3.30 | 0.33 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |
| 21 | सीतापुर/ मिश्रिख | धरौली- नटपुरवा- पहला आश्रम अ0जि0मा0 मार्ग के किमी0 08 से महमदपुर -गांगूपुर गेट-महसुई - रामगढ चीनी मिल होते हुए कोरौना तक मार्ग पर पड़ने वाले चौराहे / जंक्शन पर सड़क सुरक्षा का कार्य। | 6.00 | 0.60 | 766.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) | निर्माण खण्ड लो.नि.वि., सीतापुर | सीतापुर/ खीरी वृत्त, सीतापुर | मध्य क्षेत्र, लो.नि.वि., लखनऊ |

3. बिल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरों में जी0एस0टी0 सम्मिलित नहीं है।

बिड डाक्यूमेंट की धनराशि (निविदा शुल्क) कॉलम-6 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा। निविदा शुल्क की धनराशि की वापसी नहीं की जायेगी। बिड डाक्यूमेंट से सम्बन्धित धरोहर धनराशि कॉलम-5 के अनुसार केवल नेट-बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन यू0पी0 ई0-टेण्डर पोर्टल खाता में देय होगा।

निविदा आनलाइन दिनांक 24.01.2025 से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 31.01.2025 की अपरान्ह् बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 31.01.2025 को बजे खोली जायेगीं। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(रीमा सोनकर)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.,
सीतापुर।
ई-मेलः exengcdpwd@gmail.com

UPID-226873 Dated-21-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# न्यायिक अधिकारियों के नवनिर्मित आवास एवं सेशन हाउस का हुआ ई-उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हमीरपुर में न्यायिक अधिकारियों के नवनिर्मित 6 आवास एवं सेशन हाउस का ई-उद्घाटन भव्य समारोह में मुख्य न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अरूण भंसाली द्वारा न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, इन्फ्रास्ट्रक्चर समिति/वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं न्यायमूर्ति विकास बुधवार, प्रशासनिक न्यायाधीश (हमीरपुर) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय में न्यायमूर्तिगण के अतिरिक्त राजीव भारती, महानिबंधक, रोहित रघुवंशी निबंधक (जे.) (इन्फ्रास्ट्रक्चर) एवं कामेश शुक्ला, निबंधक (जे.) सीपीसी उपस्थित रहे, जबकि सेशन हाउस, हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भी उपस्थित रहे। कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0 एस0 (जल निगम) यूनिट 48, बाँदा के परियोजना प्रबन्धक एवं स्थानिक अभियन्ता क्रमशः रंजीत कुमार एवं शशांक शुक्ला एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश, विष्णु कुमार शर्मा द्वारा मुख्य न्यायमूर्ति एवं अन्य न्यायमूर्तिगण का स्वागत किया गया। अपने आशीर्वचन में माननीय मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा को उनके सराहनीय कार्य के लिये धन्यवाद भी दिया गया एवं समस्त अवस्थापना समिति को आशीर्वाद दिया गया तथा जनपद में अन्य मूलभूत सुविधाएँ के संबंध में भी उद्गार व्यक्त किये गये। माननीय मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0 एस0 (जल निगम) द्वारा अतिशीघ्र एवं समय से कार्य पूर्ण किये जाने की सराहना भी की गयी। यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष अवस्थापना समिति, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जनपद में अन्य मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने की आशा व्यक्त की गयी। न्यायमूर्ति विकास बुधवार प्रशासनिक न्यायाधीश, हमीरपुर द्वारा भी माननीय मुख्य न्यायमूर्ति को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पी के जयन्त, अध्यक्ष इन्फ्रास्ट्रक्चर उपसमिति/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश- प्रथम, हमीरपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जूडि)/ एफटीसी (क्राइम अगेंस्ट वूमेन), हमीरपुर द्वारा किया गया।

# जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाकर दी श्रृद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**अर्जुन सहायक परियोजना की नहर टूटने से फसले नष्ट होने पर दिया ज्ञापन**

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीस खान की अध्यक्षता में प्रख्यात समाजवादी चिन्तक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके विचारों एवं व्यक्तित्व पर पार्टी पदाधिकारियों द्वारा विस्तार से चर्चा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद अर्जुन सहायक परियोजना की नहर टूटने से कई ग्रामों की फसले नष्ट हो जाने पर नहर का पानी तत्काल बंद कराए जाने के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव, रामप्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा, सुरेन्द्र लोधी जिला महासचिव, नीलम यादव जिलाध्यक्ष महिला सभा, शादाब हुसैन बिट्टू सांसद प्रतिनिधि, गोकुल राजपूत, ओम प्रकाश सोनकर वारसी, लाला प्रधान, युगांक मिश्रा, बीटू यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, छाया प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महिला सभा, गया प्रसाद अनुरागी, सलीम मुहम्मद जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, मईयाराम वर्मा, सैयद उमर, रिज़वान खान जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, सूर्य प्रताप सिंह गोलू, माया यादव, कीर्ति यादव, सुरेन्द्र कुमार, अखिलेश पंडित, रजा हुसैन, बृजेन्द्र निषाद, मोहम्मद जुनैद, नंदराम यादव, कैलाश चंद्र प्रजापति, रणबहादुर यादव, बृजलाल भारती, मूल चंद्र प्रजापति, राम प्रताप सैनी शिक्षक विधायक प्रतिनिधि, शिवशरण यादव पूर्व प्रधान, बबलू प्रजापति, मुसाहिब बेग, राम खिलावन प्रजापति, अनिरुद्ध सिंह, राघवेन्द्र यादव लकी आदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण में महिला प्रधानों के अधिकारों की दी जानकारियां

**भरुआ सुमेरपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में बुधवार को विकासखंड कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधानों ग्राम पंचायत सचिवों को दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव एवं खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में महिला प्रधानों के अधिकारों सहित अन्य जानकारियां दी गई। उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में बुधवार को ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवो का दो दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में शुरू हुआ। प्रथम दिन ब्लॉक के आधे प्रधानों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान यूपी पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार कार्य करने, पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 के तहत महिला प्रधानों के अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई द्य। इसके अलावा (1)(6) के प्राविधानों के अनुसार प्रधानों को पद से हटाए जाने, ग्राम प्रधान के स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने सहित अन्य अति महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस मौके पर प्रशिक्षण दाताओं के अलावा एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, ग्राम प्रधान आसाराम प्रजापति, अरविंद निषाद, विनोद निषाद, रामेश्वर निषाद आदि प्रधान व सचिव मौजूद रहे।

# उ.प्र. दिवस तथा मतदाता दिवस मनाए जाने को लेकर की बैठक



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस तथा मतदाता दिवस मनाए जाने को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को स्टाल प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विद्यालयों में प्रतियोगिता के आयोजन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा तथा 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उद्योग विभाग, एनआरएलएम सहित अन्य विभागों को स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी के अंतर्गत दरी की गुणवत्ता में सुधार लाने के संदर्भ में जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत लोन सब्सिडी के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए गमछे, अंगवस्त्र आदि का उत्पादन तथा इसके व्यापक प्रचार प्रसार के साथ ही जनपद के ओडीओपी के अंतर्गत आने वाले वस्तुओं के प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। एलडीएम को निर्देशित किया कि युवा उद्यमियों को लोन उपलब्ध कराएं। सभी अधिकारीगण व नागरिकों से अपील किया कि जनपद के ओडीओपी के अंतर्गत बनाए गए उत्पादों तथा थैले का ही प्रयोग करें, पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए इसका इस्तेमाल करें ओडीओपी के अंतर्गत बनाए गए थैले से रोजगार सृजन होगा तथा पर्यावरण भी संरक्षित होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायक मलखान सिंह, संस्कृति पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, डीडी कृषि आरएन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोड के बैठक में लगभग 72 करोड़ के बजट हुए पास



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला पंचायत वोट की बैठक बुधवार को आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल एवं एमएलसी विनीत सिंह ,सपा सांसद छोटेलाल खरवार, सीडीओ जागृति अवस्थी एवं सदस्यों के मौजूदगी में बैठक शुरू की गई जिसमें सरकार द्वारा तमाम योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए विटी वर्ष किए गए विकास कार्यों एवं आगामी वर्ष के विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव रखा गया जिसमें

1-गत बैठक दिनांक 22.06.2024 कार्यवाही की पुष्टि।

2-विभिन्न विभागों के प्रगति पर विचार।

3- जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृति पर विचार।

4- जिला पंचायत का मूल आय-व्ययक बजद वित्तीय वर्ष 2025-28 के स्वीकृति पर विचार।

5- पचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कार्य योजना की स्वीकृति पर विचार।

6- पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-28 में प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष कार्य योजना की स्वीकृति पर विचार।

7- जिला पंचायत के सम्पत्ति एवं विभव कर की कर प्रस्तावना सूची वित्तीय वर्ष 2024-25 की स्वीकृति पर विचार।

8-खनिज परिवहन शुल्क उपविधि में संशोधन पर जिताई।

9- अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव रखे गए। वही अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में पुनरिचित बजट वित्तीय वर्ष 2024 25 72 करोड़ 54 लाख लगभग रखे गए। इस मौके पर जयप्रकाश पांडेय, अनिल यादव, सुनील कुमार गोड, बीएसए समाज कल्याण अधिकारी डीपीआरो सहित अन्य विभाग के अधिकारी एन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# काशी ओपन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इटावा का रहा दबदबा

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** वाराणसी में आयोजित 5 वें काशी चैलेंज कप में इटावा ज़िला ताइक्कांडो के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इटावा से सात खिलाड़ियों ने इस ओपन राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया है। इस स्पर्धा में कैडेट क्योरोगी श्रेणी में दक्षिता ने 37 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सिद्धि त्रिपाठी 29 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, वैष्णवी यादव 41 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक, ओजस्वता सिंह ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा किया। वहीं अविघ्न अरोन्या ने कैडेट पूमसे श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही सीनियर कैटेगरी में पारुल ने अंडर 49 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत रजत पदक तथा दीक्षा ने 46 किलोग्राम भार वर्ग के अंतर्गत रजत पदक प्राप्त किया। इस ओपन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहसचिव हरि गोविंद सिंह ने हेड कोच के तौर पर खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा तथा इससे आगे आने वाली महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए उनके अनुभव और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। खिलाड़ियों के इटावा आगमन पर पदाधिकारियों तथा अभिभावकों द्वारा उनको मालाएं पहना कर स्वागत किया गया था तथा मिठाइयां बांट कर इस जीत का जश्न मनाया गया। इस हर्ष के अवसर पर संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी, महासचिव हिमांशु यादव, ज़िला मीडिया प्रभारी तरुणरंजन गुप्ता, संरक्षक एडीएसओ देवेंद्र पाल तथा सचिव श्यामजी सक्सेना ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

# 26 जनवरी से सभी पेट्रोल पंपो पर नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति होगी लागू

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** संपूर्ण प्रदेश सहित जनपद में 26 जनवरी 2025 से लागू होने वाली नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में 26 जनवरी 2025 से सभी पेट्रोल पंपो पर नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति लागू होगी जिसके तहत बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने वालो को 26 जनवरी 2025 से पेट्रोल पंप में पेट्रोल नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस नीति को सभी पेट्रोल पंपों पर कड़ाई के साथ लागू किया जाए तथा हेलमेट पहनने वाले को ही पेट्रोल दिया जाए । बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को पेट्रोल ना दिया जाए। कहा कि दुर्घटना आदि पर हेलमेट सर में गंभीर चोटों से बचाता है जिससे दुर्घटना में मृत्यु की दर कम हो जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालकों द्वारा पुलिस से बचने के लिए नहीं अपितु अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप संचालक , परिवहन विभाग ,पूर्ति विभाग तथा अन्य संबंधित के द्वारा इस नीति का विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग्स, बैनर ,पम्पलेट, न्यूज़पेपर आदि के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार किया जाए तथा इस नो हेलमेट नो फ्यूल की नीति को कड़ाई के साथ लागू किया जाए। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत पेट्रोल पंपो व अन्य संस्थानों पर सोलर पैनल लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव , एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ,जिला पूर्ति अधिकारी, जनपद के पेट्रोल पंप संचालक तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाफिज़ कैफ रज़ा,फ़ैज़ रज़ा कादरी व शाब नूर का किया गया इस्तक़बाल



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** रौनक अशरफी के घर पर बुधवार को मेहफिल ए नूर आयोजन किया गया। हाफिज कैफ रज़ा, फ़ैज़ रज़ा कादरी, शाब नूर उमरे के सफर पर जाने के मुबारक मौके पर किया इस्तक़बाल। कार्यक्रम की सरपरस्ती हाजी अज़ीम वारसी। सदारत हाजी मुईनुद्दीन अशरफी गुड्डू मसूरी व मेहमाने खुसूसी साजिद राईनी अशरफी मेहमाने एजाजी आरिफ सिद्दीकी नूर हाजी राईस चिश्ती। कार्यक्रम के संयोजक वाई के शफी चिश्ती ने उमरे के सफर को जाने वाले हाफिज कैफ रज़ा, फ़ैज़ रज़ा कादरी व शराब नूर का शाल ओढ़ाकर गुल पोशी कर के इस्तकबाल किया। इस मौके पर हाफिज कैफ रज़ा, फ़ैज़ रज़ा कादरी व आरिफ सिद्दीकी नूर ने नबी पाक की शान में कलाम पेश किये। कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर रौनक अशरफी इटावी ने किया। इस मौके पर वहाज अली निहाल शाहरूख वकाई, राशिद राईनी, रहबर रज़ा आदि मौजूद रहे।

### काली माता मंदिर में प्रसाद वितरण



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के अमिलिया थोक में रेलवे लाइन के समीप बने प्राचीन काली माता मंदिर प्रांगण में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हवन पूजन के उपरांत प्रसाद वितरण कराया। अमिलिया थोक में रेलवे लाइन पार प्राचीन काली माता मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस साल भी मेले का आयोजन किया गया। मेले के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंदिर में हवन पूजन करके प्रसाद वितरण कराया। मेले का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू ने किया। इस मौके पर राकेश वर्मा, मूलचंद, अमर, अंशु पंडित,नैतिक सोनी, रोहित सिंह भदोरिया, लवकुश पाल, श्याम बाबू सोनकर आदि मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न

**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की इन योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए।

# पुण्यतिथिः श्री मिश्र जी का सपना था कि हर व्यक्ति को शिक्षा, रोज़गार, चिकित्सा निःशुल्क प्राप्त हो

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय श्री जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारी के साथ स्वर्गीय मिश्रा जी के चित्र पर माल्यार्पण किया, साथ ही उनके विचारों एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि श्री मिश्र जी का सपना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा निःशुल्क प्राप्त हो, उन्होंने श्री मिश्र के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी को सांसद जितेंद्र दोहरे ने भी संबोधित कर स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्श पर चलने का संकल्प दिलाया। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सांसद जितेंद्र दोहरे, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनवार हुसैन, चच्चु शुक्ला, लीलावती राजपूत जी, जिलाध्यक्ष महिला सभा सीमा यादव, वरिष्ठ नेता के के यादव, पं.रतन चौधरी, वृजवीर सिंह यादव लाला, प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिलाध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद, हमीद पहलवान, जिला सचिव राजकुमार यादव, प्रवीन कुशवाह, सीताराम कश्यप, रामबेटी गोयल, शशि यादव, अखिलेश प्रधान, संत प्रकाश आर्य, रामवीर सिंह यादव, रविंद्र यादव, वी के यादव, अमित कठेरिया, जिलाध्यक्ष सा.प्रकोष्ठ राजेंद्र निराला, गौरव यादव, हुकुम सिंह यादव, ब्रजेंद्र यादव, अवनीश आगवान, कुलदीप जाटव, रोहित जाटव, मान सिंह राहुल टेलर, अंकुर यादव, अनुज यादव, मोहित शाक्य आदि पार्टी के सम्मानित पदाधिकारी शामिल हुए।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व मोटराइज साइकिल का वितरण




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के महिला क्लब, सुहासिनी संघ ने समाज की भलाई की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। सुहासिनी संघ ने विकलांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके सशक्तिकरण के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र (DDRC) का दौरा किया। इस अवसर पर, सुहासिनी संघ ने कई महत्वपूर्ण दान दिए और विकलांग व्यक्तियों के लिए अपने समर्थन का विस्तार किया। अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सरोजा फणि कुमार के नेतृत्व में, सुहासिनी संघ ने एक मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, दो कृत्रिम अंग और एक श्रवण यंत्र दान किए, जिससे विकलांग व्यक्तियों को सीधे लाभ हुआ। इसके अलावा, क्लब ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सामाजिक गतिविधियों को सहयोग देने के लिए 50,000 का दान भी दिया। इस दौरे के दौरान उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) सारिका चतुर्वेदी, इंचार्ज वेलफेयर(सुहासिनी संघ) त्रिवेणी पाला, महासचिव (सुहासिनी संघ) शिल्पा कोहली एवं अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने, जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र (DDRC) के विभिन्न विभागों का भ्रमण करते हुए विकलांग व्यक्तियों से मिले और उनके साथ संवाद किया।

# जिला पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की हो उच्च स्तरीय जांचः सांसद



**जांच न होने पर सड़क से संसद तक उठाई जाएगी आवाज**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल खरवार ने बुधवार को आयोजित बोर्ड के बैठक खत्म होने के बाद मीडिया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि जिला पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों मैं बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्षा को डमी बताया और कहा कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा चलाया जा रहा है वही श्री खरवार ने बताया कि जिला पंचायत के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और जिला पंचायत अध्यक्षा को डमी बताया है। वहीं सांसद छोटेलाल खबर ने बताया कि जिला पंचायत के द्वारा कराए गए 2021 से अब तक के समस्त कार्यों की सूची, समस्त जिला पंचायत सदस्यों को उपलब्ध कराया जाए एवं समस्त कार्यों की उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराया जाए। जब सभी कार्यों का जांच कराया जाएगा तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। अतः उपरोक्त विषयो पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए, कमेटी बनाकर उच्च स्तरीय जांच कराया जाए एवं संबंधित सभी जिला पंचायत सदस्यों के क्षेत्र में बराबर नियमानुसार कार्य कराया जाए तथा हर विभाग में भी स्थानीय सांसद का शिलापट्ट लगाया जाए, ऐसा आदेश किया जाए। उधर इस मामले में जिला पंचायत एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी की भी औकात नहीं है जो भ्रष्टाचार कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी भ्रष्टाचार करेगा, वह जेल जाएगा।

# एनसीएल निगाही परियोजना में संपन्न हुई अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

**खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने हेतु प्रतिबद्ध एनसीएल : मनीष कुमार**




**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को एनसीएल की निगाही परियोजना में अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 सम्पन्न हुई। 20 से 21 जनवरी, 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 496 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिस्पर्धा के दौरान पुरुष एवं महिला वर्ग में विभिन्न श्रेणियों जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10,000 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलीन थ्रो, हैमर थ्रो, हाइ जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, रिले रेस, तीरंदाजी , पिचर रेस एवं पोल वौल्ट में मैच खेले गए। समापन समारोह के दौरान निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि एवं श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय यादव, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर द्विवेदी, एचएमएस से बी.एन. सिंह, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं महाप्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण) प्रमोद कुमार सिन्हा, महाप्रबन्धक (विद्युत एवं यान्त्रिकी), निगाही रणधीर सिंह, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स, परियोजना जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी एवं खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने की एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी से शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु खेल-कूद को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु आह्वान किया। इस प्रतिस्पर्धा के दौरान ओवरऑल चैंपियनशिप में जयंत टीम विजेता एवं अमलोरी और मुख्यालय की टीम उपविजेता रहे। इंडिविजुअल चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में यश वर्मा (मुख्यालय) तथा महिला वर्ग में तृप्ति पुरी (अमलोरी) ने विजेता खिताब अपने नाम किया। अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग 100 मीटर रेस में यश वर्मा (मुख्यालय) प्रथम, हर्ष शर्मा (मुख्यालय) द्वितीय, अभिमन्यु (जयंत) तृतीय एवं महली कच्छप (सीडबल्यूएस) चतुर्थ स्थान पर रहे। इसी क्रम में 200 मीटर रेस में यश वर्मा (मुख्यालय) पहले , हर्ष शर्मा (मुख्यालय) दूसरे एवं विनोद विश्वकर्मा (जयंत) तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में श्री महली कच्छप (सीडबल्यूएस) ने पहला, विजय कुजूर (ककरी) ने दूसरा, ईश्वर वैश्य (मुख्यालय) ने तीसरा तथा श्याम लाल (जयंत ) ने चौथा स्थान हासिल किया। इसी कड़ी में 800 मीटर दौड़ में जगत वैश्य (जयंत) ने प्रथम, जितेंद्र कुमार (दूधीचुआ) द्वितीय एवं विजय कुजूर (ककरी) तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में जगत वैश्य (जयंत) ने पहला, जितेंद्र कुमार (दूधीचुआ) ने दूसरा एवं मनदीप सिंह (जयंत) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5000 मीटर दौड़ के दौरान जगत वैश्य (जयंत) ने प्रथम, स्वामी सन्मुख (निगाही) ने द्वितीय एवं दीपक पुनिया (बीना) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इसी क्रम में 10,000 मीटर रेस में जगत वैश्य (जयंत) पहले, प्रमोद कुमार (कृष्णशिला) दूसरे एवं स्वामी सन्मुख (निगाही) तीसरे स्थान पर रहे। 110 मीटर/हर्डेल रेस में रणजीत शुक्ला (दूधीचुआ) विजेता एवं श्याम लाल (जयंत) तथा मनीष कुमार (जयंत) उप-विजेता बने। 400 मीटर/हर्डेल रेस में हर्ष शर्मा (मुख्यालय) पहले स्थान पर, रणजीत शुक्ला (दूधीचुआ) दूसरे एवं श्याम लाल (जयंत) तीसरे स्थान पर रहे। शॉटपुट (पुरुष वर्ग) में संजय यादव (दूधीचुआ) विजेता, आशीष कुमार (दूधीचुआ) एवं संजय कुमार (जयंत) उपविजेता रहे। इसी कड़ी में डिस्कस थ्रो में आशीष कुमार (दूधीचुआ) प्रथम, संजय कुमार (जयंत) द्वितीय एवं संजय यादव (दूधीचुआ) तृतीय स्थान पर रहे। जैवलीन थ्रो में जय भारत भारती (अमलोरी) से विजेता, एकलव्य प्रताप सिंह (दूधीचुआ) एवं तनुज कुमार (दूधीचुआ) उपविजेता बने। इसी तरह हैमर थ्रो में आशीष कुमार (दूधीचुआ) ने पहला, जसबीर सिंह (खड़िया) ने दूसरा एवं विजय कुमार दुबे (अमलोरी) ने तीसरा स्थान हासिल किया। हाइ जंप के दौरान रिंकू (निगाही) प्रथम , यश वर्मा (मुख्यालय) द्वितीय एवं जय भारत भारती ( अमलोरी) तृतीय स्थान पर रहे। लॉन्ग जंप में यश वर्मा (मुख्यालय) पहले, हर्ष शर्मा (मुख्यालय) दूसरे एवं तेज प्रताप (ब्लॉक-बी) तीसरे स्थान पर रहे। ट्रिपल जंप में यश वर्मा (मुख्यालय) विजेता, अभिमन्यु (जयंत) एवं तनुज कुमार (दूधीचुआ) उपविजेता रहे। पोल वौल्ट में बृजेश कुमार सिंह (कृष्णशिला) प्रथम, एम. एन . तिवारी द्वितीय एवं राजेश कुमार सिंह (निगाही) तृतीय स्थान पर रहे। तीरंदाजी में अरबिन्द भुईया (निगाही) विजेता तथा जय प्रकाश राम (निगाही) एवं जस्टिन मींज उपविजेता बने।

## मुख्यमंत्री पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित 'उत्तरायणी कौथिग-2025' में सम्मिलित हुए

# 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना हो रही साकारः योगी

**ऐसे आयोजनों से लोक संस्कृति, लोक परम्परा, लोक साहित्य,लोक गायन, लोक कथा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही और प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निवास कर रहे उत्तराखण्ड से जुड़े लोग अपने पर्व, त्योहारों और अपनी विरासत को इन आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ा रहे**

अवधनामा ब्यूरो

■ उ0प्र0 व देश के विकास में पर्वतीय समाज की बड़ी भूमिकाः सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित 'उत्तरायणी कौथिग-2025' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से लोक संस्कृति, लोक परम्परा, लोक साहित्य, लोक गायन, लोक कथा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही है और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना साकार हो रही है। हम सभी को देश के विकास के लिए व सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौथिग पर्व भगवान सूर्य के उत्तरायण में जाने के साथ प्रारम्भ होता है। पर्वतीय महापरिषद द्वारा यह पर्व 14 जनवरी से 23 जनवरी, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड से जुड़े पर्वतीय समाज के लोग श्रद्धाभाव के साथ इस पर्व में सम्मिलित होते हैं। विगत दो दशक से अधिक समय से पर्वतीय महापरिषद द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में निवास कर रहे उत्तराखण्ड से जुड़े लोग अपने पर्व, त्योहारों और अपनी विरासत को इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ा रहे हैं। हम अपनी समृद्ध विरासत को विस्मृत नहीं कर सकते। विरासत के दो रूप हैं। प्रथम रूप में हम अपने पर्व और त्योहारों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं तथा दूसरे रूप में हम अपने अमर शहीदों का स्मरण करते हैं। महापुरुषों की जयन्ती पर या किसी अन्य विशिष्ट घटना को केंद्र में रखकर विभिन्न आयोजनों के साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरायणी कौथिग पर्व में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। अलग-अलग तबके व विभिन्न आयु वर्ग के लोग इन प्रतियोगिताओं से जुड़ते हैं। इसके साथ ही, पर्वतीय समाज से जुड़ी विभूतियों को सम्मानित करने का कार्य भी किया जाता है। भगत सिंह कोश्यारी का यहां सम्मान किया गया। कोश्यारी ने महाराष्ट्र में राज्यपाल व उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी विभिन्न कार्य किये। कोश्यारी अपनी सहजता व सरलता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन मातृभूमि के लिए समर्पित किया है। कार्यक्रम में सैनिकों को और उनके परिवारों को भी सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश व देश के विकास में पर्वतीय समाज की बड़ी भूमिका है। उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारतरत्न पं0 गोविंद बल्लभ पंत उत्तराखण्ड में पैदा हुए थे। वह एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह देश के गृह मंत्री बने। स्व0 हेमवती नंदन बहुगुणा का सम्बन्ध भी उत्तराखण्ड से था। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। नारायण दत्त तिवारी उत्तराखण्ड की देन हैं, जिन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में विकास का एक विजन दिया। ऐसी अनेक विभूतियां उत्तराखण्ड ने देश को दी हैं।

# भिक्षुओं के पुनर्वास हेतु सामाजिक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय विभाग भारत सरकार योजना की उपयोजना ' कम्प्रैहेन्सिव रिहैबिलेशन ऑफ पर्सन्स इन्गैज्ड इन द एक्ट ऑफ बेगिंग' हेतु जनपद लखनऊ में भिक्षावृत्ति से जीवन यापन करने वाले भिक्षुओं के समेकित पुनर्वास हेतु प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं /स्वयंसेवी संस्थाओं से कतिपय शर्तों के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। संस्था का चयन गठित समिति द्वारा आर.एफ.पी. में अंकित दिशा-निर्देश/गाइडलाइन के अनुरूप नियमानुसार किया जायेगा। यह जानकारी निदेशक समाज कल्याण विभाग, कुमार प्रशांत ने दी। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित संस्था को इस कार्य का पर्याप्त अनुभव (न्यूनतम दो वर्ष) होना चाहिये। न्यूनतम 250 भिक्षुकों को पुनर्वासित करने के आशय का साक्ष्य आवेदनकर्ता संस्था का अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। साथ ही सामाजिक संस्था/स्वयंसेवी संस्था को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत रजिस्टर होना चाहिये। आवेदन करने वाली संस्था का पूर्व के दो वर्ष का औसत वार्षिक टर्नओवर 50 लाख रू0 होना चाहिए। निदेशक, समाज कल्याण ने बताया कि आवेदन करने वाली संस्था को अपने प्रस्ताव के साथ 1.00 लाख रू0 की बैंक गारण्टी/एफ.डी.आर. जो कि निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के नाम होगी, बंधक के रूप में संलग्न करनी होगी। बैंक गारण्टी/एफ.डी.आर. न संलग्न करने की दशा में आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

# महाकुंभ में अतिशीघ्र शुरू होगी एक और हेलीकाप्टर सेवा



■ ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने कराया ट्रायल, बोट क्लब के पास से भरेगा उड़ान

■ उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने के लिए विभिन्न

■ गतिविधियां शुरू की गयी है : जयवीर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की ओर से शीघ्र हेलीकाप्टर सेवा भी शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। श्रद्धालु आसमान की उंचाइयों से महाकुंभ के दर्शन के साथ-साथ राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिचित होंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज्म को शिखर पर पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ज्वाय राइड का आनंद देने के लिए पहले से एक हेलीकाप्टर संचालित किया जा रहा है। पर्यटकों की रुचि को देखते हुए ईको टूरिज्म डेवलमेंट बोर्ड ने एक समझौत किया है। अतिशीघ्र एक और हेलीकाप्टर सेवा शुरू की जाएगी, जिसका ट्रायल हो चुका है। यह सेवा महाकुंभ नगर में बोट क्लब के पास स्थित हेलीपोर्ट से संचालित होगी। पर्यटक 1296 रुपये में 7-8 मिनट तक भ्रमण करेंगे। इसकी बुकिंग बोर्ड की वेबसाइट ूण्नचमबवइवंतकण्पद से की जा सकती है। हेलीकाप्टर में उड़ान के साथ ही प्रदेश के महत्वपूर्ण ईको साइट्स के बारे में विभिन्न माध्यमों से पर्यटकों को बताया जाएगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश धार्मिक आध्यात्मिक रूप से जितना महत्वपूर्ण है उतना ही प्राकृतिक रूप से भी। भारत के स्वीट्जरलैंड के नाम से विख्यात सोनभद्र, जहां पर 1400 मिलियन वर्ष पुराना सलखन फासिल्स पार्क जैसे कई आकर्षण हैं। रानी टाइगर रिजर्व, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व सहित अनेकों आकर्षण हैं जो तीर्थ नगरी से मामूली दूरी पर स्थित है। ईको टूरिज्म बोर्ड की ओर से महाकुंभ में 3250 वर्गफीट में लगाई प्रदर्शनी में इन सभी आकर्षणों को प्रदर्शित किया जा रहा है। ताकि पर्यटक इन स्थानों पर भी भ्रमण के लिए आकर्षित हों। प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए ईको टूरिज्म सेल्फ़ी पॉइंट्स, वर्चुअल रियलिटी डोम, ईकोटूरिज्म डेस्टिनेशंस एवं ईकोटूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा। ईकोटूरिज्म से संबंधित विभिन्न हितधारकों द्वारा प्रचार, प्रसार एवं जानकारी प्रदान की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हम पर्यटन स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के लिए हेली सर्विस का संचालन किया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा लखनऊ से 5000 रुपये में पर्यटक दुधवा पहुंच सकते हैं। सड़क मार्ग से जहां 4 घंटे से अधिक समय लगता है वहीं वायुमार्ग से एक घंटे में ही यात्रा पूरी होगी।

# महाकुंभ अग्निकांडः 10 हिरासत में, 117 से पूछताछ



अवधनामा ब्यूरो

■ एनआईए- एटीएस के रडार पर 1000 संदिग्ध

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। इसके बाद यूपी एटीएस और एनआईए अलर्ट हो गई हैं। अब एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। एजेंसियों ने 1000 संदिग्ध लोगों का मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट ट्रेस किया है। सबको नोटिस भी भेजा है। इनमें से 117 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। ये सभी घटना के वक्त महाकुंभ के आसपास मौजूद थे। इनमें से 90 फीसदी लोग गैर हिंदू समुदाय के हैं।

सूत्रों के अनुसार एटीएस ने वाराणसी से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा, एटीएस ने मेला क्षेत्र के 600 सीसीटीवी खंगाले हैं। इन फुटेज को फिल्टर किया है। इसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दिए हैं। इनकी शिनाख्त के लिए 8 टीमों को लगाया गया है। एटीएस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार जैसे कई राज्यों की पुलिस को संदिग्धों के इनपुट भेजे हैं। एटीएस की आईटी विंग ने सोशल मीडिया पर प्रयागराज, महाकुंभ और गैर-हिंदू समुदाय के टाइटल डालकर सर्च किया। इस दौरान ऐसे 1000 लोग सामने आए, जिन्होंने 19 जनवरी को कुंभ क्षेत्र के वीडियो पोस्ट किए। कुंभ की लोकेशन बताई और वहां होने वाली गतिविधियां दिखाई।

इसी आधार पर प्रदेशभर में ऐसे लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है। अलग-अलग जिलों में एटीएस इन लोगों से पूछताछ कर रही है। जिनसे पूछताछ हो चुकी है, उन्हें शहर न छोड़ने को कहा गया है। किसी प्रकार की संदिग्धता होने पर उन्हें फिर से बुलाया जाएगा।

## विश्व को अगर मैनेजमेंट का पाठ सीखना है तो कुम्भ में आयेः स्वामी धरणीधराचार्य



जगद्गुरु श्री स्वामी देवनायकाचार्य जी महाराज का बाड़ा के श्री श्री 1008 श्री स्वामी धरणीधरा चार्य जी महाराज घाटकोपर मुंबई वाले महाराज ने कहा की देश में संप्रदायभेद, जातिपति भेद और प्रान्त भेद दूर होना चाहिए तब जाके एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। भारत देश ने जितना स्थान जगतगुरु शंकराचार्य को दिया उतना ही स्थान डॉ. भीमराव अम्बेडकर साहब को भी दिया है। इस लिए सामंत काल में जो मनुवाद और अम्बेडकरवाद के बीच जो विरोधाभास चल रहा है उसे दूर करके मनुष्य की योग्यता के अनुसार हर व्यक्ति को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया की 2025 का महा कुम्भ मेला जो गंगा,जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम लगा वो सिर्फ तीन नदियों का ही नहीं है अपितु ये संगम स्वछता, सुरक्षा और सुन्दर व्यवस्था का संगम है। भव्यता दिव्यता और डिजिटल का संगम है। समानता, आजीविका और सांस्कृतिक धरोहर का संगम है। ज्ञानयोग, भक्तियोग और निष्काम कर्म योग का भी संगम है। साथ ही भज़न, भोजन और साधना का भी संगम है और धर्मसत्ता, राजसत्ता और लोक सत्ता का भी संगम है। ये संगम आध्यात्मिक प्रयोग भी है। विश्व को अगर मैनेजमेंट का पाठ सीखना है तो यहाँ आकर देखना चाहिए। यहाँ इवेंट मैनेजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट और सिक्योरिटी मैनेजमेंट कैसे किया जाता है उसका ये प्रयोगात्मक उदाहरण है।

स्वामी धरणीधराचार्य जी महाराज के भारतवर्ष में तीन आश्रम हैं जिनमे घाटकोपर मुंबई, हीरागंज कटनी मध्य प्रदेश और नारायण पुर सुल्तानपुर में स्थित हैं जिसने ये निरंतर धर्म और कर्म के अनुष्ठान कर रहे हैं।

## कुम्भ भव्य, दिव्य और डिजिटल अपने आप में त्रिवेणी संगम हैः राहुल दास जी महाराज



**महाकुम्भ नगर।** श्री वैष्णो भाग्य नगर खालसा हैदराबाद तेलंगाना से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी राहुल दास महाराज ने आज एक भेट वार्ता में कहा की देश में संप्रदायभेद, जातिपति भेद और प्रान्त भेद दूर होना चाहिए। तब जाके एक अच्छे समाज का निर्माण होगा। भारत देश ने जितना स्थान जगतगुरु शंकराचार्य को दिया उतना ही स्थान डॉ. भीमराव अम्बेडकर साहब को भी दिया है। इस लिए सामंत काल में जो मनुवाद और अम्बेडकरवाद के बीच जो विरोधाभास चल रहा है उसे दूर करके मनुष्य की योग्यता के अनुसार हर व्यक्ति को सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने बताया की 2025 का महा कुम्भ मेला जो गंगा,जमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम लगा वो सिर्फ तीन नदियों का ही नहीं है अपितु ये संगम स्वछता, सुरक्षा और सुन्दर व्यवस्था का संगम है भव्यता दिव्यता और डिजिटल का संगम है। स्वामी राहुल दास जी महाराज का मूल आश्रम श्री रामचंद्र जी मठ लंगर हाउस हैदराबाद में स्थित है।

# 25 को जय बापू, जय भीम-जय संविधान मार्च निकालेगी कांग्रेस



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी 25 जनवरी को जय बापू, जय भीम-जय संविधान मार्च निकालेगी। मार्च कैसरबाग स्थित शहीद स्मारक से निकल कर चौक स्टेडियम पहुंच कर सम्पन्न होगा। यह निर्णय बुधवार को निवर्तमान शहर कमेटी की बैठक में लिया गया। शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम ने बताया कि कार्यक्रम के तहत शहर के हर वार्ड में मार्च का आयोजन किया जाएगा। 26 जनवरी 2025 से लेकर 26 जनवरी 2026 तक लगातार भारत के गौरवपूर्ण संविधान की चर्चा लखनऊ के गली-गली और मोहल्ले-मोहल्ले में की जाएगी। मार्च का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के भारत के संविधान को कमजोर करने के प्रयास को विफल करना है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता तक इस बात को पहुंचाने का प्रयास करेगा और भाजपा सरकार की दलित विरोधी विचारधारा का भी प्रचार-प्रसार करेगा। बैठक में राजेन्द्र पाण्डेय, किश्वर जहां, अजय वर्मा, अभय सिंह एडवोकेट, आर.बी. एडवोकेट, फखरुल इस्लाम, रईस अहमद, संजय श्रीवास्तव, शाहिद अली, मोहम्मद शकील, मनीष जायसवाल, विनोद रावत, मोहसिन अली, इरफानउल्लाह, अय्यूब सिद्दीकी, रजनेश शुक्ला, नीरज श्रीवास्तव, गोपाल कृष्ण चौधरी, मोहम्मद तारिक सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## शाही बावर्चीखाने के संरक्षण को दिया ज्ञापन



**लखनऊ।** अफ्हाम-ए-जमा सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट के अधीन हुसैनाबाद के छोटे इमामबाड़े स्थित शाही बावर्चीखाने के संरक्षण को लेकर ट्रस्ट प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सोसाइटी के अध्यक्ष अली मीसम नकवी एडवोकेट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ट्रस्ट प्रभारी व सचिव एडीएम पूर्वी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही बावर्चीखाने की मरम्मत कराने की मांग की गयी है, जिससे मोहर्रम में ट्रस्ट की ओर से मजलिसों के बंटने वाले तबर्रुक को शाही बावर्चीखाने में तैयार कराया जा सके। प्रतिनिधिमंडल में नवाब मसूद अब्दुल्लाह, जुल्किफल रिजवी सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# तीन दिवसीय पेंटिंग वर्कशाप का आयोजन

**जनजातीय गौरव वर्ष**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत सरकार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मना रही है। इस कड़ी में, आरडीएसओ में 15 नवंबर 2024 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से समारोहों की शुरुआत की गयी थी। समारोहों की इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 22.01.2025 को आरडीएसओ में तीन दिवसीय पेंटिंग वर्कशाप का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के सौजन्य से किया गया है, जिसमें जनजातीय कला एवं संस्कृति के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय योगदान को उजागर किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन प्रसिद्ध कलाकार राजीव मिश्रा, अमर नाथ दुबे, पीसीपीओ /आरडीएसओ और ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्दा शुक्ला द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश के विभिन्न कोनों से आए 20 कलाकार भाग ले रहे हैं। इस कार्यशाला में बनाई गई कलाकृतियां 24 जनवरी को आरडीएसओ के लेक पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदर्शित की जायेंगी द्य समारोह में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान के सौजन्य से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एक विशेष व्याख्यान का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें पद्मश्री अशोक भगत, सचिव/विकास भारती, मुख्य वक्ता होंगे। वे जनजातीय समाज के योगदान और राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे।

# एलडीए ने शहर के कई इलाकों में की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को गोसाईगंज में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान प्राधिकरण अधिकारियों ने लगभग 50 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 4 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुधीर सिंह व अन्य की ओर से सुल्तानपुर रोड स्थित ग्राम मलौली में लगभग 12 बीघा क्षेत्रफल, राजदेव सिंह व अन्य की ओर से ग्राम मलौली में लगभग 15 बीघा, मनीष सिंह, प्रदीप सिंह व तक्ष पैराडाइज प्रा. लि. की ओर से गोसाईगंज में बाराबंकी रोड पर मौजा सराय कारोरा में भूमि खसरा नम्बर-438 पर लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में तक्ष सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विहित न्यायालय के आदेश पर तीनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि रमेश चन्द्र व अन्य की ओर से गोसाईगंज के पहाड़नगर टिकरिया में रेलवे क्रासिंग के पास लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विहित न्यायालय के ध्वस्तीकरण के आदेश पर स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल और साइट ऑफिस को ध्वस्त कराया गया।

## जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल

**लखनऊ।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन की बेटी जनाबे सकीना के जन्मदिन की खुशी पर इदारए मकसदे हुसैनी की ओर से ठण्ड के मौसम में सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। ट्रामा सेंटर सहित पुराने लखनऊ के अन्य स्थानों पर संस्था की ओर से फुटपाथ और सड़क किनारे ठण्ड में कंपकंपा रहे लोगों को कम्बल वितरित किये गये। संस्था के मौलाना शाहिद हुसैनी और भाजपा नेता हैदर अब्बास चांद ने अन्य पदाधिकारियों के साथ जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये। संस्था ने दावा किया कि अब तक संस्था की ओर से ढाई हजार कम्बल जरूरतमंदों को वितरित किये जा चुके हैं।

# यूसीसीः गोगोई ने गुमराह करने का किया प्रयासः शाहनवाज

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस सचिव शाहनवाज आलम ने यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने के संबंध में पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई के बयान को गुमराह करने वाला बताया है। श्री आलम ने कहा कि रंजन गोगोई को अपने किसी सकारात्मक न्यायिक रिकार्ड के बजाए सरकार को खुश करने के लिए आस्था के आधार पर फैसले देने के लिए याद किया जाता है। यूसीसी पर उनका बयान भी अगले साल पूरा हो रहे राज्यसभा कार्यकाल को बढ़ाने के लिए सरकार को खुश करने का प्रयास है। श्री आलम ने एक बयान में कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने 2 दिसम्बर 1948 को संविधान सभा के भाषण में कहा था कि यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने के बारे में सोचने वाली कोई भी सरकार पागल ही कही जाएगी। सहमति प्रदान करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार बाबा साहब के विचारों का सम्मान करती है तो यूसीसी को लागू करने के लिए सबसे पहले अपने समर्थकों से सहमति पत्र भरवाती और उनकी स्वेच्छा से लागू करती, जिसके बाद दूसरे लोग भी इस पर अपनी राय बनाते। लेकिन भाजपा सरकार बाबा साहब के विचारों के खिलाफ जाकर इसे सबके लिए अनिवार्य बनाना चाह रही है। श्री आलम ने कहा कि रंजन गोगोई ने यूसीसी के पक्ष में गुमराह करने वाली बात कही कि गोवा में 1867 से लागू पुर्तगाल सिविल कोड अच्छे ढंग से काम कर रहा है। हकीकत यह है कि खुद गोवा के लोग इसे गलत मानते हैं, क्योंकि हिन्दू महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। इसके अनुसार अगर कोई हिन्दू पत्नी 21 साल की उम्र तक बच्चे को जन्म नहीं देती या 30 की उम्र तक लड़के को जन्म नहीं देती तो पति दूसरा विवाह कर सकता है। इस कानून की तरह ही आरएसएस महिलाओं को बच्चे पैदा करने की मशीन मानता है और उसमें भी पुत्र के जन्म पर उसका जोर अधिक रहता है। इसी विचार के तहत जनसंघ के लोग पहले जिसके बच्चे हों दस-बीस, उसकी मदद करें जगदीश जैसे नारे लगाते थे। श्री आलम ने कहा कि यूसीसी मुद्दे पर सरकार को 21वें लॉ कमीशन की रिपोर्ट मानना चाहिए, जिसमें इसे विविधता विरोधी और गैर जरूरी बताया गया था।

# संवाद सामाजिक संस्थान ने नीति आयोग और एवीए की साझेदारी का किया समर्थन

■ लखनऊ को बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र (एस.ओ.आई) पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए संवाद सामाजिक संस्थान के सचिव अतुल तिवारी ने कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे जनपद लखनऊ, बाराबंकी, प्रतापगढ को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।